राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 242
लखनऊ, गुरुवार 24 अप्रैल 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी में इको फ्रेंडली डिजिटल विज्ञापन को प्रोत्साहन, होगी राजस्व में वृद्धि 03

दुनिया देखेगी आतंकियों को भारत का जवाब : राजनाथ सिंह 12

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट मीटिंग में पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए पांच अहम फैसले

# सख्ती : भारत ने रोका सिंधु जल समझौता

- पाक नागरिकों का वीजा तत्काल प्रभाव से रदद
- पाक में भारतीय व भारत में भी पाक दूतावास बंद
- अटारी बॉर्डर से आवाजाही की गई बंद
- 48 घंटे में भारत छोड़ें पाकिस्तानी

- हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद

एजेंसी



**नई दिल्ली/श्रीनगर।** पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट की मीटिंग हुई। पीएम आवास पर मोदी की अध्यक्षता में ढाई घंटे बैठक हुई। इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएस अजीत डोभाल समेत कई अफसर मौजूद रहे। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाएं हैं।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट की मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं। सिंधु जल समझौता रोक दिया है। अटारी बॉर्डर से आवाजाही बंद कर दी गई है। पाकिस्तानियों का वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द। 48 घंटे में देश छोड़ें। पाकिस्तान में भारतीय दूतावास बंद और भारत में भी पाकिस्तानी दूतावास बंद। 7 दिन में देश छोड़ें पाकिस्तानी राजनायिक। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं। सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

उधर, पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला। पहलगाम हमले में 28 लोगों की मौत हुई है। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। पहलगाम हमले में दो लोकल तीन पाक आतंकी शामिल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और यूएई के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए। इधर, सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे।

**सुरक्षा बलों ने कई लोगों को लिया हिरासत में**

### सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दिल दहलाने वाले आतंकवादी हमले के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें अधिक पर्यटकों वाले स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के लिए केंद्र के अलावा संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की है।

### मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख की सहायता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 10 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। सरकार ने पीड़ितों को उनके घरों तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि निर्दोष नागरिकों के खिलाफ बर्बर और मूर्खतापूर्ण क्रूरता का समाज में कोई स्थान नहीं है। कोई भी धनराशि प्रियजनों के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती है, लेकिन समर्थन और एकजुटता के प्रतीक के रूप में जम्मू-कश्मीर सरकार मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2-2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों के लिए 1-1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### हमले में सुरक्षा एजेंसियों ने तीन लोगों के स्केच किए जारी



**श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार को तीन लोगों के स्केच जारी किए जिनपर पहलगाम के पास हुए आतंकी हमले में शामिल होने का संदेह हैं। इस हमले में 27 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। अधिकारियों ने बताया कि इन लोगों के नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा हैं। तीनों आतंकवादियों के कोड नाम भी थे मूसा, यूनुस और आसिफ और ये पुंछ में हुई आतंकी घटनाओं में भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि स्केच जीवित बचे लोगों की मदद से तैयार किए गए हैं। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने मंगलवार दोपहर को हुए हमले की जिम्मेदारी ली।

### पहलगाम हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट

**विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी संवेदनशील जिलों, अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में आतंकी व अन्य संगठनों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाये। इसके अलावा रेल, सड़क व हवाई यातायात पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, पूर्व में प्रकाश में आए असामाजिक, राष्ट्र विरोधी तत्वों पर विशेष नजर रखने, पर्यटकों की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने, विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर रखने, नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों व बस-रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गये हैं। डीजीपी ने महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों विशेषकर अयोध्या, काशी, मथुरा, ताजमहल आदि की सुरक्षा निर्धारित वच के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने शोक जताते हुए कहा पहलगाम में हुए इस कायरतापूर्ण हमला अक्षम्य और घोर निंदनीय है उन्होंने दु:ख की घड़ी में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति शोक संवेदनाएं जताते हुए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवगंत पुण्यात्माओं को सद्गति एवं घायलों को शीघ्र स्वस्थ्य लाभ प्रदान करें।

### पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर को बताया अवैध कब्जा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर आज जहरबुझी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस पर बयान जारी किया है। विदेश मंत्रालय का यह बयान पाकिस्तान के लगभग सभी बड़े अखबारों की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बयान में यह भी टिप्पणी की गई है कि पहलगाम भारतीय अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के अनुसार पाक के विदेश मंत्रालय का यह बयान भारतीय अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में हुई घटना के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में आया।

## संक्षिप्त समाचार

### कटरा से नई दिल्ली के लिए रवाना होगी विशेष ट्रेन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में फंसे हुए यात्रियों की सहायता और अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कटरा से नई दिल्ली तक एक विशेष ट्रेन सेवा शुरू की है। टिकटें कटरा, उधमपुर और जम्मू स्टेशनों से काउंटर पर उपलब्ध होंगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बुधवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जम्मू-कश्मीर से लौट रहे पर्यटकों और यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा देने के लिए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इस श्रृंखला में पहली ट्रेन रेलगाड़ी संख्या 04612 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से आज रात 9.20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रात 11 बजे जम्मू स्टेशन पर पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 9 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

### कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ मौसम 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्यों में कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी दी है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने किसानों के हित में आंध्र प्रदेश में खरीद अवधि को 90 दिनों से 30 दिन बढ़ाकर 22 मई तक करने को भी मंजूरी दी है। मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद जारी है और 22 अप्रैल तक इन राज्यों में कुल 3.92 लाख टन अरहर की खरीद की गई है, जिससे इन राज्यों के 2,56,517 किसान लाभान्वित हुए हैं। अरहर की खरीद नैफेड के ई-समृद्धि पोर्टल और एनसीसीएफ के ई-संयुक्ति पोर्टल पर पूर्व पंजीकृत किसानों से भी की जाती है। मंत्रालय के अनुसार सरकार किसानों से एमएसपी दर पर अरहर की शत-प्रतिशत खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मैनपुरी में रोडवेज बस पलटी, सात लोग गंभीर

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के दन्नाहार थाना क्षेत्र में बुधवार को एक रोडवेज बस के पलटने से करीब 36 यात्री घायल हो गये जिनमें सात की हालत गंभीर बनी हुयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आगरा से चलकर फर्रुखाबाद जा रही एक बस का टायर घिरोर मैनपुरी मार्ग स्थिति सैनिक स्कूल के समीप अचानक फट गया जिससे चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई।

## उरी में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो घुसपैठिए ढेर

एजेंसी

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया।

यह कोशिश जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमले के एक दिन बाद नाकाम की गई, जिसमें अनंतनाग जिले के पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास एक घास के मैदान में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि दो से तीन अज्ञात आतंकवादियों ने उरी नाला के पास सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश की। एलओसी की सुरक्षा में तैनात सतर्क सैनिकों ने इस प्रयास का पता लगाया और उसे रोक दिया, जिसके बाद गोलीबारी हुई। सेना ने बताया कि भारी गोलीबारी में दो घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा, ÷आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी अन्य सामान बरामद किया गया है।÷ उन्होंने बताया कि घुसपैठ रोधी अभियान जारी है।

### जम्मू-कश्मीर में सेना की मुठभेड़, कुलगाम में छिपे आतंकी, फायरिंग जारी

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। बुधवार शाम को तंगमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा। आतंकी यहां एक घर में छिपे हैं। दोनों ओर से फायरिंग हो रही है। अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर भेजा गया है। यहां भी सर्चिंग जारी है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने 2-3 आतंकियों को घुसपैठ की कोशिश करते देखा था। आतंकियों के पास से बरामद सामान में 2 असॉल्ट राइफल, गोला-बारूद, युद्ध से जुड़ा सामान, कारतूस, पाकिस्तानी करेंसी, चॉकलेट और सिगरेट के पैकेट मिले हैं।

## लखनऊ में ट्रेन पलटाने की साजिश, ट्रैक पर रखा लोहे का दरवाजा

- रेलवेकर्मी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के उतरेटिया इलाके में मंगलवार की देर रात को बक्कास-उतरेठिया स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर लोहे का एक भारी दरवाजा रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश रची गई। इस मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

सुरक्षा एजेंसियां साजिशकर्ताओं के बारे में पता लगाने में जुट गई है। रेलवे कर्मचारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि बक्कास-उतरेठिया स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर कुछ वस्तु रखी हुई है। इससे रेल दुर्घटना की संभावना है।

मामले को संज्ञान लेकर वह गैंगमैन दुर्गेश और टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि पटरी पर एक भारी लोहे का दरवाजा पड़ा है। आशंका है कि ट्रेन पलटाने की सुनियोजित साजिश शरारती तत्वों ने की हैं। आसपास देखने पर पटरियों को जोड़ने वाली पेन्ड्रोल क्लिप भी गायब थीं। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### खंगाले जा रहे हैं आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज

सुशांत गोल्फ थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि बुधवार तड़के 3.45 बजे रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर रेलवे कर्मचारियों की मदद से उसे हटवाया गया। रेलवे के कर्मचारियों से पता चला है कि इससे पहले एक ट्रेन यहां से गुजरी गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। जब इसकी जानकारी हुई तो कुछ ट्रेनों को यथास्थान रोक दिया गया। जांच के बाद पटरी सही पाये जाने पर कर्मचारियों की निगरानी में ट्रेनों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मी अनिल की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, शीघ्र खुलासा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रहीमाबाद के पास रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का टुकड़ा रखा मिला था। इन दोनों घटनाओं को संज्ञान में लेकर लोकल एजेंसी ने भी जांच शुरू कर दी है।

## यूपी में 15 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

- सात जिलों के कप्तान भी बदले

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 15 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। इनमें सात जिलों के पुलिस कप्तान व दो पुलिस उप महानिरीक्षक शामिल हैं।

तबादलों के क्रम में आलोक प्रियदर्शी को अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था कमिश्नरेट गाजियाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले वह फतेहगढ़ का प्रभार संभाल रहे थे। अभिषेक यादव को पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के पद से हटाकर पीलीभीत का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। उनकी जगह प्रशांत वर्मा को पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज का प्रभार मिला है। पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक रहे अविनाश पांडेय को सेनानायक प्रथम बटालियन एसएसएफ लखनऊ भेजा गया है। आरती सिंह को पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ बनाया गया है। इससे पहले वह पुलिस कमिश्नरेट कानपुर में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात थीं। पुलिस मुख्यालय में तैनात रोहित मिश्रा को पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के पद पर नई तैनाती मिली है। झांसी में तैनात पुलिस उप महानिरीक्षक/एसएसपी सुधा सिंह को पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात पुलिस उपायुक्त प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस अधीक्षक महोबा बनाया गया है। पूजा यादव को सेनानायक 45वीं बटालियन पीएसी अलीगढ़, बीबीजीटीएस मूर्ति एसपी कानपुर देहात को झांसी जिले का एसएसपी बनाया गया है। अरविंद मिश्रा को कानपुर देहात का पुलिस कप्तान बनाया गया है। सीतापुर के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा को एसपी एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ बनाया है। अमित द्वितीय को सेनानायक 24वीं बटालियन पीएसी मुरादाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। बांदा में एसपी रहे अंकुर अग्रवाल सीतापुर के नए एसपी बने हैं। वहीं पलाश बंसल को बांदा का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी का कानपुर दौरा स्थगित

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुरुवार, 24 अप्रैल को कानपुर के लिए होने वाला दौरा स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला पहलगाम हमले को लेकर किया गया है। पीएमओ कार्यालय ने प्रधानमंत्री के दौरे को स्थगित करने की जानकारी कानपुर प्रशासन को भेज दी है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि प्रधानमंत्री का दौरा स्थगित कर दिया गया है।उधर कानपुर की भाजपा कमेटी ने भी सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। प्रधानमंत्री गुरुवार को कानपुर आने वाले थे। इस दौरान उनके द्वारा करीब 20 हजार करोड़ की विभिन्य योजनाओं व परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया जाना था।

## राज्य सरकार की उपलब्धियों का जन-जन तक होगा प्रचार : सूचना निदेशक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के नव नियुक्त निदेशक विशाल सिंह ने बुधवार को निदेशक सूचना का पदभार ग्रहण किया। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग शासन की नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सेतु का कार्य कर रहा है।

अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करेगें। जिससे राज्य सरकार की उपलब्धियों का जन-जन तक व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना निदेशालय में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। विशाल सिंह ने विभागीय कार्यों की वर्तमान स्थितियों की जानकारी लिया और आगामी कार्यों की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श कर जरूरी निर्देश भी दिये।

### सपा विधायक जाहिद बेग उनके बेटे व पत्नी की जमानत अर्जी पर सुनवाई छह मई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा विधायक जाहिद बेग, उनके बेटे व उनकी पत्नी की जमानत अर्जी पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए छह मई की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ मामले की सुनवाई कर रही है। बता दें कि, 9 सितम्बर 2024 को विधायक के घर पर एक नाबालिग नौकरानी मृत मिली थी। भदोही थाने के एएसआई ने सपा विधायक जाहिद बेग, उनकी पत्नी सीमा बेग व बेटे नईम बेग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। नाबालिग से मजदूरी कराने और आत्म हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था।

## भारत के विरुद्ध पाक जिहादियों को कठोरतम जवाब देना जरूरी : विहिप

समृद्धि न्यूज

- 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का हो रहा दुस्साहस

**कानपुर।** अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश हो। यह बातें बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री राजू पोरवाल ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई भीषण आतंकी घटना की निंदा करते हुए कही।

प्रांत मंत्री ने कहा कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के पैंट उतारकर, कलमा पूछकर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है।

यह साफ दिखाई दे रहा है कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है। प्रांत मंत्री पोरवाल ने कहा कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद हैं जो पाकिस्तान के इशारे पर कभी भी आतंकवाद के इन घृणित घटनाओं को करने के लिए तत्पर रहते हैं।

भ्रमण

उपराष्ट्रपति ने विजिटर बुक में ताजमहल को वास्तव में बताया अद्भुत

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने परिवार संग किया ताजमहल का दीदार

समृद्धि न्यूज



**आगरा।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पत्नी उषा और बच्चों के साथ आगरा पहुंचे। ताजमहल का दीदार किया। करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ जेडी वेंस ने मोहब्बत की इमारत का दीदार किया। इस दौरान उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि ताजमहल वास्तव में अद्भुत है।

ताजमहल परिसर में पहुंचते ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दी। पत्नी और बच्चों के साथ इस दौरान उन्होंने फोटो खिंचाए। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा व तीन बच्चों के साथ बुधवार सुबह 10.20 बजे ताजमहल देखने पहुंचे। शिल्पग्राम से बैटरी कार में बैठकर वह ताजमहल पहुंचे। यहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ताजमहल में उन्हें गाइड नितिन सिंह ने स्मारक के इतिहास की जानकारी दी। गर्मी को देखते हुए रॉयल गेट में ही उन्हें ताजमहल के इतिहास और उससे जुड़ी जानकारी दे दी गई। डायना बेंच पर परिवार के साथ उन्होंने फोटो सेशन कराया। मुख्य मकबरे में वेंस और उनके परिवार ने पच्चीकारी और वास्तुकला की जानकारी की। वेंस और उनकी पत्नी उषा पहले बच्चों के साथ मुख्य मकबरे में अंदर गए। उषा इतिहास में स्नातक हैं, उन्होंने काफी सवाल पूछे। वेंस को सुरक्षा कारणों की वजह से यमुना किनारे की तरफ नहीं जाने दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा कारणों से इससे इंकार कर दिया।

### सीएम योगी ने फूलों के गुलदस्ते से किया स्वागत

इससे पूर्व बुधवार सुबह खेरिया हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर जेडी वेंस का स्वागत किया। यहां से ताजमहल तक उपराष्ट्रपति के रूट पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच भी सजाए गए थे। मगर, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शोक में सांस्कृतिक आयोजन नहीं किए गए। उपराष्ट्रपति का काफिला जब एयरपोर्ट से निकला, तो बच्चों ने भारत और अमेरिका के झंडे दिखाकर अभिवादन किया।

## नल रिबोर तथा मरम्मत के नाम पर हर माह लाखों की हो रही निकासी

# भीषण गर्मी: पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर विकासखंड की ग्राम पंचायतों में, ग्रामीणों को इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी पीना मुनासिब नहीं हो रहा है, लेकिन वहां के मुलाजिम अधिकारियों से साथ गांठ करके पैसे निकाल लेते हैं, ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार विकासखंड स्तर पर, तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन विभागीय कारस्तानी के चलते ना तो जांच हुई और ना ही नालों का सुधार हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसानगर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दारिगापुर के ग्रामीण बताते हैं कि करीब दो वर्षो से खराब पड़े नालों को ग्राम पंचायत द्वारा रिपेयर तथा रिबोर नहीं कराया गया है, जिस संबंध में



ग्राम पंचायत सचिव राहुल भारती को कई बार अवगत कराया गया, मगर सुधार नहीं हुआ, तब ग्रामीणों द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रार्थना पत्र देकर जिले सहित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन उन शिकायतों को भी नजरअंदाज कर दिया गया, खराब पड़े नालों का सुधार नहीं हो सका, जबकि नल रिबोर तथा मरम्मत के नाम पर हर माह लाखों की धन निकासी होती है, वही जानकारी करने पर पता चला कि अभी 21 फरवरी 2025 को ग्राम पंचायत दारिगापुर से वर्मा मशीनरी स्टोर को 19362 रू, का पेमेंट, ओम एंटरप्राइजेज को 38724 रु,का पेमेंट, तथा जलालुद्दीन मिस्त्री को 28581रु,का पेमेंट दिया गया है, जिसके दो पेमेंट वाउचर लगाए गए है एक पेमेंट वाउचर 19362 का है, वही दूसरा पेमेंट वाउचर 67305 का है, जिसकी कुल रकम 86667 है ! वहीं ग्रामीण बताते हैं समस्या का समाधान न करना फोन ना उठाना यहां के पंचायत सचिव की फितरत है !

वहीं इस संबंध में जानकारी के लिए पंचायत सचिव राहुल भारती को कई बार फोन किया गया, मगर उनका फोन नही उठा। पंचायत सचिव के फोन ना उठाने पर खंड विकास अधिकारी ईसानगर प्रदीप चौधरी से संपर्क किया गया, उनके द्वारा समस्या तथा शिकायत कर्ता को लकड़ी बताते हुए वही ऑफिस में बैठे पंचायत सचिव राहुल भारती को खंड विकास अधिकारी द्वारा तत्काल निर्देशित किया गया अति शीघ्र समस्या का समाधान करते हुए मुझे सूचित करें, साथ ही निर्देशित किया गया फोन उठाना तथा समस्याओं को सुनना तथा उनका समाधान करना भी सुनिश्चित हो, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

# चार घंटे की मशक्कत के बाद घर से निकला तेंदुआ

- वन विभाग की टीम ने ली राहत की सांस
- सल्लियापुरवा गांव में खेतों की रखवाली कर रहे ग्रामीणों में दहशत
- रेंजर बोले- जंगल में खदेड़ा गया है तेंदुआ

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** गोला वन रेंज क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक तेंदुआ खेतों की ओर से भटककर एक ग्रामीण के घर में जा घुसा। चार घंटे तक पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सतर्कता से काम लेते हुए आखिरकार तेंदुए को घर से निकालकर जंगल की ओर खदेड़ा।

### तेंदुआ घर से निकलते ही पास के जंगल की ओर भाग गया, रेंजर ने दी जानकारी

रेंजर संजीव कुमार तिवारी ने बताया, तेंदुआ किसानों द्वारा खेतों की ओर से खदेड़ा गया था, जिससे वह घबराकर जंगल के पास बने एक खाली घर में जा घुसा। हमारी टीम ने स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए तेंदुए को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया है। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

**खाली घर में घुसा तेंदुआ, गांव में मचा हड़कंप:** घटना अलीगंज के निकट सल्लियापुरवा गांव की है, जहां कई ग्रामीण जंगल के समीप अपने खेतों की रखवाली के लिए अस्थायी रूप से घर बनाकर रहते हैं। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने खेतों में तेंदुए को घूमते देखा तो शोर मच गया। डर के मारे कुछ लोग भागे और कुछ दूर से नजर बनाए रखे। उसी दौरान तेंदुआ खेतों के पास बने राममूर्ति नामक किसान के घर में घुस गया। उस वक्त राममूर्ति का परिवार गांव में मौजूद था। ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी तो वह भी मौके पर पहुंचे और तुरंत वन विभाग को सूचित किया।

**चार घंटे की रणनीति, फिर जाकर निकला तेंदुआ:** घटना की गंभीरता को देखते हुए रेंजर संजीव कुमार तिवारी की अगुवाई में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पहले तेंदुए को बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। कई तरह के प्रयासों के बाद अंत में सामूहिक शोर और सावधानी से की गई घेराबंदी के जरिए तेंदुए को बाहर निकाल लिया गया।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर खड़ा करने के विवाद में ताबड़तोड़ हमला, कई लोग घायल, मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** थाना क्षेत्र के गांव लखरावां में ज़मीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। विवाद की शुरुआत खेत के किनारे ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर हुई, जो देखते ही देखते झड़प के बाद मारपीट में तब्दील हो गई। मामले में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लखरावां निवासी हरपाल सिंह पुत्र शीतल सिंह अपने खेत में खाद डालने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। ट्रैक्टर को खेत के किनारे खड़ा करने पर पड़ोसी विपक्षी गण सुक्खा सिंह, देवेन्द्र सिंह, काबल सिंह, जीत सिंह, अंग्रेज सिंह, जगरात सिंह, गुरुमीत सिंह और अमनदीप कौर ने विरोध जताया और मौके पर पहुंचकर हरपाल सिंह को घेर लिया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि विपक्षी पक्ष ने फावड़ा और बांका जैसे धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में हरपाल सिंह समेत उनके लेबर बांकेलाल और प्रकाश को गंभीर चोटें आईं। हरपाल सिंह के अनुसार, उनके सिर में अंदरुनी चोट और पैर में गहरे घाव हैं जिससे खून बहने लगा। यही नहीं, जब हरपाल सिंह का भाई अमृतपाल सिंह मौके पर पहुंचा तो उसे भी विपक्षियों ने उसे भी पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। झगड़े में ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बीच बचाव कर पीड़ित पक्ष की जान बचाई। हरपाल सिंह ने कोतवाली गोला पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर उपनिरीक्षक निर्मल कुमार को जांच सौंपी है।

### तेज आवाज़ में गाने बजाने को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली गोला के ग्रांम पिपरिया गंगा में मंगलवार सुबह तेज आवाज़ में गाने बजाने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। विवाद में एक महिला के साथ मारपीट और घर के टीन तोड़ने का आरोप सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित काबुल सिंह की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित काबुल सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी पिपरिया गंगा, पोस्ट मूड़ा सावारान, थाना गोला के अनुसार, सुबह करीब 9:00 बजे विपक्षीगण हरपाल सिंह, गुरजंट सिंह, अमृत सिंह, शीतल सिंह, प्रकाश और बांकेलाल उनके घर के बाहर तेज आवाज़ में गाने बजा रहे थे। जब उनकी पत्नी गुरविंदर कौर ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो विवाद बढ़ गया। काबुल सिंह के अनुसार, विपक्षियों ने आक्रोशित होकर उनके घर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। टीन शेड तोड़ डाली। साथ ही, उनकी पत्नी को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर अंदरुनी चोटें आई हैं।घटना से भयभीत होकर काबुल सिंह ने तत्काल गोला कोतवाली में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का वृहद स्तर पर आयोजन आज

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत को 24 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के आयोजन के संबंध में बताया कि 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थायें अग्रिम रूप से किये जाने की अपेक्षा की गयी है। वर्ष 2025 में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायतों की ग्रामीण विकास में भूमिका को प्रभावी रूप से प्रचारित एवं प्रसारित करने के लिए प्रत्येक स्तर पर भारत सरकार के सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देश की पंचायतों को संबोधित किए जाने के साथ-साथ इस दिवस पर त्रिस्तरीय पंचायतों (जिला, क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत) द्वारा किए गए कार्यों को रेखांकित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों का निम्नांकित रूप से आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा, गोष्ठी का आयोजन कराया जाये, उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पंचायत सदस्यों तथा सहयोगी विकास विभाग को आमंत्रित किया जाये, उल्लेखनीय कार्य करने वाली पंचायतों अथवा त्रिस्तरीय पंचायतों के सुदृढ़ीकरण में सहयोगी व्यक्ति विशेष को यथावश्यक सम्मानित कराया जाये, प्रत्येक स्तर पर उक्त आयोजन हेतु स्थल का चयन, प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्था के साथ प्रधानमंत्री का सजीव प्रसारण को सुनने, देखने की व्यवस्था कराई जाये।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समन्वय मीटिंग में चर्चा

**उरई (जालौन)।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 10 मई को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के मार्ग दर्शन में परिवहन एवं डाक विभाग, विद्युत, मत्स्य एवं कृषि आदि विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु परिवहन एवं डाक विभाग, विद्युत, मत्स्य एवं कृषि के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस संबंध में सभी विभागों के परिणामोन्मुखी व सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। इस पर सभी अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में अपर जिला कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपी रोडवेज उरई कमल किशोर आर्य, सहायक निदेशक मत्स्य डा. मुनीश कुमार, डाक विभाग के पोस्टमास्टर उरई कैलाश बाबू, विद्युत विभाग से जितेन्द्र नाथ व एमएन भारती आदि उपस्थित रहे।

# चुनौती भरा सफर तय कर बेटी सलोनी बनीं कस्टम इंस्पेक्टर, सेंट जॉन्स स्कूल में हुआ स्वागत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अंधेरा जितना गहरा होगा, सुबह उतनी ही नजदीक होगी। इस कहावत को चरितार्थ किया है गोला नगर की भटपुरवा कॉलोनी की बेटी सलोनी सिंह ने। सीमित संसाधनों और साधारण परिवेश से निकलकर, सलोनी ने अपने हौसले, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर कस्टम इंस्पेक्टर (एग्जामिनर) के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है।



**विद्यालय ने बढ़ाया मान, सलोनी का हुआ भव्य स्वागत:** सलोनी ने इस खुशी की बात जब सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की को बताई – जहाँ से सलोनी ने 2017 में 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त की थी – तो विद्यालय प्रशासन खुद को गर्वित महसूस करते हुए सलोनी का स्वागत किए बगैर नहीं रह सका। बुधवार 23 अप्रैल की सुबह प्रार्थना सभा में सलोनी का विद्यालय परिसर में अत्यंत गरमजोशी और सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने सलोनी को शॉल पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, ÷सलोनी ने यह साबित किया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती।÷

**संघर्षों से भरी राह और दृढ़ संकल्प की कहानी:** सलोनी का सफर आसान नहीं था। भटपुरवा कॉलोनी जैसे क्षेत्र में, जहाँ शिक्षा को लेकर आज भी कई तरह की चुनौतियाँ हैं, वहाँ से निकलकर सलोनी ने गोला में अपने ताऊ के घर रहकर पढ़ाई की और सेंट जॉन्स स्कूल से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुलतानपुर से बीटेक किया। बीटेक के बाद उन्होंने एस एस सी सीजीएल की तैयारी शुरू की और महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। अब उनका चयन कस्टम इंस्पेक्टर (एग्जामिनर) पद के लिए हुआ है। सलोनी ने बताया कि उन्हें 26 अप्रैल को नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा।

**प्रेरणा बनीं सलोनी, छात्र-छात्राओं को दिया संकल्प का संदेश:** अपने संबोधन में सलोनी ने कहा, सपनों को सच करने के लिए मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। रास्ता कठिन होगा, लेकिन विश्वास बनाए रखो, सफलता निश्चित है। उन्होंने अपने संघर्षों और असफलताओं को साझा करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।

### परिवार और शिक्षक हुए भावुक, स्कूल में गूंजीं तालियां

इस अवसर पर सलोनी के माता-पिता और ताऊ-ताई भी उपस्थित रहे। अपने प्रिय शिक्षकों के साथ उन्होंने एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया, जो उस भावुक क्षण का सजीव प्रमाण था। विद्यालय प्रांगण तालियों की गूंज और स्नेहिल दृष्टियों से भर गया था। यह दिन सेंट जॉन्स स्कूल के लिए भी विशेष था – जब उसकी एक छात्रा ने अपने कर्म, समर्पण और साहस से समाज को बताया कि किसी भी कोने से, कोई भी बच्चा बड़े सपने देख सकता है और उन्हें साकार भी कर सकता है।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, तेज रफ्तार बाइक सवार ने मारी थी टक्कर

- बेटे ने थाने में दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** रामनगर कॉलोनी निवासी नीलेश चौधरी ने एक दर्दनाक सड़क हादसे को लेकर थाने में तहरीर दी है। घटना 9 अप्रैल 2025 को सुबह लगभग 10 बजे की है, जब उनके पिता रमेश कुमार चौधरी (स्वर्गीय) अपनी मोटरसाइकिल (यूपी31एजेड2392) से किसी कार्यवश गोला जा रहे थे। तहरीर के अनुसार, जब रमेश कुमार लखीमपुर से गोला मार्ग पर ग्राम उद्यानपुर के आगे खुशहाली केन्द्र के पास पहुंचे, तो अचानक उनका चश्मा सड़क पर गिर गया। चश्मा उठाने के लिए उन्होंने अपनी बाइक सड़क के किनारे खड़ी की और पैदल ही किनारे-किनारे चलने लगे। उसी समय लखीमपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (यूपी31डीसी0156) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए रमेश कुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रमेश कुमार को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पीड़ित बेटे ने अपने पिता के अंतिम संस्कार के बाद 23 अप्रैल को थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर सौंपी है। साथ ही प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में कर रही है ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी 21 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने युवती के गायब होने का आरोप अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी एक युवक पर लगाया है। पीडित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री एक दिन पूर्व सुबह करीब 3:00 बजे से घर से लापता है। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाशा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। तलाश करने पर पता चला कि अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी विशाल कश्यप पुत्र अज्ञात उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरु कर दी है।

# युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या, पास से मिला ज़हरीली दवा का डिब्बा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत संसारपुर कस्बे में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब बाबा जय गुरु देव आश्रम के निकट एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान 45 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र रामभरोस, निवासी संसारपुर के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब लोगों ने संतोष का शव पेड़ से लटकता देखा। मौके पर ही मृतक की चप्पलें और खेतों में डालने वाली एक लीटर की ज़हरीली दवा (प्वाइजन) की बोतल भी पड़ी हुई मिली। प्रारंभिक जानकारी में यह आत्महत्या का



मामला प्रतीत होता है।

मृतक की पत्नी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से संतोष जमीन के बंटवारे को लेकर काफी तनाव में था। वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि मृतक मानसिक रूप से भी परेशान चल रहा था। संतोष अपने पीछे एक आठ वर्षीय पुत्र, पत्नी और वृद्ध मां को बेसहारा छोड़ गया है।

घटना की सूचना पर संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर मय हमराही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि फांसी लगाने के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने की मांग की है।

# न्याय के लिए भटकता बुजुर्ग, सुस्त और लापरवाह प्रशासन की मार झेलता परिवार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- शंकर लाल अग्रवाल और सत्य प्रकाश गोयनका के बीच एक पुश्तैनी मकान को लेकर सत्र न्यायालय में विचाराधीन है मामला

उत्तर प्रदेश सरकार जहां भ्रष्टाचार मुक्त शासन और त्वरित न्याय का दावा कर रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। जनपद लखीमपुर खीरी से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने प्रशासन की सुस्ती, संवेदनहीनता और लापरवाही की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। यह पूरा मामला संकटा देवी मोहल्ला निवासी वरिष्ठ पत्रकार शंकर लाल अग्रवाल से जुड़ा है, जो इन दिनों न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। शंकर लाल अग्रवाल और सत्य प्रकाश गोयनका के बीच एक पुश्तैनी मकान को लेकर सत्र न्यायालय में मामला विचाराधीन है। इस बीच जब शंकर लाल अग्रवाल अपनी पत्नी संतोष अग्रवाल और माताजी के साथ कुछ समय के लिए शहर से बाहर गए हुए थे, तभी मौके का फायदा उठाकर सत्य प्रकाश गोयनका के परिजनों ने उनकी अनुपस्थिति में उनके मकान पर अवैध कब्जा करने और जान से मारने की सुनियोजित साजिश रची।

सत्य प्रकाश गोयनका के छोटे पुत्र फकीर चंद अग्रवाल और पुत्री प्रियंका अग्रवाल (पत्नी अरुण अग्रवाल) ने न सिर्फ़ शंकर लाल अग्रवाल के मकान के मुख्य द्वार पर अवैध दीवार खड़ी कर दी, बल्कि प्रथम तल पर लगे गेट का ताला तोड़कर उनके फ्लैट में जाने वाले रास्ते पर जानलेवा जाल बिछा दिया। मकान के रास्तों में बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए गए, ताकि जैसे ही बुजुर्ग दंपत्ति लौटें तो अनजाने में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाएं। इस साजिश का दायरा केवल जानलेवा हमले तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि शंकर लाल अग्रवाल के फ्लैट में रखा हुआ निजी सामान, महत्वपूर्ण दस्तावेज, नगदी और पुश्तैनी गहनों से भरे बक्सों के ताले भी तोड़ डाले गए और कीमती सामान की चोरी भी कर ली गई। 29 मार्च 2025 की रात करीब 9 बजे जब शंकर लाल अग्रवाल अपनी पत्नी के साथ लौटे, तो सबसे पहले मुख्य द्वार पर खड़ी गैरकानूनी दीवार देख सन्न रह गए। जैसे ही उन्होंने प्रथम तल पर स्थित अपने फ्लैट की ओर कदम बढ़ाए, साजिशन तैयार किए गए गड्ढों में फंसकर सीधे ग्राउंड फ्लोर पर जा गिरे। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद यह भी पता चला कि उनके कीमती दस्तावेज और गहनों की चोरी हो चुकी है। पूरी घटना के चश्मदीद गवाह केशव अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय राम गोपाल अग्रवाल मौजूद रहे, जिन्होंने फोटो और अन्य सबूत भी प्रशासन को सौंपे। बावजूद इसके, लखीमपुर पुलिस की नींद नहीं खुली। पीड़ित ने 30 मार्च 2025 को थाना लखीमपुर में तहरीर दी, लेकिन किसी प्रकार की एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। इसके बाद 4 अप्रैल को एसपी लखीमपुर खीरी को रजिस्ट्री द्वारा लिखित शिकायत भेजी गई। जब वहां से भी कोई राहत नहीं मिली, तो प्रधानमंत्री कार्यालय में पीएमओ ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की गई। इतना ही नहीं, शंकर लाल अग्रवाल 7 अप्रैल 2025 को माननीय मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंचे, जहाँ पर मामले को गंभीरता से सुनकर लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।


## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
टेली-फैक्स: 0522-2622440, वेबसाईट- https://lmc.up.nic.in, ई-मेल- nnlko@nic.in

पत्र सं.: 19/मु.अ./2025-26 — दिनांक : 22.04.2025

### अति-अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 01.05.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.04.2025 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 01.05.2025 .को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखें निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपराहन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराईज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मुल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खरिका द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत निलमथा रोड पर लोकुल धाम सोसाइटी से मुख्य मार्ग से रानू त्रिपाठी के घर तक हुए निर्माण के अवशेष भाग पर नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 533511 | 53351 | 2 माह | 534 | 96 | 630 |

**शर्तें**

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।)
02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या-692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफारमेंन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। **अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाईन इण्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।**
03. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
04. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
05. किसी कार्य में एक से अधिक निविददाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
06. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**


# आतंकवादी घटना को लेकर घघसरा नगर में निकाली गई रैली

**सहजनवां, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना की चारों तरफ निंदा हो रही है। जनमानस में भारी आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को नगर पंचायत घघसरा में समाजसेवी राम बचन चौरसिया व भाजपा नेता रवींद्र तिवारी के नेतृत्व में रैली निकाली गयी। भारी संख्या में लोग शामिल होकर आतंवाद मुर्दाबाद के नारे लगाये। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रवींद्र तिवारी एवं समाज सेवी राम बचन चौरसिया ने कहा कि-निहत्थों व असहायों पर गोली चलाना सबसे बड़ी कायरता है। धर्म को पूंछकर मौत के घाट उतार देना मानव समाज के लिए सबसे बड़ी क्रूरता है।



आतंकवादियों को मालूम होना चाहिए कि भारत की एकता और अखंडता को दुनिया की कोई भी ताकत तोड़ नहीं सकती है। भारत के लोग आतंकवाद को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। हम लोग एकजुट होकर मुहतोड़ जवाब के लिए तैयार रहेंगे। नगर पंचायत घघसरा में आतंकवाद के पुतले भी जलाए गए और मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गयी। उक्त अवसर पर समाज सेवी राम वचन चौरसिया, बीजेपी नेता रविंद्र तिवारी, सभासद सुरेंद्र वर्मा, गुड्डू मौर्य, दिवाकर प्रसाद, सचिन सिंह, मुन्ना तिवारी, व्यापार मंडल संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता कृष्ण मोहन, शिव प्रताप राज समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दुनिया चले न श्री राम के बिना...

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर में भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। आचार्य पंडित शिवानंद द्विवेदी एवं विनोद दुबे ने भारतीय सैनिक पुनीत मिश्रा से राम दरबार का पूजन करवाया। श्री राम कथा एवं सुंदरकांड के लिए विख्यात आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने कहा हनुमान जी की सेवा भाव से प्रभु श्रीराम सदा प्रसन्न रहकर उनके प्रति अपनी कृपा बरसाते रहते हैं। बिना हनुमान जी शरण में गए राम जी कृपा नहीं प्राप्त होती है। हनुमान जी को राम नाम अति प्रिय है। राम नाम के संकीर्तन से प्रसन्न होकर हनुमान जी सभी मनोकामनाओं की पूर्ति काते हैं। जिसको हनुमान जी पर भरोसा है उसका जीवन सुखी है। जीवन में सेवा व समर्पण का भाव सदा बना रहना चाहिए। नर सेवा नारायण सेवा के भाव से जीव का उद्धार हो जाता है।

# संस्कृत प्रतिभाओं को राज्य स्तरीय पहचान दिलाएगी योगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का योगी सरकार का संकल्प साकार हो रहा है। संस्कृत के प्रचार-प्रसार, संवर्धन व संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा कराने जा रही है। इसके माध्यम से युवा प्रतिभाओं को योगी सरकार फिर राज्य स्तर पर पहचान दिलाएगी।

संस्कृत प्रतिभा खोज व संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति के तहत युवाओं को इससे जोड़ा जाएगा। इसमें दो वर्ग कक्षा छह से 12 व स्नातक-स्नातकोत्तर के विद्यार्थी संस्कृत में अपना कौशल दिखा सकेंगे। यूपी में संस्कृत के उत्थान के लिए जिले से लेकर राज्य स्तर तक युवा प्रतिभाओं की तलाश होगी। इसके लिए संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा कराई जाएगी। जिला स्तर पर यह परीक्षा पांच से 31 जुलाई तक होगी। ऑनलाइन परीक्षा 20 जुलाई से 31 जुलाई तक होगी। मंडल स्तर पर पांच अगस्त से 13 अगस्त (ऑनलाइन परीक्षा 10 सितंबर से 20 सितंबर) तक होगी। इसके बाद राज्य स्तरीय परीक्षा भी होगी। संस्कृत प्रतिभा खोज दो वर्गों में होगी। प्रथम वर्ग कक्षा छह से 12 तक होगा। द्वितीय वर्ग के तहत स्नातक-स्नातकोत्तर के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे।

# बदलाव : अब तकनीकी रूप से सशक्त हो रही सरकारी शिक्षा

## परिवर्तन की नींव बनी कायाकल्प योजना, बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछले वर्षों में 40 से अधिक गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ नॉन-फाइनेंशियल एमओयू किए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी में सरकारी स्कूलों की तस्वीर अब बदल रही है। योगी सरकार में शिक्षा व्यवस्था में बदलाव शुरू है, जो दशकों से केवल निजी विद्यालयों की पहचान माना जाता था,तकनीक से युक्त, स्मार्ट, भागीदारी आधारित शिक्षा प्रणाली। परिवर्तन की नींव बनी कायाकल्प योजना, जिससे सरकारी विद्यालय तकनीकी और भौतिक स्तर पर सशक्त हुए है।

बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछले वर्षों में 40 से अधिक गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ नॉन-फइनेंशियल एमओयू किए हैं। इनका उद्देश्य, तकनीकी मदद, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल संसाधनों की आपूर्ति, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना।



▸ डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ रहे सरकारी स्कूल, सरकारी व निजी क्षेत्र की साझेदारी का प्रयोग सफल

इस प्रयास में आईआईटी गांधीनगर आईआईटी कानपुर, खान अकदमी, एचसीएल फाउंडेशन संपर्क फाउंडेशन भारती फाउंडेशन एयरटेल प्रथम फाउंडेशन जैसे कई नाम जुड़े हैं, जिन्होंने राज्य के स्कूलों को सुविधाएं दीं। शिक्षा के प्रति समाज का विश्वास मजबूत किया। डालमिया भारत ग्रुप और सीखो सिखाओ फाउंडेशन की साझेदारी से शुरू हुए नव भारत उदय कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश के स्कूलों को डिजिटल टीवी से सुसज्जित करने का कार्य गतिशील है।

### कायाकल्प योजना ने सरकारी स्कूलों की भौतिक संरचना को दी नई पहचान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वयं कहा था कि यह डिजिटल क्रांति की शुरुआत है। डिजिटल टीवी तक सीमित न रहकर 2022 से 2024 के बीच सीतापुर जिले में 539 विद्यालयों में काम किया गया, जहाँ 59 स्मार्ट टीवी और 5 कंप्यूटर लैब स्थापित किए गए थे। इस साल 13 जिलों के 64 विद्यालयों में दक्षता आधारित शिक्षण, शिक्षक संकुल बैठकें और सामुदायिक सहभागिता के जरिए शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार किया जा रहा है। तकनीकी नवाचार के साथ कायाकल्प योजना ने सरकारी स्कूलों की भौतिक संरचना को नई पहचान दी। स्कूल भवनों, कक्षाओं, शौचालयों, स्वच्छ पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं का विकास हुआ है। ढांचागत सुविधाओं में तकनीक और प्रशिक्षण का समावेश हो रहा है, तो सरकारी स्कूल केवल विकल्प नहीं बल्कि प्राथमिकता बनते जा रहे हैं। योगी सरकार की पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी आधारित नीति का उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है–शहर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और तकनीकी शिक्षा पहुंचाना श् सरकारी और निजी क्षेत्र के साझा प्रयासों से न केवल शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ है, बल्कि संसाधनों का विस्तार और समुदाय की भागीदारी भी बढ़ी है। प्रदेश के सरकारी विद्यालय तकनीकी नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के केंद्र बन रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### सांस्कृतिक समारोह 'अभ्युत्थानम' का सी.एम.एस. में समापन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में दो–दिवसीय अन्तर–विद्यालयी सॉंस्कृतिक समारोह 'अभ्युत्थानम्' आज सायं विद्यालय के सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इससे पहले, इस सॉंस्कृतिक समारोह के दूसरे व अन्तिम दिन आज प्रतिभागी छात्रों ने माडल जी–20 सम्मेलन, हैकथॉन, न्यूज लेटर मेकिंग, पेन्टिंग, कविता पाठ, रोबोटिक्स आदि विभिन्न दिलचस्प प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विदित हो कि इस सॉंस्कृतिक समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री अनिल राजभर, श्रम एवं रोजगार, उ.प्र. द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री राजभर ने कहा कि संस्कृति व साहित्य भावी पीढ़ी को मानवता की भलाई हेतु प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। मुझे खुशी है कि सी.एम.एस. ने युवा पीढ़ी को देश की संस्कृति व सभ्यता से अवगत कराने हेतु इस सॉंस्कृतिक समारोह का आयोजन किया है। यह समारोह युवा पीढ़ी के चिन्तन को रचनात्मक दिशा प्रदान करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। 'द अवेकनिंग ऑफआर्यावर्त' थीम पर आयोजित इस सॉंस्कृतिक समारोह में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के 250 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### पहलगाम में आतंकी हमले का विरोध, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में बीकेटी के व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बीकेटी इकाई ने इस हमले में मारे गए 27 पर्यटकों पर हुए बर्बर हमले का विरोध किया। व्यापारियों ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह और सेकेंड इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र दुबे को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष वेदरतन सिंह ने आतंकी हमले पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने आतंकियों पर पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। कहा कि देश की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इस दौरान महामंत्री इतेंद्र सिंह चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश रावत और मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। व्यापारी आतंकियों का पुतला भी फूंकना चाहते थे, लेकिन सप्ताहिक बाजार के कारण पुलिस ने सुरक्षा कारणों से ऐसा करने से रोक दिया।

### घर से लाखों की चोरी, खिड़की की ग्रिल तोड़कर घुसे चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई इलाके में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोर खिड़की की ग्रिल तोड़कर घर में घुसे। अलमारी से गहने और 25 हजार रुपए चोरी करके फरार हो गए। घटना 22 अप्रैल की है। पीड़ित शिव कुमार सिंह रामअवतार नगर (रेवतापुर) निलमथा स्थित गणेश कुंज में रहते हैं। उनका मकान नंबर 194/4 है। शिव कुमार ने पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

### सेना कोर्ट के वकीलों ने फूंका पाक का पुतला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में लखनऊ में सेना कोर्ट के वकीलों ने आतंकियों का पुतला फूंककर कड़ा विरोध जताया। इसके बाद विवेकानंद लाइब्रेरी में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन लखनऊ के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महासचिव गिरीश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. चेत नारायण सिंह और पूर्व महामंत्री विजय कुमार पांडे समेत कई प्रमुख वकील मौजूद रहे। वकीलों ने आतंकवाद के समूल नाश की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना जरूरी है। शोकसभा के बाद वकीलों ने आक्रोश प्रकट करते हुए पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला दहन किया। उन्होंने एकजुट होकर नारेबाजी की। सभी ने देश की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता न करने का संकल्प लिया। वकीलों ने शहीद जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### पहलगाम में मारे गए शुभम के घर पहुंचे स्पीकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले की निंदा करते हुए हुए इसे कायराना हरकत कहा है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस एवं बर्बर हत्याकांड में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से भेंट कर अश्रुपूरित संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### लखनऊ विवि के ज्योति विज्ञान विभाग में हुआ व्याख्यान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर अरविंद मोहन की अध्यक्षता में फ्रवास्तुशास्त्र के शास्त्रीय सिद्धान्तों का व्यावहारिक उपयोग विषयक व्याख्यान किया गया। व्याख्यान का शुभारम्भ ज्योतिर्विज्ञान के संयोजक डॉ सत्यकेतु द्वारा वास्तुशास्त्र के विशिष्ट वक्ता अजय गौर का परिचय एवं वाचिक स्वागत करते हुए वास्तुशास्त्र की महत्ता का प्रतिपादन किया। उन्होंने बताया कि वास्तुशास्त्र भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग है।

# यूपी में इको फ्रेंडली डिजिटल विज्ञापन को प्रोत्साहन, होगी राजस्व में वृद्धि

▸ सीएम के मार्गदर्शन में नगर विकास विभाग तैयार कर रहा है नई विज्ञापन नीति-2025

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नगर विकास विभाग ने नई विज्ञापन नीति-2025 का मसौदा तैयार किया है। इसे शीघ्र ही कैबिनेट के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

नगर विकास विभाग के संबंधित अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश की नई विज्ञापन नीति में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साइनेज के माध्यम से विज्ञापन प्रसारण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत क्रमिक रूप से प्रदेश के सभी जिलों में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साइनेज स्थापित किये जाएंगे और नियमावली के अनुरूप विज्ञापन प्रसारण किया जाएगा। इससे एक ओर विभाग की राजस्व आय में वृद्धि होगी तो दूसरी ओर ये पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने और शहरों को स्वच्छ, सुंदर और ईको फ्रेंडली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नगर विकास विभाग राजस्व में वृद्धि और नगर निगमों के कार्यों में एकरूपता लाने के लिए नई विज्ञापन नीति-2025 तैयार की है। मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में बनी नई विज्ञापन नीति पूरे प्रदेश में डिजिटल और इलेक्ट्रानिक साइनेज से विज्ञापन को बढ़ावा देगी। इसका मुख्य उद्देश्य विभाग की राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि करना और खर्च को कम करना है। नगर विकास विभाग ने समीक्षा बैठक में बताया कि विभाग ने विज्ञापन से होने वाली आय में आगामी पांच वर्ष में सौ फीसदी वृद्धि का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2024-25 में विभाग को जहां विज्ञापन से 78.9 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है जिसे वर्ष 2029-30 तक 158.7 करोड़ रुपये की आय का अनुमान व्यक्त किया है। संबंधित अधिकारी ने बताया कि डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साइनेज व होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन करने से होर्डिंग, पेंटिंग, फ्लेक्स, फ्रेम, लाइटिंग आदि के खर्च में कमी आएगी। साथ ही विज्ञापन प्रसारण की नई नियमावली और रेट सूची राजस्व प्राप्ति में वृद्धि लाएगी।

### कैबिनेट के सामने जल्द पेश होगी नई विज्ञापन नीति-2025

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नई विज्ञापन नीति–2025 के तहत लगाये जाने वाली डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साइनेज पर विज्ञापन प्रसारण के लिए समय सीमा और रेट लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसे शीघ्र ही स्वीकृति के लिए कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। विज्ञापन प्रसारण के प्रत्येक घंटे में 5 मिनट का समय नगर निगम और सरकार के सामाजिक संदेशों के प्रसारण के लिए आरक्षित होगा। इसी प्रकार महीने में 1 दिन व साल भर में अधिकतम 12 दिन सामाजिक संदेश आधारित नि:शुल्क विज्ञापन का प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही अप्रत्याशित घटना की स्थिति में, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के नियमानुसार जरूरी संदेशों का प्रसारण करने का प्रावधान है।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा डिजिटल साइनेज विज्ञापन

डिजिटल व इलेक्ट्रॉनिक होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन प्रसारण प्रदेश के नगरों को सुंदर, स्वच्छ और इको फ्रेंडली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा। परंपरागत तरीके से बिलबोर्ड्स, होर्डिंग्स, पोस्टर के माध्यम से विज्ञापन प्रसारण कई तरह के केमिकल, नॉन– बायोडिग्रीडेबल कचरे को जन्म देता है, जो पर्यावरण को प्रत्यक्ष रूप से हानि पहुंचाता है। फ्लेक्स होर्डिंग को बनाने में नॉन बायोडिग्रीडेबल सिंथेटिक पालीमर और कलर डाइ का प्रयोग होता है, जो पर्यावरणीय प्रदूषण को बढ़ाता है,जबकि डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक होर्डिंग्स की एलईडी स्क्रीन से लगभग 70 प्रतिशत तक ऊर्जा की खपत तक कम होती है। साथ ही इन स्क्रीन पर उच्च गुणवत्तायुक्त और इंटरैक्टिव छवियों और संदेशों का प्रसारण किया जा सकता है। जिसके निर्माण में खर्च भी कम आता है और अधिक आकर्षक भी दिखती हैं।

# बिजली की चोरी करते हुए पकड़े गए चार उपभोक्ता

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** बिजली विभाग की ओर से चलाए जा रहे चेकिंग और बकाया वसूली अभियान के तहत लाइनपार क्षेत्र में चार उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी की एफआईआर दर्ज करा दी गई है।



अधिशाषी अभियंता बीकेटी पंकज गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीओ जीपीआरए राजकुमार यादव ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया तो चार उपभोक्ता बिजली की चोरी करते हुए मिले। दीपक पुत्र राम कनोहर निवासी शारदा ग्रीन सिटी नियर अवध हॉस्पिटल कुर्सी रोड लखनऊ (842 वाट)चोरी करते हुए मिले राज श्री वास्तव पुत्र विजय कुमार श्रीवास्तव निवासी शारदा ग्रीन सिटी नियर अवध हॉस्पिटल कुर्सी रोड लखनऊ 864 वाट चोरी करते हुए मिले अम्रता सिंह पत्नी अज्ञात निवासी शारदा ग्रीन सिटी नियर अवध हॉस्पिटल कुर्सी रोड लखनऊ 902 वाट चोरी करते हुए मिले। चिवपाल पाण्डेय पुत्र अज्ञात निवासी शारदा ग्रीन सिटी नियर अवध हॉस्पिटल कुर्सी रोड लखनऊ 764 वाट चोरी करते हुए मिले इन सभी की एफआईआर दर्ज करा दी गई है। अधिशाषी अभियंता बीकेटी ने कहा हैकि यह अभियान जारी रहेंगे। उन्होने उपभोक्ताओं से कहा हैकि चोरी ना करें और अपना बिजली का बिल समय से जमा करें।

### जिलाधिकारी ने किया 120 एसटीपी का निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी ने डाली बाग स्थित हैदर अली कैनाल पर बन रहे 120 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। यह प्लांट शहर के गंदे पानी को साफकर गोमती नदी में गिरने से रोकने की दिशा में एक बड़ी और अहम कोशिश है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूरे प्लांट का भ्रमण कर सीवेज ट्रीटमेंट की प्रक्रिया को बारीकी से समझा। उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता महेश कुमार गौतम ने बताया कि यह एसटीपी शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से शुरू होकर शहर के कई इलाकों से गुजरने वाली हैदर अली कैनाल के अशोधित जल को साफ करने के लिए तैयार किया जा रहा है। यह प्लांट दो चरणों में चालू किया गया है। पहले चरण में इसे 15 अगस्त 2024 से 80 एमएलडी की आंशिक क्षमता पर शुरू किया गया था।

# यूपी मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति ने पहलगाम की घटना पर जताया शोक



समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** कल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 बेकसूर व्यक्तियों की हत्या को लेकर आज एनेक्सी मीडिया सेंटर लाल बहादुर शास्त्री भवन में पत्रकारों ने एक शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों ने इस हत्याकांड पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से मांग की है कि इस दुखद घटना पर आतंकवादियों को सबक सिखाते हुए कठोर कार्रवाई करे।

शोक सभा में आए पत्रकारों में भी इस घटना को लेकर आक्रोश देखा गया। शोक सभा में बोलते हुए समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने कहा कि यह घटना बहुत ही निंदनीय है। घटना पर मारे गए बेकसूर व्यक्तियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। समिति के प्रशासनिक सलाहकार शेखर श्रीवास्तव ने कहा कि अब वक्त आ गया है इन आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने का। उन्होंने सख्त लहजे में सरकार से अनुरोध किया है कि सरकार इस घटना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों को सबक सिखाए। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार उमेश चंद्र मिश्रा. आकाश शेखर शर्मा, अजीत कुमार सिंह. हरजीत सिंह बाबा.प्रदीप उपाध्याय, विक्रम राव मिथिलेश तिवारी, उमाकांत बाजपेई, कृष्णानंद मिश्रा, अंकुल वर्मा अमन अग्रवाल वेद प्रकाश शर्मा अश्वनी कुमार अरुण शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

### लोनिवि में नवनियुक्त 108 अवर अभियंताओं की कार्यशाला आयोजित

**लखनऊ ।** डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण उत्तर प्रदेश के तत्वाधन में नवनियुक्त जूनियर इंजीनियर्स के लिए विभागीय, सांगठनिक संरचना से सम्बधित परिचयात्मक कार्यशाला का आयोजन संघ भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी द्वारा की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि इं. मुकेश चन्द्र शर्मा प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि इं. श्रीराज प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क, इं. ए.के. द्विवेदी प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन रहे। कार्यक्रम का संचालन इं. राजर्षि त्रिपाठी मण्डल सचिव द्वारा किया गया। कार्यशाला में पहुंचे 108 नवनियुक्त जूनियर इंजीनियर्स के साथ विभागाध्यक्ष, प्रभुख अभियंता सड़क, प्रमुख अभियंता परिकल्प नियोजन ने अपने अनुभव साझा करते हुए एक ही सलाह दी कि आपकी पहचान आपके काम से होगी। अगर आप बेहतर प्रदर्शन करेगें तो आप विभाग की जरूरत बने रहेंगे।

# दुर्घटना : चाइनीज मांझे से फिर कटी एक युवक की गर्दन, लगे छह टांके



समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** राजधानी में आए दिन चाइनीज मांझे से लोगों के घायल होने की दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन प्रशासन घटनाओं पर लगाम लगाने में फेल साबित हो रहा हैं। ऐसी ही एक घटना राजधानी के त्रिवेणी नगर में घटित हुई। अजय गुप्ता पुत्र केशव प्रसाद गुप्ता ओसीआर पावर हाउस में हेल्पर के रूप में कार्यरत हैं।

बुधवार सुबह ड्यूटी जाते समय पक्के पुल के पास उनके गले में पतंग की रील फंसने के कारण बुरी तरह जख्मी हो गए। राहगीर की मदद से उन्हें ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने छह टांके लगाए तब जाकर उनकी जान बची। ऐसी ही तमाम दुर्घटनाएं पतंगबाजी की वजह से हो रही हैं पर प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### पूर्व में हुई घटनाओं पर एक नजर

#### गर्दन में लगे पांच टांके

**लखनऊ।** बीबीडी इलाके में रविवार शाम चीनी मांझे की चपेट में आकर युवक की गर्दन कट गई। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पांच टांके लगाए गए। इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह ने बताया कि बाराबंकी के बरौली निवासी रामशंकर यादव विभूतिखंड में परिवार संग रहते हैं। रविवार शाम उनका बेटा शुभम मां मोहिनी को लेकर बाइक से गांव जा रहा था। बीबीडी माधव रेजीडेंसी के पास चीनी मांझे में फंसकर शुभम की गर्दन कट गई। वह खून से लथपथ होकर गिर पड़े। मोहिनी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे और शुभम को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

#### महिला सिपाही भी हो चुकी है घायल

**लखनऊ।** लखनऊ में विधान भवन के सामने एक महिला सिपाही चाइनीज मांझे से घायल हो गई थी। इस घटना में सिपाही के चेहरे पर दो टांके लगाने पड़े। यह हादसा तब हुआ था जब सिपाही ड्यूटी से लौट रही थी। घायल महिला सिपाही का नाम आरती कुमारी था और वह कैंट कोर्ट में तैनात थी आरती को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनके चेहरे पर दो टांके लगाए गए थे। यह हादसा तब हुआ जब आरती और उनकी एक साथी सिपाही स्कूटी से विधान भवन के पास से गुजर रही थीं, तभी चाइनीज मांझा सड़क पर गिरा और आरती के चेहरे से टकरा गया।

# आतंक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हिंदू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता हिरासत में

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** पहलगाम में हुये आतंकी हमले विरोध में आज यहां जीपीओ में विरोध प्रदर्शन कर रहे हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।



उधर पार्टी नेताओं को हिरासत लिये जाने की हिन्दू महासभा त्रिदंडी महासभा ने कड़ी निदा की है। इससे पहले पहलगाम की आतंकी हमले से नाराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता जीपीओ पर जमकर विरोध प्रदर्शन के बाद जैसे ही जुलूस के रूप में आगे बढ़े ही थे कि वहां मौजूद पुलिस प्रशासन ने आगे बढ़ने से रोक दिया लेकिन प्रदर्शनकारियों के न मानने पर पुलिस प्रशासन ने हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी, बाबा महादेव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, हिन्दूवादी नेता पंकज तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

इससे पहले हजरतगंज में हिन्दू महासभा व अखण्ड आर्यावर्त महासभा के हिन्दूवादी नेताओं ऋषि त्रिवेदी एवं शिशिर चतुर्वेदी के नेतृत्व में पहुंचे काफी संख्या कार्यकर्ताओं ने आतंक के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और केन्द्र सरकार से आतंकियों के पालक पड़ोसी देश के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के चेहरों पर आतंकी हमले का गुस्सा साफ झलक रहा था। इस दौरान अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि देते हुये हिन्दू समाज से आह्वाहन करते हुये कहा कि हिन्दू समाज जात-पात से उपर उठकर एकजुट हो।

**पहल** — पर्यावरण को लेकर जिम्मेदार और जागरूक दृष्टिकोण

# पर्यावरण के रक्षक बनकर हरियाली का संदेश देंगे स्कूली बच्चे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पृथ्वी दिवस 2025 की गतिविधियों ने उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक नई दिशा स्थापित की। योगी सरकार की पहल से बच्चों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई और पर्यावरण को लेकर एक जिम्मेदार और जागरूक दृष्टिकोण अपनाया।

क्यूआर कोड के माध्यम से पेड़ों को डिजिटल रूप से टैग किया गया, जिससे उनकी पहचान और उपयोगिता से जुड़ी जानकारी जन-जन तक पहुंची। यह कदम न केवल तकनीक के माध्यम से पेड़ों और पौधों की जानकारी देने का था, बल्कि इसके जरिए बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और उसे लागू किया। पृथ्वी दिवस पर उत्तर प्रदेश में पर्यावरणीय जागरूकता की एक नई लहर उठी है। योगी सरकार ने इसे सिर्फ एक दिन की घटना नहीं बल्कि एक निरंतर चलने वाले अभियान में बदल दिया है, जिससे आने वाले समय में हमारे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि ÷पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का सतत संकल्प है। परिषदीय विद्यालयों के बच्चे अब पर्यावरण के रक्षक बनकर न केवल हरियाली का संदेश देंगे, बल्कि पूरे प्रदेश में जागरूकता की एक नई अलख भी जगाते रहेंगे। इस प्रयास में हर नागरिक की सहभागिता अनिवार्य है।



▸ योगी सरकार की पहल से बच्चों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई और पर्यावरण को लेकर एक जिम्मेदार और जागरूक दृष्टिकोण अपनाया

योगी सरकार ने इस पहल को सफल बनाने के लिए राज्यभर में व्हाट्सएप समूह की मदद से रियल-टाइम निगरानी की। विद्यालयों और स्थानीय निकायों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया। यह सुनिश्चित किया गया कि पर्यावरणीय गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावी और सही तरीके से लागू हों। जिलों, ब्लॉकों और स्कूलों के बीच बेहतर संवाद और जानकारी साझा करने से इस मुहिम को और गति मिली। विद्यालयों में निरंतर पर्यावरणीय गतिविधियां अब विद्यालयों में क्यूआर कोड के जरिए पेड़ों की पहचान के साथ-साथ पौधरोपण, पोस्टर निर्माण और नारा लेखन जैसी गतिविधियां भी नियमित रूप से की जा रही हैं। स्कूलों में आयोजित संवाद सत्रों में बच्चे जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण सुरक्षा, और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर खुलकर चर्चा करते हैं। इसके अलावा, अभिभावकों और समुदाय के सदस्य भी इन गतिविधियों का हिस्सा बने, जिससे बच्चों के प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहन मिला।

# ट्रांसफॉर्मिंग गोण्डा : सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता के नतीजे घोषित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



- नवाचार व रचनात्मकता से चमका गोण्डा, 109 युवाओं ने दिखवाई प्रतिभा
- पर्यटन, पर्यावरण व शिक्षा पर युवाओं की रीलों को मिला सम्मान
- जिलाधिकारी के निर्देश पर गोण्डा में रचनात्मक पहल को मिली नई उड़ान

जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गोण्डा के तत्वावधान में आयोजित ट्रांसफॉर्मिंग गोण्डा सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जनपद गोण्डा के पर्यटन स्थलों, स्वच्छता, पर्यावरण, शिक्षा, सामाजिक बदलाव, कृषि और नवाचार जैसे विषयों को रचनात्मक माध्यम से उजागर करना था।

प्रतियोगिता का आयोजन जिलाधिकारी महोदया के निर्देश पर किया गया था, जिसमें जनपद के 109 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विविध विषयों पर आधारित प्रेरणादायक रील प्रस्तुत कीं। इन रीलों के माध्यम से गोण्डा की नई पहचान, पर्यावरणीय चेतना, डिजिटल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, जैविक खेती, स्टार्टअप्स व पर्यटन की संभावनाओं को दर्शाया गया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि यह नतीजे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी जारी कर दिए गए हैं। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, गोण्डा द्वारा संपर्क स्थापित कर प्रतिभागियों को अगली प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा।

**प्रतियोगिता के अंतर्गत निर्णायक मण्डल ने निम्न प्रतिभागियों को पुरस्कार के लिए किया चयनित**

विनायक जायसवाल – बैंड प्राइज – रु. 21,000
दिव्यांश श्रीवास्तव – पब्लिक चॉइस अवार्ड – रु. 11,000
वंदना लधवानी – निर्णायक मण्डल चयन अवार्ड – रु. 11,000
अंकित श्रीवास्तव – सर्वश्रेष्ठ एडिटिंग/सिनेमेटोग्राफी (पर्यावरण) – रु. 5,000

**थीम आधारित विशेष पुरस्कार की श्रेणियों में भी निम्न विजेताओं को किया गया सम्मानित**

सिद्धांत पटेल – नया गोण्डा, नई पहचान
अक्षय द्विवेदी – गोण्डा की हरियाली
विनोद कुमार – डिजिटल लर्निंग पर रील
अनुराग मौर्या – स्वच्छता जागरूकता
आशुतोष सोनी – महिला सशक्तिकरण
दुर्गेश कुमार सोनी – जैविक और आधुनिक कृषि
जानशी सिंह – युवा स्टार्टअप्स
काव्या सिंह – पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत
उक्त सभी प्रतिभागियों को रु. 5,000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 109 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए कुल रु. 2,180 की व्यवस्था की गई है। कुल पुरस्कार राशि रु. 90,180 निर्धारित की गई है।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**तरबगंज/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



बाजार से सटे रामापुर गांव में बुधवार से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजक ने बताया कि 07 दिवसीय कथा के बाद आगामी 30 अप्रैल को पूर्णाहुति हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कथा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य यजमान गोविंद प्रसाद ओझा व उनके समाजसेवी श्रेष्ठ पुत्र आनंद ओझा ने बताया कि आयोजन 08 दिन तक चलेगा। इस दौरान गांव और क्षेत्र के श्रद्धालु प्रसिद्ध कथावाचक रामाश्रित आचार्य बागीश कुमार तिवारी के श्रीमुख से सरस श्रीमद्भागवत कथा का रसस्पान करेंगे।

वहीं प्रथम दिन कथावाचक ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा अंधकार से प्रकाश अर्थात अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाती है। भगवान के स्वभाव के अनुसार ही कथा सुनने और कहने वालों की दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से सबकी रक्षा होती है। तथा भगवान की कथा और सत्संग की शक्ति से मनुष्य का स्वभाव समाज में प्रशंसनीय हो जाता है। तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को जगाने में कथा की महिमा विशेष है। इसी के गोकर्ण धुंधकारी के उपाख्यान की कथा कहते हुए आरती प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पड़ीत चिंता प्रसाद तिवारी, आर्गन वादक सतीश तिवारी, पैड वादक आदर्श तिवारी, अविनाश तिवारी, सूर्यांश, ब्रह्मदेव ओझा,सहित काफी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## असलहा धारियों ने लूटा किराना स्टोर वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



बेलसर- मार्ग स्थित किराना दुकान में मंगलवार देर रात चोरों ने शटर काट कर लाखों रुपए की चोरी करते हुए घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शटर कटने की आवाज सुनकर दुकान के ऊपर रह रहे, दुकान मालिक को भनक लगीं तो देखा कि असलहा लिए कुछ लोग दुकान में गल्ला से नकदी निकाल रहे हैं।

दुकानदार ने तत्काल अपने छोटे भाई को फोन किया। घटना बताई, घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के ठडक्की पट्टी ठाकुरदीन पुरवा गांव निवासी बाल कृष्ण मिश्रा पुत्र हरि भान दत्त मिश्रा ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 और कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया और जांच में जुट गई है।पीड़ित ने दिए तहरीर में कहा हैकि इससे पहले करीब तीन साल पहले भी दुकान में आग लगा दी गई थी। इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ था। वहीं, इसी मार्ग पर कोतवाली देहात क्षेत्र के धनई पट्टी ग्राम पंचायत स्थित बल्ली पुरवा में मंगलवार देर रात चोरों ने किराना दुकान के शटर को काटने का प्रयास किया। दुकान योगेंद्र पांडेय ने बताया कि सुबह दुकान खोलने आए तो देखा कि उनकी दुकान की सभी बल्ब गायब है और दुकान के शटर काटने का निशान बना हुआ है और प्लास्टर टूट कर गिरा है। घटना की सूचना डायल 112 को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच में जुट गई। धनई पट्टी ग्राम पंचायत के बल्ली पुरवा निवासी पलटन पुत्र राम औतार ने कोतवाली देहात में तहरीर दी है। दिए तहरीर में पीड़ित ने कहा है कि वह मंगलवार रात पूरे परिवार के साथ घर के बाहर द्वार पर सो रहा था। रात में जब पेशाब करने उठा तो देखा कि दरवाजा खुला था। घर के अंदर गया तो सामान बिखरा पड़ा था। और उसमें रखी नकदी और जेवर लेकर चोर फरार हो गए।

## पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के निर्देशन में चलाया गया तामीला अभियान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक के निर्देशानुसार परिक्षेत्रीय जनपदों गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती में न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्ट के शत प्रतिशत तामीला हेतु जनपदों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया। निर्देशन के क्रम में परिक्षेत्रीय जनपद गोण्डा में एक जनवरी 2025 से 10 अप्रैल 2025 तक न्यायालय से प्राप्त कुल 3690 एनबीडब्लू में 3550, बलरामपुर में 1410 में 1209, बहराइच में 4071 में 3768 व जनपद श्रावस्ती में प्राप्त 2772 एनबीडब्लू में 2690 का तामीला पुलिसकर्मियों द्वारा कराया गया। शेष एनबीडब्लू का निस्तारण कराया जा रहा है। इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर पर प्राप्त कुल 11,943 एनबीडब्लू में 11,217 का तामीला कराया गया।

## रंजीत को मार कर लटकाया गया था, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की हुई पुष्टि

- पिता ने दी हत्या की तहरीर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चैंबर्स गर्ल्स मेमोरियल कॉलेज में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत सीमा के पति रंजीत बाल्मिकी का शव घर में एक पंखे से लटकता हुआ मिला था। मृतक रंजीत का पोस्ट मार्टम कराया गया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में हत्या करने की पुष्टि हुई है। उस को ।

पहले गला दबा कर मारा गया फिर उस को लटका कर फांसी का रूप दिया गया। मृतक रंजीत के पिता राम स्वरूप ने उस के पत्नी सीमा साढू सहित।चार लोगों पर हत्या करने की तहरीर दिया है।।28 वर्षीय सीमा ने बड़नपुर बाराबंकी के रहने वाले 30 वर्षीय रंजीत कुमार से प्रेम प्रसंग में शादी की थी और दोनों शादी करने के बाद चैंबर गर्ल्स मेमोरियल कॉलेज में मिले अपने आवास में रह रहे थे मृतक रंजीत कुमार वाल्मीकि की पत्नी सीमा वाल्मीकि अपनी माता की मौत होने के बाद स्वीपर की नौकरी चैंबर गर्ल्स मेमोरियल कॉलेज में पा गई थी। और यहीं पर नौकरी कर रही है। शादी के लगभग 9 साल बीत जाने के बाद लगातार पति और पत्नी दोनों के बीच आपसी कहासुनी को लेकर मारपीट भी होती रहती थी।

कई बार मृतक रंजीत कुमार वाल्मीकि के परिजनों द्वारा सीमा वाल्मीकि को समझाया गया लेकिन उसके बावजूद दोनों अक्सर विवाद किया करते थे। 19 अप्रैल को भी पति-पत्नी दोनों के बीच आपसी कासुनी हुई थी और इसी दौरान पत्नी ने अपने पति की जमकर पिटाई की थी। कम पढ़े लिखे होने के कारण पति रंजीत कुमार वाल्मीकि खुद पत्र लिखकर के परिजनों को जानकारी नहीं दे सकते थे इसीलिए रंजीत कुमार ने अपनी 10 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी से एक पत्र लिखवाकर के अपने भाई को भेजा था। उसे पत्र में रंजीत कुमार ने लिखा था कि मेरी वाइफ चेंबर गर्ल्स मेमोरियल में अनुचर के पद पर तैनात हैं। मेरी वाइफ मुझे भागती है मेरी वाइफ नशे में रहती है। मुझे मेरी वाइफ सीमा,उसके परिवार वाले अर्जुन, निखिल, कृष्णा, मीणा, मनीष सब जान से मारने की धमकी देते रहते हैं मेरी जान को खतरा है। इसके बाद परिजनों ने फोन करके रंजीत वाल्मीकि से जानकारी ली थी और अगले दिन आने की बात कही थी। लेकिन जब 20 अप्रैल को रंजीत कुमार ने फोन करके कोई जानकारी नहीं दी तो परिजनों को लगा कि मामला शांत हो गया है।

**जान से मारने की दी थी धमकी**

मृतक रंजीत कुमार के भाई दीपक ने बताया कि मेरे भाई रंजीत वाल्मीकि की हत्या हुई है मेरा भाई गोंडा में चेंबर गर्ल्स मेमोरियल स्कूल में अपनी पत्नी सीमा के साथ रहता था। 19 तारीख को कॉल करके हमें बताया कि मेरी वाइफ ने मुझे मारा है तो हम लोगों ने कहा था ठीक है हम आएंगे। शाम को मेरे भाई ने अपनी बिटिया से एक लेटर लिखवा कर के हमको व्हाट्सएप से भेजा था उसमें उन्होंने लिखा था कि यह लोग मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। अगले दिन बात नहीं हुई तो मुझे लगा कि मामला शांत हो गया होगा अक्सर इन लोगों का मारपीट और इस तरीके का विवाद होता रहता था। कल मुझे 3:00 बजे कॉल आई मेरे भाभी के बहन के लड़के की कहा कि आपके भाई ने आत्महत्या कर लिया है। मुझे अच्छे से पता है कि मेरा भाई आत्महत्या नहीं कर सकता है हम लोग हमेशा साथ में रहे हैं हमारे भाई से बहुत अच्छे संबंध थे। पहले मेरे भाई को मारा गया है फिर मार करके उसको लटका दिया गया है फांसी का उसको एक बहाना दिया जा रहा है फांसी नहीं लगाया मेरे भाई ने उसकी हत्या हुई है। इसमें हमारी भाभी और उसके बहनोई का पूरा हाथ है मेरी भाभी का नाम सीमा है वह चैंबर्स गर्ल्स स्कूल में अनुचर के पद पर तैनात हैं। एक लड़की 10 साल की है जिसका नाम लक्ष्मी है एक बेटा 8 साल का है जिसका नाम आदित्य है उसी के साथ यहां पर लोग रहते थे। जब से उनकी मौत हुई है उसके बाद हमारी भाभी ना मेरे भैया को देखने आई है। ना अपने बच्चों को लेकर के उनके पिता को दिखाने के लिए लेकर आई है इसी बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि उन्होंने ही हत्या की है।

## डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा में आज, दिनांक 23/4/2025 को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के विचारों और आदर्शों को जीवंत रूप दिया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सांस्कृतिक निदेशिका डॉ. रेखा शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दिया। प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव रहीं, जबकि डॉ. संजय वर्मा, श्री कृष्ण मोहन एवं श्री ड्रिंकल यादव ने सहयोग प्रदान किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रंगों और रेखाओं के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी कलाकृतियों में डॉ. अंबेडकर के जीवन के विभिन्न पहलुओं, उनके संघर्षों और उनकी दूरदृष्टि को दर्शाया गया था।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. शिशिर त्रिपाठी एवं डॉ. स्मृति शिशिर शामिल रहे, जिन्होंने सभी कलाकृतियों का सूक्ष्म अवलोकन कर विजेताओं का चयन किया।

कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कलाकृतियों के लिए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

**पुरस्कृत छात्र**

प्रथम पुरस्कार : प्रियांशी साहू
द्वितीय पुरस्कार : श्रेष्ठा मिश्रा
तृतीय पुरस्कार (संयुक्त) : अनुष्का विसेन एवं रूबी शर्मा

**विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का शक्तिशाली माध्यम है कला : प्रो. रवींद्र**

प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता और डॉ. अंबेडकर के प्रति उनके सम्मान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कला एक शक्तिशाली माध्यम है जिसके द्वारा हम महान व्यक्तियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। संयोजिका डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं और सहयोगियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने और महान विभूतियों के विचारों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इस चित्रकला प्रतियोगिता ने श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के छात्रों को डॉ. अंबेडकर के जीवन और दर्शन को गहराई से समझने और उसे अपनी कला के माध्यम से अभिव्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे और प्रतिभागियों की कला का उत्साहवर्धन किया।

## टीडी टीके की दस्तक : 10-16 साल के बच्चों को लगेगा सुरक्षा का इंजेक्शन

- स्कूलों में मुफ्त टीकाकरण शुरू

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**





विश्व टीकाकरण सप्ताह के मौके पर पयागपुर में हेल्थ डिपार्टमेंट ने कमर कस ली है। 24 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले विशेष टीडी टीकाकरण अभियान की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। अब 10 और 16 साल के बच्चे रहेंगे पूरी तरह से सुरक्षित, क्योंकि उन्हें स्कूलों में ही लगेगा टीडी का तगड़ा टीका–वो भी बिल्कुल मुफ्त। सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी का कहना है कि यह अभियान उन बच्चों के लिए है जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए थे। खास फोकस रहेगा कक्षा 5वीं और 10वीं के छात्रों पर। टीकाकरण के लिए बुधवार को सीएचसी और बीआरसी पयागपुर में शिक्षकों और एएनएम को ट्रेनिंग का डोज दिया गया। अधिकारियों की मौजूदगी ने बढ़ाया जोश इस मौके पर बीईओ डाली मिश्रा, मनीष द्विवेदी, गोपाल शुक्ल, महेन्द्र सिंह, रामकुमार पाण्डेय और राजेन्द्र शर्मा सहित तमाम एएनएम मौजूद रहीं। टीडी टीका - सेहत का फुल प्रोटेक्शन, स्कूल से सीधा सेफ्टी का कनेक्शन।

**हर स्कूल में टीकाकरण, हर बच्चा महफूज**

बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि अभियान सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को सरकारी, प्राइवेट और मदरसों में चलेगा। आशा और एएनएम कार्यकर्ता घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को खोजेंगी जो अब तक टीडी से चूक गए हैं।

**हर बच्चे की सुरक्षा - हर टीके की जानकारी**

यू-विन पोर्टल पर हर टीके की होगी एंट्री, ताकि कोई भी बच्चा न छूटे और हर रिकॉर्ड रहे अपडेट। स्कूलों के प्रधानाचार्यों को बच्चों की सूची तैयार करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, वहीं टीकाकरण टीमों को पैरासिटामोल और एनाफाइलेक्सिस किट से लैस कर भेजा जाएगा।

## निजी कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह



- जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले को बताया कायराना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पयागपुर विधानसभा का दौरा किया। वह इमलियागंज के ग्राम प्रधान के आवास पर आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुई आतंकी घटना पर प्रतिक्रिया दी। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है उन्होंने इस हमले को कायराना करार दिया। जिले के पयागपुर क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भी उपस्थित रही। पूर्व सांसद के इस दौरे के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## हत्याकांड का पर्दाफाश, कातिल चढ़ा पुलिस के हत्थे

- आरोपी हसुवापारा गांव से गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हसुवापारा में 15 वर्षीय किशोर की हत्या से मचे कोहराम के बाद आखिरकार पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दिल दहला देने वाले इस हत्याकांड में वांछित आरोपी अमित कुमार पाण्डेय को पुलिस ने आखिरकार धर दबोचा है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने 22 अप्रैल को अभियुक्त अमित को हसुवापारा गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया बांस का डंडा भी बरामद किया गया है, जिसे पुलिस ने आलाकत्ल के रूप में जब्त कर लिया है। इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ करुणाकर पांडेय, उपनिरीक्षक धात्रीशंकर सहाय सिंह, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल निर्भयनाथ पांडेय, कांस्टेबल आशीष चौहान, व कांस्टेबल नवीन तिवारी शामिल रहे। सभी की सूझबूझ और तत्परता से यह गिरफ्तारी संभव हो सकी।पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद न्यायालय भेज दिया है। अब देखना होगा कि न्यायालय में क्या रुख अपनाया जाता है, लेकिन फिलहाल इलाके में पुलिस की इस कार्रवाई की खूब सराहना हो रही है। हत्या, साज़िश और गिरफ्तारी – इस कांड के हर पहलू ने पयागपुर को हिला कर रख दिया है।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाली मौन यात्रा

- जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने व आतंक को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जम्मू कश्मीर प्रदेश के पहलगाम पर्यटक स्थल पर बीते दिवस आतंकी घटना में निर्दोष लोगों की हत्या को लेकर आक्रोशित अधिवक्ता समाज ने बुधवार को मौन यात्रा निकाल कर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संदर्भित हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने तथा आतंक को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी, अधिवक्ता विचार मंच से जुड़े अधिवक्ता व अन्य संविधान विशेषज्ञ, कानूनविद अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय परिसर से जिलाधिकारी कार्यालय तक मौन यात्रा निकाल कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता समाज ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संदर्भित ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पहलगाम में घटित आतंकी घटना देश के सम्प्रभुता पर हमला है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाना चाहिए।अधिवक्ता समाज ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से मांग किया है कि जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाकर आतंकियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में हमारे देश के नागरिक स्वस्थ व सुरक्षित रह सके और राष्ट्र के नवनिर्माण में सहभागी बन सके। ज्ञापन देने वालो मे प्रमुख रूप से रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, जिला संयोजक प्रमोद सिंह चौहान, सचिव अमित वर्मा एडवोकेट, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष नितेश चंद्र श्रीवास्तव, हरि गुप्ता एडवोकेट, शोभित बाजपाई एडवोकेट, संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट, विहिप विधि अध्यक्ष अजीत सिंह, एडवोकेट महामंत्री आलोक शुक्ला, अरविंद पांडेय एडवोकेट, नरेंद्र मोहन आर्या, राजन शर्मा, प्रदीप कुमार, तहसील संयोजक डीपी श्रीवास्तव एडवोकेट, कानूनविद अखिलेश कुमार, विवेक सक्सेना बसंत चौहान समेत तमाम अधिवक्ता व कानूनविद उपस्थित रहे।

## गांव के विकास से ही होगा देश का विकास : करण

- क्षेत्र पंचायत की बैठक में बताई सरकारी योजनाएं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कैसरगंज ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में सांसद करण भूषण सिंह ने महत्वपूर्ण संबोधन दिया?। उन्होंने कहा कि भारत की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है इसलिए गांव का विकास देश के विकास के लिए जरूरी है। सांसद ने केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी उन्होंने कहा कि सरकार गांव में रहने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रही है। भविष्य में भी यह सेवाएं जारी रहेंगी।

बैठक में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कैसरगंज विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी गौरव वर्मा भी उपस्थित रहे। सांसद के कैसरगंज आगमन पर हजारों लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन, राजन सिंह, कौशलेंद्र चौधरी, बदलूराम मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, एडवोकेट राघव सिंह, शिवम सिंह, वेद प्रकाश सिंह कुडासर प्रधान अजय सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले पर एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन, फूंका आतंकवाद का पुतला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- केंद्र सरकार से हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटको की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया है।

बहराइच में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद का पुतला फूका और जोरदार नारेबाजी की।

उन्होंने आतंकियों और उनको पनाह देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसान डिग्री कॉलेज के पास जमा हुए प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उनका कहना था कि आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाए कि भविष्य में कोई इस तरह का हमला करने की हिम्मत न करें।

## वृद्धाश्रम में डाबर इंडिया व मुमकिन फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- वृद्ध लोगों की सेवा से बड़ा कोई उपकार नहीं है : मिथलेश कुमार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड व मुमकिन फाउंडेशन के सहयोग से वृद्धाश्रम में संवासियों को डाबर के जूस, इनो व हाजमोला आदि का वितरण किया गया। जूस पाकर अंतः वासियों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर उपस्थित लोकतंत्र रक्षा सेनानी मिथिलेश कुमार ने बताया कि वृद्ध लोगों की सेवा से बड़ा कोई उपकार नहीं है। वृद्धजनों की सेवा करना सौभाग्य की बात है।सदर सुलह अधिकारी राकेश चंद्र ने बताया कि समय-समय पर वृद्धजनो के लिए सेवा भाव का कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए।मुमकिन फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया डाबर इंडिया के सहयोग से मिलने वाला सामान हमेशा आश्रम के लोगों के लिए उपस्थित रहेगा व समय-समय पर आश्रम में दिया जाता रहेगा। जिससे लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे एवं स्वस्थ रहे।इस अवसर पर वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी द्वारा डाबर इंडिया व मुमकिन फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की गई।

# पौधरोपण कर पीएचसी पर बांटीं गई पोषण पोटली

▸ सीएमओ के निर्देशन में चल रहा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अमावा ब्लाक के सन्दीनागिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उत्साहपूर्वक पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सजाकर उत्साहपूर्वक पोषण पोटली बांटी। आपको अवगत करा दें कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा के दिशा-निर्देशन पर चल रहे राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को साकार कर रहे हैं। कर्मचारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने पोषण पोटली बांटने हेतु विश्वास संस्थान के कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डेडीकेटेड कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के डिप्टी जनरल मैनेजर अभिषेक यादव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ वृक्षारोपण करके किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह, बडौदा उ. प्र. बैंक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत क्षय रोगियों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अमावा ब्लॉक की पीएचसी में डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली के सहयोग से विश्वास संस्थान द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 63 क्षय रोगियों को पोषण किट देकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई।

DFCCIL से आए डिप्टी जनरल मैनेजर (मानव संसाधन) अभिषेक यादव व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह ने केंद्र में बरगद का पेड़,बरगद कीकर तथा अन्य वृक्ष लगाकर समाज को एक संदेश दिया।

## छत से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवईया मजरे रामपाल खेड़ा गांव में छत से गिरकर एक महिला घायल हो गई। जिसे एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल महिला सुशीला पत्नी हरिश्चंद्र उम्र 50 वर्ष अपनी छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई हुई थी। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह अपने घर के किनारे स्थित खेतों में लगी सीमेंट की बाउंड्री के ऊपर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में एंबुलेंस के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहा मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए संदर्भित कर दिया गया है।

## अजब प्रेम की गजब कहानी, एक ने खाया जहरीला पदार्थ तो एक ने पिया पेट्रोल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में नाबालिग प्रेमी प्रेमिका के जोड़ों ने मौत को गले लगाने का किया प्रयास, दोनों का गंभीर हालत में इलाज कराया गया है। घटना मंगलवार रात्रि 10:00 बजे के आसपास की बताई गई है। जब थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक प्रेमी तथा नाबालिक प्रेमिका का प्रेम परवान चढ़ने का मामला सामने आया है। जानकारी प्राप्त हुई है नाबालिक किशोर व नाबालिक किशोरी के बीच किसी बात को लेकर आपस में बातचीत हो गई। दोनों प्रेमी और प्रेमिका एक ही गांव और आस पड़ोस के रहने वाले हैं। प्रेमी किशोर के द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया। जिसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका गंभीर हालत में इलाज किया गया। वहीं इस घटना की जानकारी प्रेमिका को जब हुई तो वह भी हैरान व परेशान होकर पड़ोस की ही एक दुकान में जाकर आधा लीटर पेट्रोल खरीद लिया। और आत्महत्या करने की नीयत से पेट्रोल को पी लिया गया। जब प्रेमिका की हालत बिगड़ने लगी तो उनके भी परिजन उसे भी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इस पूरी घटना की जानकारी प्राप्त हुई। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। दोनों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अस्पताल प्रशासन के द्वारा पूरे घटनाक्रम की जानकारी स्थानीय पुलिस को पीआई के माध्यम से दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में बंदर की मौत, विधि-विधान से हुआ अंतिम संस्कार

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मार्ग दुर्घटना में घायल बंदर की मौत हो गई, समाजसेवी ने विधि विधान पूर्वक अंतिम संस्कार कराया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नेरुवा में बंदर की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। खबर मिलते हैं ग्रामीण और समाजसेवी इकट्ठा हुए। समाज सेवी राहुल शर्मा ने बंदर के शव को वन विभाग को देने के बजाय उसका विधि विधान पूर्वक अंतिम संस्कार कराया। ग्रामीण बंदर को हनुमान जी का स्वरूप मानते हुए पूजा अर्चना भी गया। पारंपरिक रीति रिवाज से बंदर की शव यात्रा भी निकल गई। अर्थी को लाल रंग के कफन से ढका गया। शव यात्रा के दौरान ग्रामीण भजन कीर्तन करते रहे और शाम को बंदर की आत्मा की शांति के लिए सुंदर काण्ड भी किया गया। रिद्धि मेडिकल स्टोर के मालिक समाजसेवी राहुल शर्मा ने बताया बंदर का अंतिम संस्कार करना एक मानवीय कर्तव्य है। वन्य पशुओं के प्रति प्रेम और धार्मिक आस्था का परिचय है। इस मौके पर देशराज, दशरथ मास्टर,राकेश शर्मा, नीरज शर्मा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### अधेड़ को परिवार के ही लोगों ने पेड़ से बांधकर लाठी डंडों से पीट कर किया घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** जमीनी विवाद के चलते अधेड़ व्यक्ति को उसके ही भाई और भाभी तथा भतीजी ने मिलकर लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार रात्रि 10:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र शिवगढ़ के ग्राम पूरन खेड़ा मजरे बहादुर नगर निवासी विशंभर पुत्र खुशीराम उम्र लगभग 45 वर्ष को 108 एंबुलेंस के द्वारा गंभीर घायल अवस्था में बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने अधेड़ का प्राथमिक उपचार किया और गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। अधेड़ व्यक्ति दिगंबर के द्वारा जानकारी दी गई है कि उसके ही बड़े भाई व उसकी पत्नी तथा उसकी बेटी के द्वारा मुझे एक पेड़ में बांधकर लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया गया है। जब मारपीट की वजह जानने का प्रयास किया तो जमीनी विवाद का मामला प्रकाश में आया है। फिलहाल अधेड़ व्यक्ति घायल अवस्था में एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया था। पीड़ित व्यक्ति के द्वारा सूचना पुलिस को दी गई है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच का अंतर्राष्ट्रीय काव्य महाकुंभ होगा आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के एक अद्वितीय साहित्यिक संगठन रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के तत्वावधान में एक अंतर्राष्ट्रीय काव्य महाकुंभ का आयोजन रायबरेली की पावन भूमि पर त्रिपुला चौराहा से महराजगंज रोड़ पर लगभग 03 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गढ़ी हरदास पुर के मध्य सी एन जी पैट्रोल पंप के बगल में वरदान रिसार्ट अंजलि टेंट हाउस अमांवा विकास खण्ड में आगामी 26,27,28 अप्रैल को हो रहा है। जिसका उद्घाटन सत्र 26 अप्रैल को प्रातः 09 बजे से होगा और समापन सत्र 28 अप्रैल को रात्रि 09 से 11 के मध्य होगा।इस कार्यक्रम में देश विदेश की नामचीन साहित्यिक हस्तियाँ हिस्सा लेंगी,इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए संस्थापक डॉ शिवनाथ सिंह शिव ने बताया कि हमारी संस्था का लक्ष्य है कि क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधि को बढ़ावा मिले, नवोदित रचनाकारों को भी स्थान मिले, तथा जो लोग साहित्य एवं समाज के मध्य सेतु का निर्माण करने में जीवन की आहुति दे रहे हैं उनको भी सम्मान प्राप्त हो और आपसी समझ बढ़े। केंद्रीय संगठन मंत्री डॉ शिवकुमार सिंह शिव दुसौंती ने बताया कि आज जिस तरह समाज से साहित्य एवं भाषा के शब्द अंग्रेजियत के कारण विलुप्त होते जा रहे हैं यह एक चिंता का विषय है ऐसे कार्यक्रमों में विभिन्न संस्कृतियों का समागम होता है जिससे शब्दों के आदान–प्रदान से भाषा को मजबूती मिलती है अतः यह कार्यक्रम बहुत ही प्रासंगिक है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इन्द्र बहादुर सिंह भदौरिया इंद्रेश ने बताया कि कार्यक्रम संबंधी लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम में हजारों लोग शिरकत करने वाले हैं। जहाँ स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है, वहीं शासन प्रशासन की तरफ से भी पूरा सहयोग प्राप्त है। इस मौके पर डॉ राकेश ऋषभ,रामलखन, कृष्ण कुमार चौधरी, दिनेश चौधरी, अमलेश कुमार अमल और शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

### एक्सिस बैंक बकसरिया शाखा में ग्राहक जागरूकता गोष्ठी संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर)।** एक्सिस बैंक शाखा बकसरिया में प्रबन्धक प्रशान्त कुमार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि खली लुल्लाह खां और डाक्टर हनुमंत मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभा रम्भ किया गया। ब्रांच मैनेजर ने बैंक से मिलने वाली सुविधाओं पर विचार डालते हुए कहा कि बैंक से सहयोग लेकर बड़े से बड़ा व्यापार व किसान अपने खेती उद्योग को बढा सकता है। वहीं पर मनुष्य के लिए सबसे महत्व पूर्ण योजना उसके स्वास्थ्य को लेकर को लेकर है। सुलभ तरीके स्वास्थ्य इंश्योरेंस हमारे ब्रांच में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के खाता खोलने पर अनेकों प्रकार के छूट हमारी बैंक उपलब्ध कराती है। विस्तृता योजनाओं की जानकारी के लिए ब्रांच पर मोबाइल नम्बर 9839161155 से सम्पर्क कर सकते हैं। इस मौके पर उप शाखा प्रबन्धक प्रदीप्त कुमार शुक्ला, अनुराग शुक्ला, वरुन, अभिषेक, रामराज, सुभम सहित ग्राहक विनीश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### डीएम के निर्देश हुए बेमानी, निजी विद्यालयों की मनमानी

**उतरौला (बलरामपुर)।** जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक भले ही मंगलवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कर ली गई हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे पूरी तरह विपरीत है। निजी विद्यालयों ने न केवल बिना अनुमति के फीस बढ़ोतरी पहले ही कर दी है, बल्कि किताबें, यूनिफॉर्म, जूते, कॉपी जैसी वस्तुएं भी अपने मनमर्जी से चयनित दुकानों से अभिभावकों को खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। डीएम द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि कोई भी निजी विद्यालय 10 प्रतिशत से अधिक फीस नहीं बढ़ा सकता और वह भी शुल्क नियामक समिति की अनुमति के बिना, लेकिन यह आदेश तब आया जब नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हुए 20 दिन से अधिक बीत चुके हैं। अधिकांश निजी विद्यालय अप्रैल माह की फीस वसूल चुके हैं, वह भी 15 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी के साथ। अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन की सक्रियता समय रहते होती, तो इसका लाभ मिलता, लेकिन अब तो आदेश पानी सिर से ऊपर जाने के बाद तौलिए से रोकने जैसा प्रतीत हो रहा है। डीएम ने चेतावनी दी कि किसी विद्यालय द्वारा छात्रों को विशेष विक्रेताओं से सामान खरीदने को बाध्य नहीं किया जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि अधिकांश विद्यालयों ने पूर्व निर्धारित दुकानों के पर्चे बांटकर अभिभावकों को वहीं से खरीदारी के लिए विवश कर दिया है। ये सामान बाज़ार दर से दोगुनी कीमत पर बिक रहे हैं। कई दुकानों पर नो रिटर्न, नो एक्सचेंज की शर्तें भी लागू की गई हैं। कुछ विद्यालयों ने ग्रीन डे, ब्लू डे, डांस क्लास, एक्स्ट्रा एजुकेशन पैकेज आदि के नाम पर 2,000 से 5,000 रुपये तक की अतिरिक्त वसूली कर डाली है। डीएम की सख्ती की बातें अभिभावकों को महज एक औपचारिकता लग रही हैं, क्योंकि प्रशासनिक हस्तक्षेप की अनुपस्थिति में विद्यालयों के हौसले बुलंद हैं। निजी विद्यालयों द्वारा आरटीई (निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम) के तहत गरीब बच्चों को प्रवेश देने की अनदेखी भी लंबे समय से जारी है। अधिकतर स्कूलों ने या तो सीटें खाली रखी हैं या फिर फॉर्म लेने के बाद अभिभावकों को टरका दिया है। सवाल यह उठता है कि जब डीएम को यह सब पहले से ज्ञात था, तो कार्रवाई इतने विलंब से क्यों? अब जबकि अधिकांश अभिभावकों से शुल्क वसूला जा चुका है, किताबें बिक चुकी हैं और स्कूल एकतरफा नियम थोप चुके हैं– तब जाकर बैठकों और निर्देशों की बौछार किसलिए अब उम्मीद नहीं, सवाल उठ रहे हैं। क्या इन निर्देशों का अब कोई अर्थ रह गया है? क्या डीएम का आदेश निजी स्कूलों पर लागू भी होगा या यह भी अन्य सरकारी घोषणाओं की तरह सिर्फ कागज़ों तक सीमित रहेगा? क्या ज़िले में एक भी निजी स्कूल को अब तक नोटिस देकर वसूली पर रोक लगाई गई?

## शार्ट सर्किट से लगी आग, आठ घर जलकर खाक, नौ मवेशियों की मौत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



विद्युत शार्ट सर्किट के चलते चकवापुर मजरे बेहटा कला गांव में 8 घर जलकर खाक हो गए। अग्निकांड में जहां 9 मवेशियों की मौत हुई है वही लाखों रुपए कीमत का गृहस्थी का सामान चलकर खाक हुआ है। उक्त गांव स्थित गेंदालाल के घर के निकट लगे विद्युत पोल से उठी चिंगारी ने अचानक छप्पर में आग पकड़ ली। आग ने कामती पत्नी स्वर्गीय पल्लर समेत मंजू पत्नी राकेश सिंह, जगतपाल, अंबिका, नैना पत्नी भोरा, गेंदालाल, गुप्तार व बाराती के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटे देख फायर ब्रिगेड को अग्निकांड की सूचना दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने में लगभग 1 घंटे लग गया। जलापूर्ति से आने वाले पानी से छोटी-छोटी बाल्टियों में पानी भरकर ग्रामीण आग बुझाते रहे। ग्रामीणों के अथक सहयोग के चलते अग्निशमनदल ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड में जहां सभी की गृहस्थी का सामान समेत अनाज, भूसा आदि सामान जलकर खाक हुआ है वही कामती की सात बकरियां, एक भैस व एक पड़िया की आग से जलने के चलते मौत हो गई। उसके घर में रखी 30 हजार की नगदी समेत दरवाजे खड़ी बाइक व साइकिल भी चलकर खाक हुई है। आग से कामती भी झुलस गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया।

### क्षेत्र में दिखा आग का तांडव, कहीं गृहस्थी तो कहीं खेत व बाग हुए जलकर खाक

**बछरावां, रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग घटनाओं में आग का तांडव देखा गया। कहीं घर गृहस्थी तो कहीं खेत व बाग आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गये। पहली घटना खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा गांव की है। जहां बुधवार दोपहर, पुनवासी पुत्र स्वर्गीय सुखलाल के घर को आग ने अपना निशाना बना लिया। देखते ही देखते आग ने आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया और लकड़ी भूसा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने बताया कि उनके निजी दस्तावेज, रु.1500 नगद, सोने व चांदी के आभूषण, कपड़े ऊनी कम्मर व राशन आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गया। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। परंतु ग्रामीणों की सूझबूझ व कड़ी मशक्कत के बाद आसपास मौजूद पानी के संसाधनों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र की कुशेली खेड़ा मजरे इचौली गांव की है। जहां गांव के बगल में स्थित जंगल को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के द्वारा ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं तीसरी घटना चंदोखा मजरे सरौरा गांव की है। जहां के रहने वाले सर्वेश यादव के घर में मौजूद जानवर आग की चपेट में आकर झुलस गए। तथा अन्य घर गृहस्ती का सामान जलकर खाक हो गया। अन्य घटनाएं कुशेली खेड़ा, तथा खैरहनी गांव में डेढ़ बीघे गेहूं की फसल खड़ी हुई आग की चपेट में आ गई, और जलकर खाक हो गई । पखनपुर मजरे हरदोई एवं हरदोई गांव की है। जहां पर भी आग का विकराल तांडव देखने को मिला। फिलहाल प्राप्त जानकारी के अनुसार आग की घटनाओं में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सभी स्थानों पर लेखपाल के द्वारा नुकसान के आकलन किया जा रहे हैं।

## पिकप की टक्कर से बाइक सवार महिलाएं घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर पिकप की टक्कर से बाइक सवार 2 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की अपने गांव दैजुवा खेड़ा मजरे इचौली बछरावां की ओर बाइक पर सवार होकर आ रही बीनू पत्नी रामदुलन उम्र 30 वर्ष एवं सरस्वती पत्नी मैकूलाल




निवासी दैजुवा खेड़ा जैसे ही कुछ कुशेली खेड़ा मोड़ के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे पिकप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दोनो बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा दोनों घायल महिलाओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबा थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## इंसान, जानवर और पक्षी सभी परेशान

**गांवों में जल संकट**

**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूमा फातमा जोत, पतकरपुर, कथरहा एवजपुर, नथईपुर कानूनगो, देवरिया इनायत, दतलुपुर समेत कई गांवों में आदर्श पोखरे, अमृत सरोवर, तालाब एवं नहरें पूरी तरह सूख चुकी हैं,वही विकास खंड उतरौला के कई गांवों के तालाब,पोखरों में पानी नहीं है जिससे इंसान से लेकर जानवर और पक्षियों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण मिश्री लाल यादव, नसीबुल्लाह, राम लौटन वर्मा, हरीश कुमार आदि ने बताया कि जलस्रोतों के सूख जाने से पशुओं को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। गर्मी के इस भीषण दौर में जानवरों की प्यास बुझाने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था न होने के कारण नीलगाय और छुट्टा जानवर आबादी वाले क्षेत्रों में पानी की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि पक्षी भी अपनी प्यास बुझाने के लिए घरों की छतों और अन्य स्थानों पर पहुंच रहे हैं। मनीष कुमार शुक्ला, राजन तिवारी और अन्नू ने बताया कि जल संकट का असर पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य पर साफ दिखने लगा है। कई पक्षी निर्जलीकरण के कारण बेसुध होकर गिरते देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सूख चुके तालाबों, पोखरों व नहरों में जलापूर्ति कराई जाए, ताकि पशु-पक्षियों को राहत मिल सके और क्षेत्र में जल संकट से निपटा जा सके। ग्राम पंचायत सचिव सर्वेश कुमार ने बताया कि स्थिति को देखते हुए संबंधित विभाग को सूचित किया गया है, और जल्द ही तालाबों में पानी भरवाने की कार्यवाही की जाएगी।

## सदाचार ही मानव जीवन का उत्तम श्रृंगार: स्वात्मानंद महाराज

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



विकास क्षेत्र के खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा में हृदय सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस सिद्ध कुटी असनी धाम गंगातट जनपद फतेहपुर से पधारे कथा व्यास स्वामी सूर्य प्रबोधाश्रम जी महाराज (स्वात्मानंद जी महाराज) ने श्रीमद् भागवत कथा महात्म्य पर चर्चा करते हुए कहा की सदाचार ही मानव जीवन का सबसे उत्तम श्रृंगार है, अगर मनुष्य अपने जीवन में सदाचार की परिभाषा को नहीं समझ पाया है तो उसका जीवन व्यर्थ माना जाता है। साथ ही साथ उन्होंने आगे की चर्चा करते हुए महाराज भरत, महाराज अंग, मनु सतरूपा, दक्ष प्रजापति का यज्ञ सहित अनेक कथाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कथा समापन से पूर्व ब्लॉक प्रमुख हिलौली जनपद उन्नाव दिलीप कुमार दीक्षित, बछरावां क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं साहित्यकार भगवान कुमार अवस्थी, नगर पंचायत बछरावां के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी एवं उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह ने महाराज जी का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेट कर उन्हें सम्मानित किया। तत्पश्चात कथा व्यास महाराज जी के द्वारा स्वरचित श्रीमद् हृदय भागवत का अंक उपस्थित गणमान्य जनों को भेंट किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भगवत प्रेमी एवं श्रोता बंधु उपस्थित रहे।

## यहां सरोवर में नहीं पहुंचा अमृत, बेजुबान भी प्यासे

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रेहराबाजार ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कथरहा एवजपुर गांव में स्थित अमृत सरोवर की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक हो गई है। जल संचयन के उद्देश्य से निर्मित यह सरोवर पूरी तरह सूख चुका है। सरोवर की तलहटी में बचा थोड़ा-बहुत पानी भी अब समाप्ति की कगार पर है। स्थानीय निवासी अफजल, राम खेलावन, उदयभान, शिवा, कल्लू, रामू, संचित, दिनेश और रहमत, अफजल, सोनू आदि ने बताया कि सरोवर के सूखने से पशु-पक्षियों को पानी पीने में भारी कठिनाई हो रही है। सरोवर के उचित रखरखाव के अभाव में यह अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सरोवर की मरम्मत करवाई जाए और पानी संग्रहण की स्थायी व्यवस्था की जाए। इस विषय में ग्राम पंचायत सचिव सर्वेश कुमार ने बताया कि अमृत सरोवर का निर्माण अभी कच्चा है और इसे पूर्ण रूप से तैयार किया जाना बाकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सरोवर में पानी भरवाया जाएगा और आवश्यक कार्य पूरे किए जाएंगे। ग्रामीणों को अब प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद है ताकि यह अमृत सरोवर अपने नाम के अनुरूप जल का स्रोत बन सके।

## पहलगाम घटना: हिंदू संगठनों ने आतंकवाद का फूंका पुतला

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में धर्म पूछ कर जिस तरह से सैलानियों की हत्या कर दी गई उससे प्रतीत होता है कि यह आतंकी हमला जिहादी मानसिकता से परिपूर्ण है पहलगाम में हुए क्रूरतापूर्ण आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है और सभी इसका बदला लेने की मांग कर रहे हैं। बुधवार को हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुराई बाग मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर आतंकवाद का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की आतंकी हमले को लेकर हिंदू संगठनों का गुस्सा सातवीं आसमान पर था भाजपा नेता जेपी सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से पहलगाम में आतंकियों द्वारा आतंकी घटना को अंजाम दिया है। इससे देश ही नहीं पूरा विश्व आक्रोशित है पाकिस्तान द्वारा जिस तरह से इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है या बड़ा ही शर्मसार और दुखद का विषय है इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ पूरे विश्व को एकजुट होना चाहिए और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए भाजपा नेता महेंद्र पटेल ने कहा कि जिस तरह से देश में इस्लामिक आतंकवाद फैल रहा है वह विश्व के लिए नासूर है। आतंकियों ने जिस तरह धर्म पूछ कर कायराना हरकत करते हुए सैलानियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है इससे साफ प्रतीत होता है कि वह किस मानसिकता से घिरे हुए हैं। आक्रोशित हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी से इजरायल की तरह सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने की मांग की है। इस मौके पर भाजपा नेता जेपी सिंह, खंड प्रचारक विवेक कुमार, सुधीर जायसवाल, महेंद्र पटेल, रिंकू लोधी, दीपक पांडे, मनोज सोनक, जितेंद्र सोनकर, गंगासागर, निलेश एवं बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सादुल्लानगर थाना परिसर में बैठक आयोजित



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में थाना सादुल्लानगर में आज एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के सर्राफा व्यापारी, पेट्रोल पम्प मालिक, ग्राम प्रधान एवं ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने की, जिन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए क्षेत्र के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की जानकारी साझा की और सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अपील की कि सभी प्रतिष्ठानों के बाहर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे किसी भी आपराधिक घटना की निगरानी एवं त्वरित कार्यवाही संभव हो सके। इस दौरान सभी उपस्थित व्यक्तियों को जागरूक किया गया कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखाई दे, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें, ताकि असामाजिक तत्वों पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## आतंकी हमले के खिलाफ गूंजा विरोध, शोकसभा में दी गई श्रद्धांजलि

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हाल ही में हुए आतंकी हमले में सैलानियों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हृदयविदारक घटना पर नगर में शोक और आक्रोश का माहौल है। इसी क्रम में आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला की ओर से एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हमारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और हमले की कड़ी निंदा की गई।

नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित इस शोकसभा की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने की। उन्होंने घटना को अत्यंत दुखद और अमानवीय करार देते हुए कहा, निर्दोष सैलानियों पर हमला कायरतापूर्ण कृत्य है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पूरे देश को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश देना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को आतंकवाद के प्रति और अधिक कठोर रुख अपनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई न जा सकें। सभा में नगर पालिका के कर्मचारियों, पार्षदों, समाजसेवियों और नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। उपस्थित जनों ने इस बात पर एकमत सहमति जताई कि आतंकवाद के विरुद्ध समस्त देशवासियों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। शोकसभा के दौरान पालिका परिषद द्वारा केंद्र और राज्य सरकार से यह मांग भी की गई कि शहीद श्रद्धालुओं के परिजनों को यथासंभव आर्थिक और सामाजिक सहायता प्रदान की जाए तथा दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका ईओ, सभासदगण, कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि, नगर के गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे। शोकसभा के अंत में श्रद्धांजलि स्वरूप कैंडल मार्च निकालने का भी निर्णय लिया गया, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः पालिका कार्यालय पर समाप्त होगा।

## बक्शे नहीं जायेंगे आतंकी

केंद्र सरकार की बहुत ही अहम बैठक पीएम आवास पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई। जिसमें गृहमंत्री, रक्षामंत्री, विदेश मंत्री सहित सुरक्षा सलाहकार आदि शामिल हुए। वहीं पूरा देश आतंकवादी के खिलाफ सफाई अभियान चलाने की मांग करते हुए विरोध कर रहा है। सभी राजनीतिक दलों के अलावा हिंदू संगठनों के सदस्यों का देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। उधर भारतीय सेना के जवान पहलगाम के बैसारन क्षेत्र में पहुंच गए हैं, जहां कल आतंकवादी हमले में कई लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे। आतंकी हमले के बाद आज सीसीएस की अहम बैठक खत्म होने के उपरांत सरकार कुछ बड़ा करने के प्लान में नजर आई। सरकार इस बार कश्मीर में पूरी तरह से आतंक का सफाया करने के मूड में है। प्रधानमंत्री की ढाई घंटे से ज्यादा देर तक चली बैठक में आतंकियों के खिलाफ बड़े एक्शन का फैसला ले लिया गया है। इस बीच पहलगांव की घटना पर राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट बाद्रा के द्विअर्थी बयान की भी भर्त्सना हो रही है। आतंकी घटना की देश भर में पाकिस्तान परस्त आतंकियों के खिलाफ गुस्सा सातवें आसमान पर है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। बोर्ड ने पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए वक्फ कानून के खिलाफ चल रहे अपने विरोध प्रदर्शनों को तीन दिनों के लिए यानी 25 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। बोर्ड के तहत वक्फ की सुरक्षा के लिए मजलिस-ए-अमल के राष्ट्रीय संयोजक ने एक बयान में कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमला बहुत दुखद और कड़ी निंदा करने योग्य है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंत्रिमंडल ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति एक शोक प्रस्ताव अपनाया। उन्होंने हमले की कड़ी निंदा की और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। ममता ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, कोई जाति नहीं होती। उन्हें माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसके पीछे जो भी लोग हैं, उनके खिलाफ केंद्र सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करे। हमले के विरोध में बुधवार को प्रयागराज में ट्रांसजेंडर सदस्यों ने भी आतंकवाद का प्रतीक एक पुतला जलाया और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते विरोध जताया और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि जो लोग इस कायरतापूर्ण हमले को अंजाम दिए हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोलकाता में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में सैकड़ों बीजेपी समर्थकों ने बुधवार को शहर के बीचोंबीच पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए रैली निकाली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत सरकार उन लोगों को नहीं बख्शेगी जिनके हाथों में ज्यादातर हिंदू लोगों का खून है। ये निर्दोष पर्यटक थे जो अपनी छुट्टियां मना रहे थे, जो अवाचक अपनी धार्मिक पहचान के कारण गोलियों का शिकार हो गए। हमारी सरकार और सेना अब उन लोगों को उसी भाषा में जवाब देंगे जो इन तत्वों का समर्थन करते हैं। अधिकारी ने कहा कि देश के सभी नागरिक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं। हर भारतीय नागरिक पाक प्रायोजित जिहादियों के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है। झारखंड राज्य के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रांची में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मशाल जुलूस निकाला। जुलूस पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदू नरसंहार बंद करो जैसे नारे लगाते हुए निकाली गई। झारखंड कांग्रेस ने भी आतंकी हमले की निंदा की है और इसे मानवता पर हमला बताया। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उन्हें सबक सिखाने की मांग की।

# जम्मू-कश्मीर : हिन्दुओं की पहचान कर मार दी गईं गोलियां, कौन-सा भारत बना रहे हम

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*



**भारत पर पहली बार मुस्लिम आक्रमण 712 ईसवी में हुआ था, तब से लेकर अब तक 1337 साल गुजर चुके हैं, इतने दिनों में सांस्कृतिक भारत कई हिस्सों में बंट चुका है। भारतीय उपमहाद्वीप के अनेक देश इसके प्रमाण हैं, पीढ़ियों के स्तर पर भारत आज अपनी 45 पीढ़ियां औसतन पार कर चुका है, उसके बाद भी शेष भारत और यहां का ज्यादातर बहुसंख्यक समाज (हिन्दू) है, वह समझना ही नहीं चाहता कि आखिर ये इस्लामिक जिहादी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। क्यों मजहब के नाम पर अलग देश लेने के बाद भी ये रुकने का नाम नहीं लेतीं। वास्तव में जब तक भारत के मदरसों एवं अन्य जगह दीनी तालीम के नाम पर, कभी अल्लाह, कभी रसूल, फिर कभी जिहाद के लिए और नफरत फैलाने वाले पाठ पढ़ाये जाते रहेंगे तब तक भारत में आगे भी गैर मुसलमान (हिंदू एवं अन्य) इसी तरह से मारे जाते रहेंगे। आगे भी इसी तरह पहलगाम का वो मंजर सामने आएगा, जिसमें पहले नाम, फिर धर्म और उसके बाद जबरन कलमा पढ़ने के लिए कहा जाएगा, कपड़े उतरवा कर देखा जाएगा कि सुन्नत हुई है या नहीं। तब जो लोग कलमा नहीं पढ़ पाएंगे या हिचकिचाएंगे, उन्हें वहीं पर गोलियों से भून डाला जाएगा। नहीं तो मुर्शिदाबाद जैसी घटनाएं बार-बार दोहरायी जाएंगी, जिसमें एक विशेष वर्ग के जिहादी-आतंकवादी भीड़ में आएंगे, सबकुछ लूट ले जाएंगे, जो शेष बचेगा उसे आग के हवाले करेंगे, पीटेंगे, मारेंगे, आपको गैर मुसलमान होने की सजा दी जाएगी। मजबूरन आप इसी तरह शेष भारत में भी बार-बार इधर से उधर पलायन करते रहेंगे, जब तक आपके अंत की घोषणा नहीं कर दी जाती है।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने अंदर तक झकझोर दिया है। कहने को कहा जा रहा है कि विदेशी साजिश थी, पाकिस्तान का हाथ था लेकिन यह हाथ घर के अंदर आया कैसे? घर के भी कोई अपने थे, जो इस पूरे आतंकवादी घटनाक्रम में शामिल हैं। इंटेलिजेंस इनपुट कह रहा है कि छह आतंकियों में से तीन भारत के नागरिक थे, जिन्होंने विदेशी इस्लामिक आतंकवादियों के साथ मिलकर हिन्दुओं का खून बहाया है।

घटना के बाद से मीडिया में कई रिपोर्ट आई हैं, जिनमें से अनेकों में इस बात को दोहराया गया है कि पुलवामा हमला पार्ट-1 था जो 14 फरवरी 2019 को हुआ था, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। अब पहलगाम हमला पार्ट-2 है जिसे 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों की जान लेकर अंजाम दिया गया है और कई घायल हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान का आतंकी संगठन है। टीआरएफ जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है और भारत इसे पहले ही आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। यह गुट 2019 में तब सामने आया था, जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया था। टीआरएफ ने अब तक सुरक्षाकर्मियों और आम लोगों पर कई हमले किए हैं, जिनमें 2020 में भाजपा नेता और उनके परिवार की हत्या के साथ 2023 में पुलवामा में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या भी शामिल है। साल 2019 के पुलवामा हमले में भी टीआरएफ का नाम आया था।

आज न जानें कितने टीआरएफ जैसे आतंकी संगठन भारत में पल रहे हैं। देखने में यही आता है कि इनके निशाने पर गैर मुसलमान खासकर हिन्दू रहते हैं। आखिर हिन्दुओं को ही क्यों टारगेट किया जाता है? जो लोग आज इसे हमला पार्ट-2 कह रहे हैं, उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह कोई एक, दो, तीन, चार, पांच या अन्य जिसे गिनतियों में समाहित किया जा सके वह जिहादी या गैर मुसलमानों के प्रति चलनेवाला अभियान (पार्ट) नहीं है। भारत में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर अब तक अनेकों आक्रमण हो चुके हैं। इतिहास में मुहम्मद बिन कासिम के बाद 10वीं शताब्दी से तुर्क आक्रमण शुरू हुए, जिनमें महमूद गनवी, मुहम्मद गोरी, बाबर, तैमूर लंग, अलाउद्दीन खिलजी जैसे अंध जिहादियों के आक्रमण प्रमुख हैं।

भारत पर पहली बार मुस्लिम आक्रमण 712 ईसवी में हुआ था, तब से लेकर अब तक 1337 साल गुजर चुके हैं, इतने दिनों में सांस्कृतिक भारत कई हिस्सों में बंट चुका है। भारतीय उपमहाद्वीप के अनेक देश इसके प्रमाण हैं, पीढ़ियों के स्तर पर भारत आज अपनी 45 पीढ़ियां औसतन पार कर चुका है, उसके बाद भी शेष भारत और यहां का ज्यादातर बहुसंख्यक समाज (हिन्दू) है, वह समझना ही नहीं चाहता कि आखिर ये इस्लामिक जिहादी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। क्यों मजहब के नाम पर अलग देश लेने के बाद भी ये रुकने का नाम नहीं लेतीं।

इसी संदर्भ में यह ऐतिहासिक प्रसंग है, जिसके मर्म को सभी को समझना चाहिए; जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे मौलाना मुहम्मद अली ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि, अपने मजहब और अकीदे के मुताबिक मैं एक गिरे से गिरे और बदकार मुसलमान को भी महात्मा गाँधी से बेहतर समझता हूँ। यह चर्चित घटना सन् 1924 की है, जिस का विवरण डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक पाकिस्तान और पार्टीशन ऑफ इंडिया (1940) में दिया है। पूछने पर मौलाना ने अपनी बात को बार-बार दुहरा कर कहा, ताकि गलतफहमी न रहे। समझने के लिए यहां इतना जान लें कि मौलाना मुहम्मद अली बड़े प्रतिष्ठित आलिम थे और गाँधीजी के अन्यतम सहयोगी भी रहे थे। इससे भी मौलाना की संजीदगी समझी जा सकती है। मौलाना ने अपने रिलीजन को केंद्रीय तत्व बड़ी सुंदरता से रखा था। जहाँ आचरण नहीं, विश्वास मुख्य है।

इसी से अभी भारत, इजराइल, सीरिया, ईराक, युरोप के देशों में तबाही कर रहे लश्कर-ए-तैयबा, पासबान-इ-अहले हदीस, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-फुरकान, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत उल-अंसार, हिज़बुल मुजाहिद्दीन, अल-उमर मुजाहिदीन, जम्मू एंड कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, अल-बद्र, जमात-उल-मुजाहिदीन, अल-क़ायदा, दुख्तरान-ए-मिल्लत, इण्डियन मुजाहिदीन, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट, जमात-उल-मुजाहिदीन, इस्लामी स्टेट (आई.एस.आई.एस.), बोको हरम, तालिबान या लश्करे-तोयबा आदि संगठनों के कामों का भी सही वर्गीकरण कर लेना चाहिए।

वे सिरफिरे नहीं हैं, वे बेकार में हिंसा नहीं कर रहे हैं, उनका मकसद साफ है। जैसा भ्रमवश या लोगों को भुलावे में रखने के लिए कह दिया जाता है कि आतंकवादी का कोई मजहब या धर्म नहीं होता, वे उतने ही मुसलमान हैं, इसलिए किसी मुसलमान के लिए गाँधीजी जैसे गैर-मुस्लिमों से अधिक अपने हैं। जिहादी, आतंकवाद के संदर्भ में इस सत्य को ठीक से समझकर ही भारत पर हो रहे राजनीतिक, आध्यात्मिक, अन्य हिंसात्मक, लव जिहाद, लैण्ड जिहाद जैसे अनेक प्रकार के आक्रमणों को समझा जा सकता है।

ईसाइयत और इस्लाम की वैसी मान्यताओं के ठीक विपरीत हिंदू धर्म किसी मतवाद, विश्वास आदि को धर्म का आधार नहीं मानता। इसीलिए हिंदू धर्म उस तरह सामाजिक-राजनीतिक और हिंसक रूप से संगठित धर्म या मत, पन्थ नहीं है, जो अपनी और दूसरों की गिनती आदि का ध्यान रखते हुए धर्म (मजहब) की चिंता कर सके। यह इस की कठिनाई भी है, जो इस पर इस्लाम अथवा ईसायत के संगठित आक्रमणों को अपेक्षाकृत आसान बनाती रही है। अर्थात, हिंदू धर्म की विशेषता एक विशेष परिस्थिति में इस की दुर्बलता भी बनी रही है।

इसी कारण लगातार हिंदू धर्म अरक्षित भी हो रहा है। इसकी इमारत किसी मत-विश्वास पर नहीं, बल्कि सृष्टि मात्र के साथ संबंध पर आधारित है। रिलीजन वाले मतवाद अपने आसपास बाड़ा बनाते हैं। जो उस के भीतर हैं वे अपने हैं और बाकी सब गैर और प्रायः शत्रु भी माने जाते हैं। लेकिन चूँकि हिंदू धर्म ऐसे बाड़े नहीं बनाता और किसी को गैर नहीं मानता। इसी से वह अकेला और अरक्षित भी रह जाता है। मत-विश्वास पर संगठित नहीं होने के कारण उस के अनुयायी आक्रामक रिलीजनों के प्रहार के सामने असहाय हो जाते हैं। जैसे कश्मीरी हिंदू असहाय मारे गए और अपने ही देश में विस्थापित, शरणार्थी बनने को विवश हुए। यह स्वतंत्र भारत में हुआ, पश्चिम बंगाल, समेत कई राज्यों में निरंतर हो रहा है। आज पहलगाम के आतंकवादी हमले में भी वही हुआ है और हिंदुओं को चुन-चुन कर नाम पूछ कर मार दिया गया है। कहना होगा और यही सत्य भी है; वस्तुतः आज जो भारत में घट रहा है, वह दुनिया पर कब्जे की नीति रखने वाले, संगठित धर्मांतरणकारी रिलीजनों को हिंदू धर्म के बराबर कह कर भारत को पिछले कई सौ साल से निरंतर विखंडन के लिए खुला छोड़ दिये जाने का परिणाम है। क्या हम इसे पहचानने से भी इनकार करते रहेंगे? संदर्भ-पुस्तक : आध्यात्मिक आक्रमण और घर वापसी (शंकर शरण-विजय कुमार)

वास्तव में जब तक भारत के मदरसों एवं अन्य जगह दीनी तालीम के नाम पर, कभी अल्लाह, कभी रसूल, फिर कभी जिहाद के लिए और नफरत फैलाने वाले पाठ पढ़ाये जाते रहेंगे तब तक भारत में आगे भी गैर मुसलमान (हिंदू एवं अन्य) इसी तरह से मारे जाते रहेंगे। आगे भी इसी तरह पहलगाम का वो मंजर सामने आएगा, जिसमें पहले नाम, फिर धर्म और उसके बाद जबरन कलमा पढ़ने के लिए कहा जाएगा, कपड़े उतरवा कर देखा जाएगा कि सुन्नत हुई है या नहीं।

तब जो लोग कलमा नहीं पढ़ पाएंगे या हिचकिचाएंगे, उन्हें वहीं पर गोलियों से भून डाला जाएगा। नहीं तो मुर्शिदाबाद जैसी घटनाएं बार-बार दोहरायी जाएंगी, जिसमें एक विशेष वर्ग के जिहादी-आतंकवादी भीड़ में आएंगे, सबकुछ लूट ले जाएंगे, जो शेष बचेगा उसे आग के हवाले करेंगे, पीटेंगे, मारेंगे, आपको गैर मुसलमान होने की सजा दी जाएगी। मजबूरन आप इसी तरह शेष भारत में भी बार-बार इधर से उधर पलायन करते रहेंगे, जब तक आपके अंत की घोषणा नहीं कर दी जाती है।

विचार

# बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन

*कल्याणी शंकर*

इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनाव काफी अप्रत्याशित हैं। अभी तक, भाजपा, राजद, कांग्रेस या जद (यू) के लिए कोई आसान रास्ता नहीं है। बिहार की राजनीति में मंथन चुपचाप हो रहा है। सत्ता की गत्यात्मकता में संभावित बदलाव हो सकता है। पिछले दो दशकों से जनता दल (यूनाइटेड) के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद कर रही है। राजद सरकार का मुखिया बनना चाहता है। दो महत्वपूर्ण शक्ति समूह लड़ाई में हैं। एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। पार्टी के भीतर और भीतरी गतिशीलता पूरे जोश में है। एनडीए और महागठबंधन एक बड़े राजनीतिक मुकाबले के लिए सोची-समझी चाल चल रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, लगातार उन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपा ने अब बिहार पर नजरें गड़ा दी हैं। बिहार की जातिगत राजनीति दिलचस्प है। पिछड़े वर्ग की आबादी 63.13 प्रतिशत है, जबकि सवर्ण जातियां केवल 15.52 प्रतिशत हैं। पिछड़े वर्ग की श्रेणी में अन्य पिछड़ा वर्ग 27.12 है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36 प्रतिशत है। दलितों की संख्या लगभग 19.65 है और यादवों की संख्या 14.26 प्रतिशत है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति, कुर्मी, जिसे ओबीसी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, की आबादी 2.87 प्रतिशत है। पिछले विधानसभा चुनावों में, लगभग 15 प्रतिशत आबादी वाली उच्च जातियों ने कई पार्टियों में टिकट वितरण पर अपना दबदबा बनाया था। भाजपा ने अपने 47.3प्रतिशत टिकट उच्च जाति के उम्मीदवारों को दिये थे, जबकि कांग्रेस ने अपनी 40 प्रतिशत सीटें उच्च जातियों को दी थीं। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में, महागठबंधन 243 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत हासिल नहीं कर सका, केवल 12 सीटों से चूक गया। राजद सदन में सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी।

2025 के चुनावों के लिए, जेडी(यू) ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने की पुष्टि की है। जाने-माने चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार अपना राजनीतिक करियर खत्म कर देंगे। राजद ने अपने नेता तेजस्वी यादव को चुना है। कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस महीने से शुरू हुई कांग्रेस और राजद के बीच बैठकों का सिलसिला जारी है। जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी और भाजपा गठबंधन वर्तमान में बिहार पर शासन कर रहे हैं। नीतीश कुमार की बिगड़ती सेहत, जातिगत संतुलन और गठबंधन के कामकाज ने बिहार को एनडीए के लिए राजनीतिक रूप से अप्रत्याशित बना दिया है।



अगर भाजपा नीतीश को चुनती भी है, तो उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित कर सकते हैं। जेडीयू भाजपा के साथ ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करना चाहती है। 2020 में जेडी(यू)ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा,लेकिन सिर्फ 43 सीटें ही जीत पायी थी। इसके विपरीत, भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं। राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन-वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय-चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं। 2020 के बाद से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम एनडीए के भीतर सत्ता समीकरण में बदलाव रहा है, जिसमें भाजपा मजबूत होकर उभरी है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से गैर-प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गैर-प्रमुख दलित समुदायों को अपने पक्ष में किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के लिए बिहार गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने समाजवादी सहयोगी नीतीश कुमार के साथ सुलह करने के लिए तैयार हैं। इस बयान के जवाब में नीतीश ने कहा कि उन्होंने अनजाने में राजद के साथ गठबंधन कर लिया था। हालांकि, तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। कई लोगों का मानना है कि अपने यू-टर्न के लिए मशहूर नीतीश पाला बदल सकते हैं।

भारत के विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। यह निर्णय 17 अप्रैल को पटना में छह गठबंधन सहयोगियों की बैठक के दौरान लिया गया। महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दलों को चिंता है कि राजद सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करेगा। कांग्रेस पार्टी 2020 में उन्हें दी गयी कमजोर सीटों से नाखुश है। उसने पिछले चुनाव में जिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उन्हें केवल 19 सीटें ही मिलीं। सीपीआई (एमएल), जिसने 2020 में अच्छा प्रदर्शन किया था, सीटों का बड़ा हिस्सा चाहती है। 2005 के बाद से, आरजेडी को 2015 और 2022 में छोटी अवधि को छोड़कर, सत्ता हासिल करने में कठिनाई हो रही है। फिलहाल, तेजस्वी यादव के सामने दो मुख्य कार्य हैं। सबसे पहले, उन्हें मुसलमानों और यादवों के अपने मूल समूहों से परे अन्य जातियों को शामिल करने के लिए समर्थन का विस्तार करने की आवश्यकता है। इसके लिए एक मजबूत जमीनी स्तर का अभियान शामिल है, क्योंकि पारंपरिक मतदान के रुझान बदल रहे हैं।

कांग्रेस ने बिहार में युवा नेतृत्व विकसित नहीं किया है। इसका पुराना कोर ग्रुप मुस्लिम और दलितों के वोट बैंक दूसरे दलों में चले गये हैं। पार्टी ने हाशिए पर पड़े समुदायों पर नजर रखने के लिए संविधान नेतृत्व कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्य दलों को अपने समूहों के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि नीतीश कुमार का ईबीसी बरकरार है और आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन को चुनौती दे रहा है। नवंबर से पहले कई और बदलाव हो सकते हैं, जिन्हें देखना दिलचस्प होगा। राजनीति में एक सप्ताह लंबा माना जाता है। छह महीने वास्तव में लंबे होते हैं।

साहित्य



## कुर्बानियां रंग लाएगी...!

**संजय एम तराणेकर**

वो चिंगारी अब ज्वाला बनकर छाएगी,
ये पहलगाम की कुर्बानियाँ रंग लाएगी।
कायरों ने फिर एक बार लाशें बिछा दी,
माँगों का सिंदूर उन काफिरों उजाड़ दी।
अब धरती माँ फिर से रक्तरंजित हुई है,
निर्दोषों पे कहर से गुस्से में लाल हुई है।

वो चिंगारी अब ज्वाला बनकर छाएगी,
ये पहलगाम की कुर्बानियाँ रंग लाएगी।
क्यों? सैलानियों की बद्दुआएं लेके गए,
अपना जीवन प्रमाण-पत्र छोड़कर गए।
जिसका अब कोई उपयोग हीं न होगा,
ये देश खंगालेगा रूह को काँपना होगा।

वो चिंगारी अब ज्वाला बनकर छाएगी,
ये पहलगाम की कुर्बानियाँ रंग लाएगी।
अब कैसा हश्र होगा? सोच ना पाओगे,
भाग-भागकर थककर चूर हो जाओगे।
आँकाओं की मांद भी इतनी बड़ी नहीं,
औकात तिनके के सामने भी खरी नहीं।



## राशिफल

**मेषः**- महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृषभः**- परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुनः**- मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

**कर्कः**- बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**सिंहः**- नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**कन्याः**- महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

**तुलाः**- निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः**- अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कार्य में आलस्य न करें।

**धनुः**- सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**मकरः**- विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें।

**कुंभः**- राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आलस्य कतई न करें।

**मीनः**- किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

# सशक्त पंचायतों से ही बनेगा विकसित राष्ट्र

*रमेश सर्राफ धमोरा*

भारत गांवों का देश है। यहां की बहुसंख्यक आबादी आज भी गांवों में रहती है। भारत के गांव ही देश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी हैं। इसीलिए कहा जाता है कि जब तक देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन पाएगा। गांव में सुशासन स्थापित करने के लिए ही ग्राम पंचायत की स्थापना की गई थी। हमारे देश के नेताओं को ग्रामीण पृष्ठभूमि का पूरा ज्ञान था इसलिए उन्होंने गांव के महत्व को समझकर ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की थी। उनको पता था कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे तब तक देश मजबूत नहीं होगा। गांव को मजबूत करने के लिए यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सबसे महत्वपूर्ण कार्य था।

आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है लेकिन आज भी देश में हजारों ऐसे गांव हैं जहां पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। जब तक सरकार देश के सभी गांव में समान रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाएगी तब तक देश विकास की दौड़ में पूरी गति से शामिल नहीं हो पाएगा। हम आज पंचायत राज दिवस मना रहे हैं। हमारे देश में 2 अक्टूबर 1959 को पहली बार पंचायत राज व्यवस्था लागू की गई थी। 1993 में त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस भारत में बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह एक संवैधानिक इकाई के रूप में पंचायत राज प्रणाली की स्थापना का प्रतीक है। पंचायत राज प्रणाली भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सत्ता और संसाधनों का विकेंद्रीकरण करना और सहभागी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। पंचायत राज प्रणाली जमीनी स्तर पर लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने और उनके विकास का स्वामित्व लेने में सक्षम बनाती है, जो स्व-शासन और जवाबदेही को बढ़ावा देने में मदद करती है। भारत गांवों का देश माना जाता है और गांव के विकास में पंचायतों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि ग्राम पंचायतों के पंच व सरपंच सीधे ग्रामीणों द्वारा चुने जाते हैं। इसलिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों से सीधा संपर्क रहता है। ग्रामवासी भी अपनी समस्याएं सीधे पंचायत तक पहुंचा सकते हैं। मगर ग्राम पंचायतों की स्थापना के इतने वर्षों के बाद भी अभी तक ग्राम पंचायतें वास्तविक रूप में सशक्त नहीं हो पाई हैं। ग्राम पंचायतें पूरी तरह राज्य सरकारों पर निर्भर हैं। कहने को तो ग्राम पंचायतों को बहुत सारे अधिकार प्रदान किए गए हैं मगर आज तक भी ग्राम पंचायतें अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पाती हैं। आज भी देश की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी प्रभावी रहते हैं। ग्राम पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था लागू होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं पंच, सरपंच निर्वाचित होकर आती हैं। उनमें से कई महिलाएं वास्तव में बहुत अधिक पढ़ी-लिखी होने के कारण पूरी जानकारी रखती हैं। इस कारण वह अपने अधिकारों का पूरा प्रयोग कर लेती हैं। मगर अधिकांशतः सुरक्षित क्षेत्र होने के कारण गांवों के प्रभावी नेता अपने परिवार की किसी महिला को पंच या सरपंच बनवा देते हैं, फिर उनके स्थान पर खुद नेतागिरी करते हैं। वहां की निर्वाचित महिलाएं मात्र कागजी जनप्रतिनिधि बन कर रह जाती हैं। बहुत से स्थानों पर तो महिला सरपंचों के हस्ताक्षर भी उनके स्थान पर काम करने वाले उनके परिजनों द्वारा ही कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में पंचायती राज व्यवस्था के मजबूत होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सरकार बार-बार परिपत्र जारी कर सरपंच के प्रतिनिधियों को पंचायतों के कार्यों में हस्तक्षेप करने से मना करती है मगर धरातल पर सरकार के परिपत्र मात्र कागजी बन कर रह जाते हैं। देश में आज चाहे ग्राम पंचायत हो, पंचायत समिति हो या जिला परिषद् हो। जहां भी महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आती हैं। उनके स्थान पर उनके परिजन ही कार्य करते देखे जा सकते हैं। सभी प्रदेशों की राज्य सरकारों को कड़ाई से इस पर रोक लगानी चाहिए ताकि महिलाओं को भी अपने पद पर काम करने का मौका मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने में आता है कि निर्वाचित पंच, सरपंच पंचायतों की बैठक में घूंघट निकाल कर बैठती हैं क्योंकि वहां उनकी ससुराल के बड़े परिजन भी बैठे होते हैं। आज देश शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तरक्की कर रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपने काम से धूम मचा रही हैं। अब तो सेना को भी महिलाओं के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों का घूंघट निकाल कर बैठना सभ्य समाज के लिए किसी दुखद घटना से कम नहीं है। सरकार को ऐसी घटनाओं पर भी सख्ती बरतनी चाहिये। पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं का जीवन बहुत प्रभावित हुआ है। सही मायने में पंचायती राज ने महिलाओं को समाज का एक विशेष सदस्य बना दिया है। लाखों महिलाऐं सार्वजनिक जीवन में आयी हैं लेकिन अधिकतर निर्वाचित महिलाओं को निर्वाचक सदस्य होने के विषय में पूर्ण जानकारी भी नहीं है। अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण वह प्रभावी नहीं हो पाती हैं। उन्हें यह भी ज्ञान नहीं होता है कि वह एक कुशल प्रशासक भी हो सकती हैं। घूंघट में रहना लोकतंत्र और औरत जाति के लिए चुनौती है। समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है लेकिन औरतों के प्रति लोगों की सोच अभी तक नहीं बदली है। राजनीति घूंघट में रह कर नहीं हो सकती। इसके लिए बेबाक होना पड़ता है। औरतों को अपने से कमतर मानने की सोच के चलते ही उनके चेहरे से परदा नहीं हट पा रहा है। लोकतंत्र की सबसे छोटी संसद पंचायती राज में हालांकि महिलाएं 50 फीसदी सीटों पर काबिज हैं लेकिन इन महिला जनप्रतिनिधियों में से कई पढ़ी-लिखी होने के बाद भी ग्राम पंचायत की बैठकों में घूंघट में बैठी रहकर जुबान ही नहीं खोलती हैं। क्या ऐसी स्थिति के लिए ही पंचायत राज को मजबूती देने का निर्णय किया गया था। क्या इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करने के बाद भी हमारे देश की महिला जनप्रतिनिधियों को घूंघट की ओट में ही जीने को विवश होना पड़ेगा। यह एक बड़ा सवाल है जिसे ना सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियो को गंभीरता से लेना पड़ेगा बल्कि राजनेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों को भी सरपंच पतियों के बढ़ते हस्तक्षेप पर प्रभावी अंकुश लगाना होगा। औरतों के सिर से घूंघट हटाने के लिए लड़कियों के माता-पिता को आगे आना होगा। उन्हें अपनी बेटियों की शादी उसी परिवार में करनी चाहिए जहां घूंघट का बंधन नहीं हो। घूंघट में रह कर औरतें अपनी जिंदगी के ताने-बाने को कैसे बुन सकती हैं? घूंघट में रह कर राजनीति या समाजसेवा नहीं की जा सकती।

आज के समय में ग्राम पंचायतें पैसे कमाने का जरिया बन गई हैं। पंचायत चुनाव में बड़ी मात्रा में पैसे खर्च होते हैं। चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित सरपंच द्वारा जनसेवा के बजाय पैसे कमाने पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इस कारण निर्वाचित जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत के सामाजिक सरोकार के कामों को भूल कर निर्माण कामों में व्यस्त हो जाते हैं। अपनी पंचायत में अधिक से अधिक निर्माण कार्य स्वीकृत करवाने के लिए सरपंच विधायकों, सांसदों के चक्कर काटते रहते हैं। जिस कारण वह उनके दबाव में काम करते हैं। पंचायती राज व्यवस्था को सही मायने में सशक्त बनाने के लिए सरकार को सभी प्रकार के निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों से हटाकर संबंधित विभागों से कराना चाहिए ताकि सरपंच जनता से जुड़ कर उनकी समस्याओं का सही मायने में समाधान करवा सकें।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# जल शक्ति मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सर्वप्रथम शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम काकुन में भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों से नियमित एवं शुद्ध पेयजलापूर्ति के बारे में जानकारी ली। जिसमें ग्रामवासियों ने समुचित जलापूर्ति पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात मंत्री द्वारा इसी योजना के उटियां ग्राम में स्थित 25 एम.एल.डी. वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल शोधन सम्बंधी सभी अवयवों जैसे एरियेटर, क्लेरीफ्लोकुलेटर, फिल्टर यूनिट एवं पम्प हाउस का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होने पानी में क्लोरी मिक्सिंग, वाटर टेस्टिंग लैब, स्काडा सिस्टम (ऑटोमेशन) एवं अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण करते हुये उपस्थित अधिकारियों को ससमय शुद्ध एवं समुचित जलापूर्ति हेतु निर्देशित किया।

शिवहार ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण करने के उपरान्त कबरई ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत कबरई बांध में निर्मित इन्टेकवेल का निरीक्षण किया। जिसमें सभी पम्प एवं स्काडा (आटोमेशन) क्रियाशील अवस्था में पाये गये। उन्होने बांध से इन्टेकवल को प्राप्त होने वाले पानी की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से ली और वर्ष में बांध से योजना हेतु प्राप्त किये जाने वाले पानी को सुरक्षित भण्डारण हेतु निर्देशित किया। योजना के कार्यों से संतोष व्यक्त करते हुये ग्रीष्म ऋतु में विशेष रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिये समुचित प्रबंध किये जाने पर बल दिया एवं योजना के अन्तर्गत सम्बंधित ग्रामों में समुचित जालपूर्ति किये जाने हेतु उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देशित कियां।

कबरई बांध के निरीक्षण के उपरान्त उन्होंने बिरमा भवन के सभागार में जल जीवन मिशन के सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें जनपद में चल रही सभी 05 नग योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं जनपद के शतप्रतिशत घरों में समुचित जलापूर्ति हेतु निर्देशित किया। उन्होंने धर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत उर्मिल बांध में बने हुये इन्टेकवेल का निरीक्षण किया। इन्टेकवेल के कार्यों में संतोष व्यक्त करते हुये उन्होंने ग्राम अतरारमाफ में प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर सयमय जलापूर्ति का औचक निरीक्षण किया। जिसमें ग्रामवासियों एवं विद्यालय के बच्चों द्वारा बताया गया कि उनके घरों में शुद्ध एवं नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पेयजलापूर्ति की जा रही हैं। मंत्री के भ्रमण के दौरान पूर्व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, विधानसभा सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर व अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ-साथ अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) महोबा मोइनुल इसलाम, जल निगम के अधिशासी अभियन्ता इं. संदेश सिंह तोमर, सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गश खाकर गिरा मजदूर, मौत

**राठ(हमीरपुर)।** बाराखंबा चौराहे पर खड़ा मजदूर अचानक गश्त खाकर जमीन पर गिर गया। राहगीर उठाकर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है। मझगवां थाने के नौरंगा निवासी गेंदा रानी ने बताया कि वह बुधवार को पति 45 वर्षीय मानसिंह पुत्र नंदू कुशवाहा व अपनी दो पुत्री संतोषीए मीराए पुत्र नरेंद्र के साथ रिगवारा गांव में पति की भांजी जयदेवी की शादी में जा रहे थे। बताया दोपहर करीब तीन बजे बाराखंबा चौराहे पर पति अचानक गश्त खाकर गिर गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया कि उसके पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए।

# बीच सड़क पलटी भूसा लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, लगा जाम



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के मुख्य मार्ग में भूसे से लदी ट्राली पलटने से मुख्य मार्ग पर जाम लग गया हालांकि ट्रैक्टर चालक ने लोगों की मदद से अपनी ट्राली सीधी करवा मौके से निकल जाने में भलाई समझी। सड़क पर भूसा पड़ा रहने से घंटों जाम की नौबत बनी रही। दोपहर बाद भूसा सड़क से हटने के बाद मार्ग पर वाहनों का आवागमन सुचारू से शुरू हो सका। बुधवार को दिन एक ट्रैक्टर चालक ट्रॉली पर भूसा लादकर बड़े चौराहे से नगर की ओर आ रहा था तभी तेज गति के कारण संतुलन बिगड़ने से दाता बहार शाह के समीप ट्रॉली पलट गई जिससे उस पर लदा भूसा सड़क पर फैल गया इस घटना से मार्ग पर जाम लग गया। ट्रैक्टर चालक ने लोगों की मदद से अपनी ट्राली सीधी करवा मौके से निकल जाने में ही भलाई समझी। सड़क पर भूसा पड़े होने से वाहनों का आवागमन बाधित हो गया फिर भी किसी तरह वहां जाम में फंसे वाहनों रेंगना शुरू कर दिया लोग पहले निकलने के चक्कर में स्थिति को और गंभीर बनाये रहे। दोपहर बाद सड़क से भूसा उठने के बाद मार्ग पर वाहनों का सुचारू रूप से आवागमन शुरू हो सका इस बीच लोगों को काफी दिक्कतों का सामना उठाना पड़ा।

## मकान का गुंडा टैक्स देने से मना करने पर तीन युवकों ने युवक को मारपीटा, हाथ तोड़ा

**राठ(हमीरपुर)।** मकान का गुंडा टैक्स देने से मना करने पर तीन युवकों ने युवक को बेहरमी से मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया। बीच बचाव में आई पत्नी को भी जमकर पीटा। घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। जरिया थाने के पवई गांव निवासी विनीता पत्नी रविन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि वह जुगयाना मोहल्ले में हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अभिमन्यु के मकान में पति व बच्ची किराए से रहती है। रविवार को महोबा निवासी सौमांशु पुत्र विजय कुमार पति से गुंडा टैक्स मांगने लगा।पति ने गुंडा टैक्स देने से मना कर दिया। जिस से गुस्सा सोमांशु चौरसिया के गुर्गे शाम 6 बजे सोनू नाई पुत्र नारायण नारायण नाई ब्रजबिहारी पुत्र प्रताप राजपूत आए और घर के बाहर बैठे पति पत्नी को आते ही सौमांशु गुंडा टैक्स नहीं दिया तो जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पति को मारने-पीटने लगे। पति अपनी जान बचाकर घर के अन्दर भागे। युवकों ने घर के अन्दर घुस कर पति को बेहरमी से मारा.पीटा। बीच बचाव में जब वह आई तो उसे भी मारा.पीटा। मार.मारकर उसके पति का हाथ व उंगलिया तोड़ डाली । पुलिस मे शिकायत करने पर उसके भी हाथ पैर तोड़ने व ग्रहस्थी का सामान सड़क पर फेक देने की धमकी दी है। मारपीट की घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस संबंध में कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# जिले के उद्योगों की समस्याओं के निस्तारण का सीएम से मिला भरोसा



**महोबा।** जिले के क्रशर उद्योग को बचाने के लिए उद्यमियों के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मांग की। मंगलवार को जिले के खनन एवं क्रेशर उद्योग कल्याण समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि बक्स सिंह और महामंत्री देवेंद्र मिश्र ने लखनऊ में आवास पर मुख्यमंत्री से भेंटकर प्रदेश के खनन और क्रेशर उद्योग के हित में तथाअन्य राज्यों से उत्तरप्रदेश में आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अन्य राज्यों के उपखनिज पर आईऐसटीपी (सेस कर) में 50 रु प्रतिघन की वृद्धि किए जाने के लिए धन्यवाद दिया। यूनियन द्वारा प्रदेश में लागू गिट्टी , डस्ट जैसे उपखनिज के वास्तविक मानक के विपरीत घनत्व निर्धारण 1.65 टन प्रति घन मीटर को बढ़ाकर मानक अनुसार 2.84 टन प्रति घन मीटर किए जाने की मांग की जिसे मुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र ही प्रक्रिया पूर्ण कर लागू किए जाने का आश्वासन दिया गया। जनपद में क्रेशर उद्योग के लिए परेशानी का सबब बन चुके कानपुर लखनऊ के रूट डायवर्जन का समाधान शीघ्र होने का भरोसा दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा जिले में स्थापित उद्यमियों तथा नए उद्योग लगाने वाले को शासन प्रशासन द्वारा सहयोग किए जाने का निर्देश दिए जाने का भी आश्वासन दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### हाथीपुर गांव जाकर जिलाधिकारी ने व्यक्त किया शोक

**घाटमपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में महाराजपुर क्षेत्र के हाथीपुर निवासी शुभम द्विवेदी की दुखद मृत्यु पर उनके पैतृक गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से भेंट की। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डीएम ने परिजनों को सांत्वना देते हुए भरोसा दिलाया कि शासन–प्रशासन की ओर से उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### एटीएम बदलकर टप्पेबाज ने निकाले सत्रह हजार रुपये

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के इंडियन बैंक में रुपए निकालने आए युवक का एटीएम बदलकर टप्पेबाज ने 17 हजार रुपए पार कर दिए। युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली के बहपुर गांव निवासी सुमित पुत्र रामौवतार ने बताया कि उसकी बहन अर्चना की शादी 20 अप्रैल को थी। वह 17 अप्रैल को बहन का फिनो कंपनी का एटीएम कार्ड लेकर इंडियन बैंक के एटीएम पर पहुंचा। जहां पर दो बार में पांच पांच हजार निकाले और तब बगल में खड़े युवक ने चालाकी से एटीएम कार्ड बदलकर अपना दे दिया। जब वह एटीएम से बाहर निकलकर बाजार पहुंचा तो उसके मोबाइल पर एटीएम से पैसे निकालने के मैसेज आए। जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। खाते से तकरीबन 17500 रुपए निकाल लिए। आनन.फानन में कोतवाली पहुंचा और तहरीर दी थी।

### घर से लापता मछुआरे का नदी में उतराता मिला शव

**हमीरपुर।** घर से लापता एक मछुआरे का शव बुधवार की दोपहर नदी में उतराता मिला। शव मिलने से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सदर कोतवाली के भिलांवा मुहल्ला निवासी 27 वर्षीय महेश निषाद मजदूरी व मछलियों का शिकार करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। महेश की मां सावित्री ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह नौ बजे घर से निकल गया था। सारा दिन जब वह घर नही आया तो स्वजन कोतवाली पहुंचे और महेश की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। बुधवार की सुबह महेश के कपड़े और कुछ मछलियां यमुना पुल के नीचे घाट पर मिलीं। जिसकी सूचना पर सभी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मछुआरे की तलाश के लिए गोताखोर व नावें लगाईं। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे मछुआरे का शव मेरापुर स्थित पंप कैनाल के पास नदी किनारे उतराता मिला।

### अब पुलिस अधीक्षक की कमान संभालेंगे प्रबल प्रताप सिंह



**महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर बुधवार के रोज आईपीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए है एक दिन पहले आईएएस अधिकारियों के शासन द्वारा किया गया था जिसमे बुंदेलखण्ड के महोबा जिले मे तैनाद डीएम मृदुल चौधरी को झासी जनपद भेजा गया और महोबा मे नई डीएम के रूप में गजल भारद्वाज को कमान सौपी गई है। अभी तक पुलिस अधीक्षक पलास बन्सल ने लगभग 7 माह तक जनता के हितो में सेवाए दी और अपराधियों के उपर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर शांति का माहौल कायम करने का प्रयास किया था लेकिन शासन द्वारा पलाश बन्सल एसपी बांदा नियुक्त किया है वही महोबा के लिए 1992 बैच के पीपीएस प्रबल प्रताप सिंह को 2022 में प्रमोट कर उन्हे आईपीएस बनाया गया था और उन्होंने लखनऊ में भी सेवाएं दी हैं। अब प्रबल प्रताप सिंह को महोबा एसपी बनाया गया है।

# प्रदूषण फैलाने वाले नौ कारखानों को क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने दिया नोटिस

**अधिकारी ने कहा, नहीं मानेंगे तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को कराया जायेगा अवगत, आसपास के लोगों का जीना हराम**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के उद्योग नगरी सुमेरपुर में प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र का प्रयोग न करने से लोगों का जीन हराम हो गया है हालाकि क्षेत्रीय प्रदूषण नियंक्षण अधिकारी ने दावा किया है कि उन्होंने ऐसे नौ लोगो को नोटिस देकर चेतावनी दी है,कहा है कि यदि किसी कल कारखाने के चलने से प्रदूषण फैलता है तो नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को अवगत कराया जायेगा।

जानकारी के मुताबिक जिले में धीरे धीरे प्रदूषण का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, सबसे ज्यादा खराब स्थिति फैक्ट्री एरिया सुमेरपुर की है यहां पर करीब एक दर्जन से अधिक फैक्ट्री संचालित है जिसमे प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र स्थापित तो है मगर उसको सुचारु रुपसे चलाया नहीं जाता है जब किसी अधिकारी का दौरा होता है तो उसे उतने समय ही सक्रिय कर दिया जाता है जिससे आसपास के लोगो को जीनाहराम हो गया है कस्वा वासियों का कहना है कि कस्वे के बाहर बड़े बड़े उद्योग स्थापित है जो रात दिन चलते है उसमे बराबार धुआ निकलता रहता है जो लोगो के स्वास्थ्य के लिये बहुत ही हानिकारक है, यही नहीं जो चिमनिया लगायी गयी हैं, वह भी मानक के अनुरूप नहीं है, यही नहीं अन्य स्थानों में ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण की समस्याएं आ रही है जिससे लोगो में मानसिक विकार उत्पन्न हो रहा है। इसी प्रकार ईट भट्ठो मे भी जमकर प्रदूषण फैल रहा है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी माधवी कमलबंशी का कहना है कि उन्होने सुमेरपुर के फैक्ट्री संचालकों को प्रदूषण नियंत्रण यंत्र सुचारु रूप से संचालित रखने के लिये नोटिस जारी कर दिया है और कड़ी चेतावनी भी दी है इसके बाद वह शीघ्र ही निरीक्षण करेगी।

### नेवेली पावर प्लांट से होने वाले ध्वनि प्रदूषण से लोग परेशान, हमीरपुर व कानपुर सीमा से लगे गांव हो रहे प्रभावित

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर सीमा से लगे नेवेली पावर प्लांट की दोनो इकाईयो के चालू होने से न केवल आसपास ध्वनि प्रदूषण से लोग परेशान हो रहे है बल्कि हमीरपुर शहर के लोग भी प्रभावित हो रहे है। बताया जाता है कि जब पावर प्लांट की इकाई संचालित होती है तो तेज आवाज के साथ शहर में सुनायी पड़ती है लोगों का कहना है कि लगातार तेज आवाज सुनते–सुनते लोग परेशान हो जाते है। उधर डाक्टरों का कहना है कि तेज आवाज लगातार सुनने से लोगों के दिल दिमाग व ह्रदय पर सीधा असर जाता है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी का कहना है कि पावर प्लांट की जांच–पड़ताल कानपुर नगर के अधिकारी देखेंगे उनसे कोई मतलब नहीं है। इधर एडी फैक्ट्री कानपुर नगर सचिन यादव ने बताया कि वह पावर प्लांट का निरीक्षण करेगे यदि कोई समस्या आती है तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा।

## स्कार्पियो पलटने से युवक की मृत्यु

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के वार्ड सात निवासी युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं शोक के माहौल में आज उसका अंतिम संस्कार यमुना नदी के किनारे किया गया कस्बा कुरारा निवासी आर्यन(21) पुत्र स्वर्गीय रामबाबू श्रीवास जनपद ललितपुर में कोतवाली में तैनात था। वह अपनी बहन की शादी में घर आया था। 16 अप्रैल को बहन की शादी के बाद वह घर में था। मंगलवार को वह स्कॉर्पियो गाड़ी से हमीरपुर किसी कार्य से गया था वहां से देर रात घर वापस आते समय स्कॉर्पियो झलोखर गांव के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिसमे दबकर आर्यन की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है तथा शोक के माहौल में उसका अंतिम संस्कार यमुना नदी में किया गया है।इस दौरान लोगों की भीड़ एकत्र रही।

## खड़ी पराली में लगी आग, फसल को किसी तरह बचाया गया

**कुरारा(हमीरपुर)।** सुबह शिवनी गांव के कुतुबपुर हार में खेतों में खड़ी पराली में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें आसपास के खेतों में जिन किसानों की गेंहू की फसल खड़ी हुई थी उन लोगो ने दमकल दस्ते को सूचना दी तब मौके में पहुची दमकल दस्ते ने आग पर काबू पाया। कुरारा विकास खंड क्षेत्र के शिवनी गाँव के कुतुबपुर हार की तरफ रमेश सिंह गुरुदयाल छोटे रामकिशोर बलराम आदि के खेत है जिनकी गेंहू की फसल हार्वेस्टर से कट चुकी है। परंतु आसपास के रामबाबू प्रजापति प्रमोद प्रजापति श्याम बाबू प्रजापति रामनारायण सविता आदि के खेत मे मजदूरों से कटी गेंहू की फसल पड़ी हुई थी। जिसपर आग का विकराल रूप देखते हुए उक्त लोगो ने दमकल दस्ते को फोन कर सूचना दी।

## हजरत दीवान शहीद बाबा का तीन दिवसीय उर्स शुरू, आज होगी चादरपोशी



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र के प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवान शहीद बाबा के तीन दिवसीय सालाना उर्स बुधवार से शुरू हो गया जिसमें आज जुमेरात को सुबह कुरान ख्वानी होगी जिसके बाद दिन में लगंर व शाम में चादरपोशी की जाएगी। कस्बे के मोहल्ला बाघू स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत दीवान शहीद बाबा रह. का तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। उर्स में बुधवार की रात आस्ताने में मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया जबकि आज बृहस्पतिवार को सुबह कुरान ख्वानी के बाद लंगर व शाम में चादरपोशी होगी। जिसके बाद देर रात तक महफ़िल ए शिमां का आयोजन होगा। उर्स के शुरू होते ही हजारों की संख्या में अकीदतमंद दरगाह पर जियारत के पहुंचने लगे है। वहीं कल शुक्रवार को सुबह कुल की फातिहा के साथ उर्स का समापन होगा। यह जानकारी मौलाना शोहिल अहमद अत्तारी ने दी है।

# क्रय केंद्र में किसानों का सैकड़ों कुंतल गेहूं खुले में पड़ा

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा पनवाड़ी में राजकीय गेहूं क्रय केंद्र देवगनपुरा एवं बुढ़ेरा रोड पनवाड़ी में संचालित है दोनों राजकीय गेंहू क्रय केन्द्र में किसानों का सैकड़ो कुंतल गेहूं खुले मैदान में पड़ा है जिसका उठान न होने के कारण किसानों के गेंहू खरीद नहीं हो पा रही है एक ओर सरकार दावे कर रही है कि किसानों के लिए राजकीय गेहूं क्रय केंद्र 1 मार्च 2025 से 15 जून 2025 तक संचालक किए गए हैं जहां पर किसानों का गेहूं खरीदा जा रहा है वहीं दूसरी ओर सरकारी सिस्टम गड़बड़ होने के कारण कर्मचारी एवं अधिकारियों की लापरवाही के चलते राजकीय गेहूं क्रय केदो पर गेहूं का उठान नहीं हो रहा है उठान न होने के कारण किसान हफ्तों से अपना गेहूं बेचने के लिए राजकीय गेंहू क्रय केन्द्र के गणेश परिक्रमा लगा रही है इसी प्रकार राजकीय गेंहू क्रय केन्द्र भरवारा, बैन्दो, कोटरा, किल्हौबा, पहाड़िया, खेरोकला आदि गेंहू क्रय केन्द्रों में गेंहू की उठान न होने ओर बारदाना न आने के कारण गेंहू की खरीद नहीं हो पा रही है इस संबंध में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति देवगनपुरा के सचिन अशोक पाल से बात की तो उन्होंने बताया कि उठान के लिए ट्रक ना आने के कारण लगभग 500 कुंतल गेहूं खुले मैदान में पड़ा है जैसे ही गेहूं का उठान हो जाएगा तुरंत ही किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा।

# बैठक में दोनों पक्षों में चले लाठी-डंडे, महिलाओं ने शौचालय में घुसकर बचायी जान

**राशन की दुकान आवंटन को लेकर मचा बवाल, पुलिस ने शुरु की जांच**

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के टोला गांव में पंचायत भवन में चल रही सरकारी राशन की दुकान की खुली बैठक के दौरान दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व पत्थर बरसाए गए। मारपीट के दौरान होमगार्ड सहित पांच लोग घायल हो गए। मारपीट के दौरान महिलाओं ने शौचालय में घुसकर अपनी अपनी जान बचाई है। मौके पर मौजूद एक दरोगा व एक सिपाही भीड़ को नहीं संभाल पाए। दोनों पक्षों ने कोतवाली में एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है।

टोला गांव निवासी पूरन सिंह पुत्र नारायण दास ने बताया कि वह होमगार्ड के पद पर कोतवाली में कार्यरत हैं। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे गांव की पंचायत भवन में सरकारी राशन की दुकान के लिए खुली बैठक चल रही थी। बैठक के दौरान राशन की दुकान के लिए वोट संबंध को लेकर वहां मौजूद आधा दर्जन से अधिक लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी लोग लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। बीच बचाव में आए उसके भाई खेमचंद्रए भतीजा अजय को भी जमकर मारा.पीटा। मारपीट से उसके सिर व भाईए भतीजे के पैर में चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष से पवन पुत्र अवधेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम प्रधान व उसके साथियों ने बैठक के दौरान वोट अपने समर्थन में डालने की बात कही थी। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं अनमोल मिश्रा पुत्र सुरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ग्राम प्रधान के पक्ष में समर्थन न करने पर ग्राम प्रधान ने अपने भाई व साथियों के साथ मिलकर लाठियों से मारा-पीटा। मारपीट से उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं बीच बचाव में आई महिलाओं ने शौचालय में में घुसकर अपनी जान बचाई है। इस संबंध में सीओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# आतंक की इंतेहा है.. भारत के सब्र का इम्तिहान है: उपेंद्र द्विवेदी

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



हाल में ही हुए कश्मीर की खूबसूरत वादियों में क्रूर नरसंघार जो आतंकवादियों ने किया उस पर उपेंद्र द्विवेदी ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि कश्मीर की खूबसूरत वादियां क्रूर आतंकियों के हाथों फिर से खून से लहूलुहान हो गई है। बेकसूर मासूम पर्यटकों को उनका नाम और धर्म पूछ कर मौत के घाट उतार दिया गया। 27 पर्यटकों को अपनी जान गंवाना पड़ी और उनके साथ उनके परिजन और पूरा देश सिरह उठा है। यह आतंक की इंतेहा है और भारत के सब्र का इम्तिहान भी।

आतंकवादी संगठनों ने पाकिस्तान को अपना ठिया बनाकर भारत को टारगेट बना रखा है। आखिर यह कब तक चलता रहेगा। कश्मीर में पाक प्रेरित आतंक के पांव फिर पसरने से घाटी हिल उठी है। विगत डेढ़ दशकों में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है।

जब तक कश्मीर में ही आस्तीन के सांप की तरह जो अलगाववादी नेता हैं जो खाते भारत की है और बजाते पाकिस्तान की है इन्हें एक-एक कर चिन्हित करना अब जरूरी हो गया है। जब तक कश्मीर के आस्तीन में यह सांप मौजूद रहेंगे घाटी कभी भी शांत नहीं हो पाएगी। कड़े से कड़े कदम की आज दरकार है। यह बड़ा ही नाजुक वक्त है ऐसे कठिन समय में पूरे देश को एकजुटता के साथ खड़े रहना है। तमाम मतभेद और असहमतियों से ऊपर उठकर हमें केवल और केवल हमारे देश भारत की चिंता करनी है। क्योंकि जिस खतरे के मुहाने पर अब भारत खड़ा है उससे निपटने के लिए देश की आंतरिक व्यवस्था को सुदृढ़ होना बहुत जरूरी है। राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे नाजुक प्रसंग पर राजनीति बिल्कुल ना करें पक्ष विपक्ष की विरोधाभासी बयान बाजी और हमलों के अन्य कई मुद्दे हैं लेकिन कम से कम आज के इन हालातो में पक्ष विपक्ष दोनों से देशहित में परिपक्व भूमिका की अपेक्षा है।

आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय सल्तनत की आंखों में भारत हमेशा किरकिरी रहा है। विगत डेढ़ दो दशकों में भारत की हर क्षेत्र में जो ताकत बड़ी है वही दुश्मनों को नागवारा लगी है। और एक बार फिर आतंक का नंगा नाच कश्मीर में दिखाकर आतंकियों ने भारत को फिर से ललकारा है। अब जवाब देने का वक्त है।

# जनता की समस्याओं को दूर करना सर्वोपरि लक्ष्य : डीएम



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को विकास खंड पूरेडलई के प्राथमिक विद्यालय खुटौली में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुँचे जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों /प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद चौपाल में उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना और सरकार द्वारा मिल रही विभिन्न योजनाओं के विषय में जनता से संवाद कर मिल रही योजनाओं का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने मनरेगा योजना, वृद्धा, निराश्रित व दिव्यांग पेंशन सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी ली और कहा कि सभी पात्रों को शतप्रतिशत पेंशन स्कीम का लाभ दिलाया जाए। स्वयं सहायता समूह की दीदिओं से बातचीत की और उनके द्वारा किये जा रहे स्वावलंबन कार्यों के विषय में जानकारी ली। गांव के जगपाल उर्फ जसई ने कहा कि उनके पट्टे वाली भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है जिसपर जिलाधिकारी ने पीड़ित की भूमि दिलाने के लिये एसडीएम को निर्देश दिए। दिव्यांग अतुल कुमार ने कहा कि उन्हें बैटरी ई-रिक्शा तो मिला परन्तु उसका चार्जर अभी तक नहीं मिल पाया है इसके अलावा दिव्यांग शौचालय की भी मांग की जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को शीघ्रता के साथ जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाए और पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत कराई जाए। खराब हैंडपंप की मरम्मत कराने और रोस्टर के अनुक्रम में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखने के निर्देश दिए। एक अन्य ग्रामीण ने बारात घर बनवाने का अनुरोध किया जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही खराब पड़ी हाईमास्ट लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं को दूर करना सर्वोपरि लक्ष्य है।

- खुटौली में आयोजित ग्राम चौपाल में डीएम ने सुनी जनता की समस्याएं

### अन्नप्राशन और गोदभराई कराई

जिलाधिकारी ने चौपाल में शिशुओं को अन्न प्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई और सम्बंधित अधिकारियों से उनके स्वास्थ्य पर ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर, एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, परियोजना अधिकारी मनीष कुमार, ब्लॉक प्रमुख पूरेडलई रत्नेश सिंह, चेयरमैन टिकैतनगर जगदीश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोरों को बंद करने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर के बाहर बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोरों को बंद कराने के साथ ही अस्पताल परिसर की बाउंड्री को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिये सम्बंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव सिंह, सीएचसी अधीक्षक टिकैतनगर विजय कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## अग्निकांड के तीन मृतक परिजनों को त्वरित कार्यवाही कर दी गई आर्थिक सहायता

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

रामनगर तहसील के ग्राम पूरे जबर में 22 अप्रैल को हुए अग्निकांड के तीनों मृतक के परिजनों को जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाई करके परिजनों को प्रत्येक मृतक चार लाख कुल 12 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। ग्राम पूरेजबर परगना व तहसील रामनगर में अग्निकांड से राजमल विश्वकर्मा पुत्र रामकृपाल के छप्परनुमा मकान में आग लग गयी।

इस घटना में पिंकी देवी उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी राजमल विश्वकर्मा व शिवानी उर्फ मोहनी उम्र लगभग 04 वर्ष पुत्री राजमल विश्वकर्मा व दीपाली उम्र लगभग 08 माह पुत्री राजमल विश्वकर्मा की घटना स्थल पर जलने के कारण मृत्यु हो गयी तथा राजमल विश्वकर्मा पुत्र रामकृपाल व ओमकार उर्फ देवेन्द्र पुत्र राजमल विश्वकर्मा घटित घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये है। जिनके उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है।

इस घटना में दैवीय आपदा अन्तर्गत 03 मृतक व्यक्तियों की आर्थिक सहायता प्रति व्यक्ति रुपये चार लाख कुल 12 लाख की आर्थिक सहायता विधिक वारिस राजमल विश्वकर्मा पुत्र रामकृपाल को अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसके साथ ही मकान क्षति के रूप में अहैतुक सहायता मु0-8000/-रू0 ई-पेमेन्ट के माध्यम से की जा रही है। पीड़ित व्यक्ति के अधिवासन हेतु एक आवास प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत उपलब्ध कराया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव बरामद

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना रामनगर के क्षेत्र मे उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियो मे पाया गया।परिजनो ने प्रेमी युवक के परिजनों पर हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया है।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस बल के कोतवाल अनिल कुमार पाण्डे ने सीओ गरिमा पंत के निर्देशन में मामले की छानबीन शुरु कर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार लोढ़ई पुरवा मजरे ग्राम पंचायत मीरपुर निवासी रोली देवी पुत्री लल्लू राम यादव उम्र करीब 18 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियो मे बुधवार को सुबह अंकित कुमार पुत्र माता प्रसाद के दरवाजे पर दुपट्टे के सहारे बल्ली से लटका मिला।जिससे क्षेत्र मे हड़कंप मच गया।परिजनो को जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचित किया।सूचना के बाद मौके पर सीओ गरिमा पंत,कोतवाल अनिल कुमार पांडे मय पुलिस बल के साथ पहुंच गये।पुलिस ने जाच पड़ताल शुरु की।मृतका के भाई अजय कुमार यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अंकित कुमार पुत्र माता प्रसाद चौहान सहित अन्य परिवारीजनो के खिलाफ हत्या कर शव लटकाये जाने की तहरीर पुलिस को दी है।इन्होने एक दिन पूर्व से ही मृतक युवती के घर से गायब होने और आरोपी से फोन पर बात करने की बात कही है।पुलिस ने मामला पंजीकृत कर छानबीन शुरु कर दी है।प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का लगता है।परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।गांव में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल तैनात है।

### बदले गये आंधी-तूफान में टूटे बिजली के खम्बे, आपूर्ति बहाल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में आई आंधी पानी से क्षतिग्रस्त हुए बिजली के खंभों के लगाने का मरम्मत कार्य पूरा हुआ। उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल ने मौलाबाद, बेलुपुरवा और पैरी गांव में किये गए कार्यों का निरीक्षण किया। एसडीओ ने विद्युत कर्मचारियों के साथ खड़े होकर बिजली के खंभे व तार लगवाकर आपूर्ति बहाल करवाया। विद्युत विभाग के कर्मचारी खंभों की मरम्मत के साथ-साथ तारों को भी दुरुस्त किया।उपखंड अधिकारी अभिषेक मल्ल ने बताया कि सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।गांवों में कुछ उपभोक्ताओं के यहाँ अभी सप्लाई नहीं जा रही है वहां भी विद्युत कर्मचारी पहुच लगातार काम कर रहे हैं।इस अवसर पर विद्युत कर्मचारी सुशील कुमार, मोहित कुमार सहित तमाम कर्मचारी मौके पर मौजूद मिले।

### दुकानों से हजारों का सामान उठा ले गए चोर

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात दो दुकानों से चोर हजारों का सामान बटोर ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की।

घटना थाना क्षेत्र के टिकरा बाजार की है। मंगलवार की रात एक होटल और एक लोहे के सामान की दुकान से चोर नकदी और कीमती सामान उठा ले गए।होटल के मालिक राजू ने बताया कि रात में दुकान बंद करके वह घर चले गए थे। सुबह जब दुकान खोलने आए तो गुमटी का पटरा टूटा हुआ मिला। गल्ले में रखे करीब 250 से 300 रुपये गायब मिले। इसी तरह पास में स्थित रमापति विश्वकर्मा की लोहे के सामान की दुकान में भी चोरी हुई। चोरों ने यहां भी पटरा तोड़कर दुकान से सामान चुरा लिया।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की।

### अवैध पोस्ता छिलका के साथ दो गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जैदपुर पुलिस ने दो लोगो को 12 किलो 275 ग्राम अवैध? पोस्ते के छिलके के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान जैदपुर पुलिस ने चदौली? मोड़ से आते समय मानपुर डेहूंआ रोड के पास मोटर साइकिल यूपी 41बीएच 1961 पर सवार विपिन पुत्र विक्रम निवासी डेहुंआ, चंद्रमूल उर्फ नन्कऊ, पुत्र भगौती निवासी डेहुंआ थाना जैदपुर को 12 किलो 275 ग्राम अवैध पोस्ते के छिलके के साथ गिरफ्तार कर लिया।दोनो आरोपियो के विरुद्ध जैदपुर ने संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल नहर में गिरी, एक की मौत दूसरा घायल

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कोटरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। जिसमें बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी अमित 22 वर्ष अपने दोस्त नीलेश के साथ ग्राम सिकरी व्यास किसी काम से गया था। बताया गया कि मंगलवार की देर अमित ग्राम खदानी अपनी बहन के यहां जा रहा था। इसी दौरान कोटरा थाना में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नहर पुलिया में गिर गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद मची चीख पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दोनों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि अमित बाहर रहकर किसी कंपनी में काम करता था। उसके पिता जगत सिंह गांव में रहकर मजदूरी करते हैं, वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।कोटरा थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि बाइक सवार नशे की हालत में थे, इसी से वह गिर गए थे, इसमें एक युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना परिजनों को दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रोजगार मेले का आयोजन 25 को

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी आलोक मिश्रा ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 25 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे से कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला व कॅरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में आये हुए अभ्यर्थियों की कॅरियर कॉउन्सिलिंग के माध्यम से उनके उज्जवल भविष्य निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन, जानकारियों से अवगत कराया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सभी अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनियों द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने वायोडाटा सहित जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर जालौन स्थान उरई में उपरोक्त तिथि को कॅरियर कॉउन्सिलिंग एवं रोजगार मेले में आने वाली कम्पनियों में साक्षात्कार, चयन हेतु उपस्थित हो। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थी किसी भी कम्पनी को नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार का ऑनलाइन व ऑफलाइन लेनदेन न करें। यदि कोई भी अभ्यर्थी किसी प्रकार का ऑनलाइन व ऑफलाइन लेनदेन करता है, तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

## देश की एकता व अखंडता पर हमला है पहलगाम अटैक : राजनाथ




बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में बीते मंगलवार को हुए आतंकी हमले की गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस हमले को नृशंस और अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि यह देश की एकता और अखंडता पर एक दुस्साहसिक हमला है। शर्मा ने इस घटना में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बुधवार को गांधी भवन में एक शोकसभा आयोजित की गई। इस सभा में आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाकर घटना की कड़ी निंदा की गई। सभा में मौजूद वरिष्ठ समाजवादी नेता ज्ञान सिंह यादव ने कहा पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर मानवता को झकझोर दिया। इस हमले के बाद पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और सरकार से कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा करता है। सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार सिंह ने कहा यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुस्साहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए। सभा में प्रमुख रूप से मृत्युंजय शर्मा, अशोक जायसवाल, पत्रकार संतोष शुक्ला, अजीज अहमद, मनीष सिंह, नसीम खान, विनोद भारती, जमील उर रहमान, नीरज दूबे, विजय कनौजिया, पाटेश्वरी प्रसाद, मन्ना वर्मा, सियाराम वर्मा, साकेत संत मौर्य, उमेश श्रीवास्तव, राजेश यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

## पंचायती राज अधिनियम पर शोध आधारित लोक विमर्श का हुआ आयोजन

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



- ग्राम पंचायत की प्रक्रियाओं, गतिविधियों की ग्राम सभा सदस्यों को नहीं होती जानकारी
- इंडिया पंचायत फाउंडेशन, पंच परमेश्वर विद्यापीठ, तीसरी सरकार अभियान उत्तर प्रदेश एवं आदर्श सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

रामनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत अशोकपुर चाचू सराय के पंचायत सचिवालय में इंडिया पंचायत फाउंडेशन, पंच परमेश्वर विद्यापीठ, तीसरी सरकार अभियान उत्तर प्रदेश एवं आदर्श सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पंचायती राज अधिनियम पर आधारित शोध कार्य के तहत ग्राम पंचायत लोक़ विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के ग्राम प्रधान राजकुमार गौतम और कई वार्ड सदस्य तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्राम सभा सदस्य उपस्थित हुए। लोक विमर्श में तीसरी सरकार अभियान के जोनल कोऑर्डिनेटर रत्नेश कुमार ने बताया के ग्राम पंचायत को हम सेल्फ गवर्नमेंट या तीसरी सरकार कहते हैं। केंद्र की सरकार पहली सरकार और राज्य सरकार दूसरी सरकार है, इसी प्रकार पंचायती राज अधिनियम में ग्राम पंचायत को तीसरी सरकार या सेल्फ गवर्नमेंट के रूप में संविधान ने मान्यता दी है। जानकारी के अभाव में पंचायत प्रतिनिधि इसे सेल्फ गवर्नमेंट के रूप में नहीं स्थापित कर पाए हैं। लोक विमर्श में उपस्थित प्रतिभागियों से पंचायत की गतिविधियां, बैठकों की प्रक्रिया, बैठक का कोरम, और जीपीडीपी निर्माण जैसे कई विषयों पर खुली चर्चा की गई। ग्राम सभा सदस्यों ने बताया कि पंचायत में ना तो समितियों की बैठक होती है और ना ही जीपीडीपी निर्माण की कोई जागरूकता इससे ग्राम पंचायत विकास से जुड़ी बातें जनता के समक्ष नहीं आती हैं। आदर्श सेवा संस्थान के सचिव डॉक्टर सुरेशचन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत की बैठक की प्रक्रिया विशेष बैठक का आयोजन और बैठक का कोरम आदि विषयों की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं है, लोक विमर्श इसी विषय को लेकर किया जा रहा है ताकि पंचायत का हर मतदाता पंचायत विकास में सहभागी बन सके। लोक विमर्श में करीब आधा सैकड़ा ऐसे सवाल एवं उनके सुझाव उपस्थित जनों से लिए गए जिन पर पंचायत के प्रतिनिधियों व मतदाताओं को जानकारी में नहीं थे। ग्राम पंचायत कैसे काम करती है, ग्राम पंचायत बैठकों की कार्यक्रम सूची, ग्राम निधि, ग्राम पंचायत के निर्णयो पर पुनर्विचार, समितियों के अध्यक्ष व सचिव आदि विषयों पर सुझाव लिए गए।

### लोक विमर्श में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान : राज कुमार

वार्ड सदस्य राजाराम, हाशिम, कन्हैयालाल, पंचायत सहायक रोली रावत सफाईकर्मी नैपाल सिंह यादव मतदाता राम अवध, रामकुमार, रामविलास, स्वयं सहायता समूह की पदाधिकारी कान्ति देवी, शर्मा देवी, गीता शर्मा, सुमन शर्मा, आरती शर्मा, शशि शर्मा, लीलावती शर्मा, सुनिता शर्मा, राधारानी वर्मा, लाजवंती रावत, संन्नो खातून, नीता, अफरोज जहाँ, अनुसूईया, सुशीला देवी, सोना देवी, प्रीति शर्मा, शीला देवी, साधना शर्मा, बीनू रावत, ममता, फूलमती आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पति-पत्नी की आपसी लड़ाई में पत्नी हुई लापता

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पति पत्नी की आपसी लड़ाई में पत्नी लापता हुई।लड़की के पिता ने जैदपुर थाने में शिकायत कर दामाद द्वारा छुपाये जाने का आरोप लगाया है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है?।जानकारी के अनुसार विशम्भर पुत्र कल्लू ग्राम टांडपुरवा मजरे गोठिया थाना जैदपुर न जैदपुर पुलिस को बताया प्रार्थी के दामाद विवेक पुत्र सुरेश चन्द निवासी ग्राम तोगापुर मजरे याकूतगंज थाना जैदपुर बाराबंकी द्वारा दिनांक 21-4-25 को समय करीब 3:30 बजे रात मे बताया गया कि मेरी पत्नी नेहा वर्मा से झगड़ा हुआ था जिसको छोड़ने में टांडपुरवा पहुंचा और गाड़ी रोककर सामान निकालने लगा तभी हमारी पत्नी चली गई।उसके बाद प्रार्थी को जगा के बुलाया।ससुर दामाद के काफी तलाश करने पर मिली नहीं।मुझे शंका है कि मेरी पुत्री को विवेक कहीं छुपाए है। उक्त मामले में जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## डीएम ने पारिजातधाम का किया निरीक्षण व दर्शन-पूजन

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के बरौलिया गांव स्थित पारिजातधाम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले पारिजात वृक्ष के दर्शन-पूजन किए।परिसर की स्थिति देखकर जिलाधिकारी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में फैली गंदगी की सफाई और कूड़ा निस्तारण के लिए उचित स्थान चिन्हित करने को कहा। फव्वारों की मरम्मत कर उन्हें चालू रखने, लॉन में नई घास लगवाने और नर्सरी के रखरखाव तथा परिसर में तालाब सरोवर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मेला परिसर में खराब पड़ी लाइटों की मरम्मत, बंद पड़ी कैंटीन को पुनः चालू करने या वैकल्पिक उपयोग के लिए भी निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने बताया कि पारिजात वृक्ष के संरक्षण के लिए नियमित रूप से दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है।

पारिजातधाम के बाद श्री कोटवाधाम पहुंचे जिलाधिकारी ने अघहरन सरोवर व बड़े बाबा के दरबार पहुच कर उन्होंने दर्शन पूजन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार शरद सिंह, खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव, एसडीओ वन विभाग वरुण प्रताप सिंह, वन क्षेत्राधिकारी अल्पना पाण्डेय, तहसीलदार शरद सिंह,डिप्टी रेंजर मोहित श्रीवास्तव,वन दरोगा तुषार कुमार, ग्राम प्रधान जयप्रकाश वर्मा लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी, आशुतोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तत्पश्चात जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी श्रीकोटवाधाम बड़े बाबा के दरबार पंहुच कर समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के दर्शन पूजन के पश्चात पवित्र अभरन सरोवर अमृत सरोवर का निरीक्षण किया एंव उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को अभरन सरोवर के अधूरे पड़े काम को पूरा कराने के निर्देश दिए।इस मौके पर महन्त नीलेन्द्र बक्श दास,बीडीओ मोनिका पाठक, साहेब प्रसाद यादव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय सन्तोष कुमार उपनिरीक्षक सालिक राय आदि मौजूद रहे।

## खलिहान में लगी आग, अनेक घरों को लिया आगोश में

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

सुबेहा थाना अंतर्गत किर्सियां गांव में बुधवार को दोपहर बाद खलिहान में आग लग गई तेज हवाओं के सहारे आग ने देखते ही देखते आधा दर्जन घरों को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें लगभग आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई वहीं आग की चपेट में आई मां बेटी सहित कई अन्य मवेशी बुरी तरह झुलस गए आग में झुलसी मां बेटी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में चल रहा है वहीं हजारों रुपए कीमत का भूसा एवं गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर बाद लगभग 4:00 बजे इंद्रावती पत्नी पचई के आबादी के किनारे स्थित खलिहान में आग लग गई जिसने देखते ही देखते गांव के आधा दर्जन घरों को अपनी चपेट में ले लिया इंद्रावती के खलिहान में बंधी पांच बकरियां दो गाय एक बछड़ा एवं 10 बोरी गेहूं भूसा साइकिल आदि जलकर नष्ट हो गए। वहीं दूसरी ओर सुंदरलाल पुत्र माताफेर की पत्नी चंपा व पुत्री रोशनी के अलावा एक गाय एवं बछड़ा जहां गंभीर रूप से झुलस गए वहीं 20 बोरी सीमेंट वह साइकिल जलकर नष्ट हो गई। इस भीषण आग में गांव निवासी राममिलन पुत्र परीदीन राजकुमार सिंह राजाराम व सूर्यभान सिंह के घरों में रखा छप्पर भूसा लकड़ी धान एवं अन्य गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पूर्व ग्रामीणों द्वारा लगातार आग बुझाने का प्रयास जारी था। इस अग्निकांड में हुई क्षति का आकलन करने हेतु हल्का लेखपाल भी मौके पर पहुंचे और नुकसान की रिपोर्ट बनाकर उप जिलाधिकारी को सौंप दी।

## चार माह पूर्व गुम हुआ मोबाइल पुलिस ने किसान को किया वापस

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** लगभग चार माह पूर्व किसान का मोबाइल घर से जालौन आते समय रास्ते में गुम हो गया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को बरामद कर किसान को सौंप दिया है। मोबाइल पाकर किसान के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमां निवासी करूणेश पाल सिंह का मोबाइल बीते दिसंबर माह में गांव से जालौन आते समय रास्ते में कहीं खो गया था। मोबाइल खोने के कारण वह परेशान थे। मोबाइल गुम होने की सूचना उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी थी। इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान व सर्विलांस टीम की मदद से कीमती मोबाइल को बरामद कर लिया और पीड़ित को कोतवाली बुलाकर गुम हुए मोबाइल को उसे सौंप दिया। खोये हुए मोबाइल को पाकर किसान के चेहरे पर खुशी लौट आई।



## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आतंकवाद का फूंका पुतला

- आतंकवाद मुर्दाबाद, शहीदों को नमन, भारत माता की जय जैसे नारों से माहौल देशभक्ति में डूबा

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।



मंगलवार को नगरवासियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गहरा आक्रोश जताया। लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर फक्कड़ फाटक से आतंकवाद का पुतला लेकर जुलूस निकाला, जो झंडा चौराहे पहुंचा। वहां मौजूद लोगों ने नारेबाजी करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

जुलूस के दौरान आतंकवाद मुर्दाबाद, शहीदों को नमन, भारत माता की जय जैसे नारों से माहौल देशभक्ति में डूबा रहा। नगरवासियों का कहना था कि देश को बार-बार आतंकवाद के जख्म दिए जा रहे हैं, जिनके खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई आवश्यक है।

वाचस्पति मिश्रा ने कहा, पहलगाम में हुआ हमला देश की सुरक्षा और अखंडता को चुनौती देने जैसा है। अब समय आ गया है कि सरकार और जनता दोनों मिलकर आतंकवाद के खिलाफनिर्णायक लड़ाई लड़ें। हम हमले में जान गंवाने वाले भाइयों को नमन करते हैं और उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। केसी पाटकार ने कहा, आतंकवाद देश की जड़ों को खोखला कर रहा है। हम सबका यह कर्तव्य है कि ऐसे कायराना हमलों के खिलाफएकजुट होकर खड़े हों। केंद्र सरकार से मांग है कि आतंक के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाए और देशवासियों को सुरक्षित माहौल दिया जाए।

इस मौके पर प्रियांशु सोनी, कल्लू सोनी, भगवती मिश्रा, अवधेश कुमार, कल्लू पाटकार, वैभव कुमार, पिंटू रुसिया, अरविंद गुप्ता, अरुण पुरवार, वीनू गुप्ता, अशोक कौशल आदि मौजूद रहे।

## चोरी के जेवरात, नगदी के साथ अंतर्जनपदीय दो शातिर चोर गिरफ्तार

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।



- पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मिली सफलता, तमंचा, चाकू बरामद

एसपी के निर्देशानुसार व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी के जेवरात नगदी, तमंचा व चाकू के साथ अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में बुधवार को थानाध्यक्ष शशिकांत चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल नहर के पास चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान एक काली स्कार्पियो को खड़ी देखी। पुलिस की गाड़ी को देखते ही गाड़ी सवार वहां से भागने लगे। तभी पुलिस ने उनका पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने जब गाड़ी खुलवाकर देखा तो उसमें दो युवक बैठे थे। जिनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से एक तमंचा, एक चाकू, तीन मोबाइल, सोने चांदी के जेवरात, एक लाख 75 हजार रुपये बरामद किए। पूंछतांछ में दोनों ने अपना नाम आशीष राजपूत उर्फ आशु निवासी ग्राम मसगांव थाना राठ हमीरपुर और चंद्रपाल उर्फचंदू निवासी चाडराउ जिला झांसी बताया। उन्होंने कबूल किया कि वह गाड़ी से जाकर चोरियों की घटनाओं को अंजाम देते थे और उन्होंने कई जगह चोरियां की हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान ने कहा कि आशीष पर 22 व चंद्रपाल पर चार मुकदमा कई थानों में दर्ज हैं। फिलहाल इनके विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान किया जा रहा है और गहराई से छानबीन भी की जाएगी।

### चौबीस घंटे पूर्व हुई चोरी का नदीगांव पुलिस ने किया खुलासा, मयमाल मुजरिम गिरफ्तार



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** दो दिन पूर्व शिवनी खुर्द गांव में हुई चोरी का नदीगांव थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए पुलिस ने मयमाल मुजरिम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नदीगांव थाना अंतर्गत ग्राम में शिवनी खुर्द में गब्बर सिंह पुत्र कमलेश के घर में घुसकर अज्ञात चोर ने ट्रॉली बैग से एक जोड़ी सोने के वाला ,रोल्ड गोल्ड की एक चौन तथा मंगलसूत्र मय पेंडिल व नगद रु. 10000 चुरा लिए थे। इस चोरी को नदीगांव थाना पुलिस ने चुनौती मानते हुए अपने मुखबिर सक्रिय किये परिणाम स्वरुप थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकेश कुमार द्विवेदी ने चोरी के उक्त वारदात का खुलासा करते हुए हरिशंकर पुत्र रामप्रकाश उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम शिवनी खुर्द को मयमाल एवं रुपया 8100 नगद के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस चोरी की वारदात का खुलासा करने में थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक मुकेश कुमार द्विवेदी, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, अजय कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार अभियुक्त हरीशंकर आदतन अपराधी है। इससे पूर्व भी नदीगांव थाना में इसके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं।

## पहलगाम में आतंकी हमला मानवता पर करारा प्रहार : शैलेन्द्र व्यास

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र व्यास (नीतू, कोटरा) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस नृशंस घटना को मानवता पर सीधा हमला बताया और कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

शैलेन्द्र व्यास ने कहा पहलगाम में आतंकी हमले से हमारे दिलों में असहनीय पीड़ा है। इस कठिन समय में हम एवं कांग्रेस पार्टी शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर मजबूती से लड़ने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने केंद्र की बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पूछा कि पुलवामा से लेकर पहलगाम तक एक के बाद एक हमले होते जा रहे हैं, लेकिन सरकार ने इनसे कोई सबक नहीं लिया। क्या ऐसी घटनाओं के बाद भी देश के रक्षा मंत्री की कोई नैतिक जिम्मेदारी नहीं बनती? या वे हमेशा की तरह अपनी कुर्सी से चिपके रहेंगे? उन्होंने बीजेपी पर घटना को लेकर अमानवीय प्रचार करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी बड़ी त्रासदी के बाद भी बीजेपी सोशल मीडिया पर एक कार्टून के जरिए प्रचार कर रही है, जिसमें दिखाया गया है कि हत्यारों ने हत्या से पहले धर्म पूछा जाति नहीं पूंछी। यह दिखाता है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में बीजेपी का नैतिक स्तर किस हद तक गिर गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के इस कायराना हरकत की निंदा जितनी की जाए, कम है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि देश की सुरक्षा नीति पर गंभीर मंथन हो और जिम्मेदार लोग जवाबदेह बनें।

# कायराना आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में छात्र-छात्राओं ने दो मिनट मौन रहकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि समर्पित की। ईद अवसर पर प्रिंसिपल अलका गुप्ता ने कहा यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद से सबसे घातक है। आतंकियों ने निर्दोष लोगों की हत्या की है।

यह इस देश के स्वाभिमान पर चोट है तथा देश को धर्म पर नाम पर बांटने की साजिश है। मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने कहा पहलगाम की बाईसरन घाटी में हुए इस आतंकी हमले में 26 निर्दोष भारतीय नागरिकों की जान चली गई है। इस हमले को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने अंजाम दिया है। जो लोग परिवार के साथ सैर सपाटे व मनोरंजन हेतु पहलगाम गए थे, वह आतंकवाद की इस निर्मम हिंसा का शिकार हो गए। हमें एकजुट होकर और मजबूत बनकर नफरत की ताकतों को यह संदेश देना है कि भारत की आत्मा प्रेम, शांति और भाईचारा है। उधर हाइवे स्थित सीबीएसई से संबद्ध जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा इस समय सबसे जरूरी है कि हम शांति बनाए रखें, अफवाहों से बचें और अपने शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। उन्होंने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा भविष्य में एक ऐसे समाज का निर्माण हो, जहां हर कोई सुरक्षित महसूस कर सके। हम सभी मिलकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े हैं और हम डरने वाले नहीं हैं। श्रद्धांजलि हेतु समस्त टीचिंग स्टाफ, क्लेरिकल व चतुर्थ श्रेणी स्टाफ उपस्थित रहा।

# भाजपाइयों ने कैंडिल जलाकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

- दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत हो गई। इस आतंकी घटना को लेकर देशभर में आक्रोश है। कई लोग सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। साथ पाकिस्तान के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। आतंकी हमले की घटना को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व पार्टी कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्रित होकर कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना को लेकर नारे बाज़ी करते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दा बाद के नारे लगाए हुए घटना की निंदा की और एक स्वर में आतंकवाद का विरोध करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वही श्रद्धांजलि सभा के दौरान मोमबत्ती जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति की कामना की गई। मरने वालों के परिजनों को इस शोक को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



भाजपा कार्यालय पर कैंडिल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते भाजपाई

## बच्चों ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गीतापुरम कॉलोनी स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने मोमबत्ती जलाकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा, निदेशक हिमांशु वर्मा, प्रधानाचार्य रूबी मिश्रा सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# उमर्दा ब्लॉक में डीएम को 9 कर्मी मिले अनुपस्थित

**डीएम ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन के वेतन रोकने के दिए निर्देश**



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खण्ड कार्यालय उमर्दा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की उपस्थिति पंजिका का देखी। जिसमें 09 कार्मिक अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित कार्मिक क्रमशः अन्शिता श्रीवास्तव क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, अभिषेक यादव एडीओ समाजकल्याण, आलोक कुमार एडीओ कृषि, चन्द्रीका प्रसाद एडीओ को-आपरेटिव, विनय कुमार वरिष्ठ सहा., गुजन झा बीएमएम, विकास यादव कम्प्यूटर आपरेटर, सुरेन्द्र नारायण तकनीकी सहायक, सत्यम कुमार कम्प्यूटर आपरेटर आवास का 1 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी कर्मचारी व अधिकारी कार्यालय में समय से उपस्थित हो। कार्यालय की साफ-सफाई विशेष ध्यान दिया जाये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी तिरवा अशोक कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी रहे।



निरीक्षण करते डीएम व डीएसओ राजीव मिश्रा

## राशन घटतौली की शिकायत पर होगी कार्रवाईः डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सरकारी उचित दर दुकान ग्राम पंचायत बेहरीन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गल्ला गोदाम पर जाकर स्टाक पंजिका, वितरण पंजिका सहित अन्य अभिलेख देखे। उन्होने मौके पर राशन का वजन कराते हुए लाभार्थियो को राशन वितरित कराया। उन्होने कहा कि ई- पॉस मशीन के माध्यम से राशन वितरण में पारदर्शिता आयी है। सभी लाभार्थियों को समय से राशन वितरित हो जाना चाहिए। किसी भी दशा में घटतौली की शिकायत न प्राप्त हो। अन्यथा संबाधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

# चोरी का खुलासा न होने से पदाधिकारियों में आक्रोश

- व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एएसपी को ज्ञापन देकर खुलासे की मांग की

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

मानीमऊ में परचून की दुकान में हुई लगभग 5 लाख की चोरी का खुलासा न होने से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। पदाधिकारियों ने एएसपी को ज्ञापन सौंप खुलासे की मांग की। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राज शर्मा के नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को एक ज्ञापन मानीमऊ में उमेश दुबे की किराना की दुकान में बीते रात्रि 4 अप्रैल को अज्ञात चोरों ने नगदी सहित लगभग पांच लाख का समान लेकर फरार हो गए थे।

घटना को हुए लगभग 18 दिन बीत जाने के बाद भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर है। जिला अध्यक्ष राज शर्मा के द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द चोरी की घटना का पर्दाफाश करने के लिए वार्ता की गई। और रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला संरक्षक विनय दुबे, नगर कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, नगर महामंत्री अभय कटियार, संजीव पटेल, उमेश दुबे, सचिन शुक्ला सहित अन्य व्यापारी गण मौजूद रहे।



एएसपी को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राज शर्मा व अन्य

# मां, भाई व दंपति को मारपीट कर किया घायल

- पुलिस ने दर्ज की चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

आपसी विवाद को लेकर मोहल्ले के चार लोग दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर मां, भाई व पत्नी सहित युवक को मारपीट कर घायल कर दिया और पथराव कर घर का सामान तोड़फोड़ दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर पंचायत समधन के मोहल्ला अल्लमा इकबाल नगर निवासी मुईन पुत्र लियाकत अली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते 21 अप्रैल की सुबह करीब 11.30 बजे मोहल्ले के आफाक अली, अखलाक अली, इमरान अली, तारिक आपसी विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर घर में घुसकर पत्नी रोहिला, मां नूर जहां बेगम, भाई मुसीर व उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं घर में रखा सामान भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया और ईंट पत्थर भी चलाए। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# छात्रों की लेखनी और वाणी में झलकी शेक्सपियर की प्रेरणा

- सीसीए में साहित्यिक प्रतिभा का उत्सव

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी में 15 से 23 अप्रैल तक विलियम शेक्सपियर सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। विश्वप्रसिद्ध नाट्ककार की जयंती को समर्पित इस सप्ताह में छात्र-छात्राओं ने विविध गतिविधियों के माध्यम से अपनी साहित्यिक प्रतिभा और सांस्कृतिक समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

आज के कार्यक्रम में नाट्य मंचन, वक्तव्य और भाषण ने समां बांधा। कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक ÷जूलियस सीज़र÷ पर आधारित नाट्य मंचन दर्शकों के लिए एक प्रेरक अनुभव रहा। छात्रा श्वेता ने अंग्रेज़ी साहित्य में विलियम शेक्सपियर की प्रासांगिकता विषय पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। ज़ाइना खान ने ÷अंग्रेज़ी भाषा का महत्व÷ विषय पर ओजपूर्ण वक्तव्य दिया, जबकि राघव गुप्ता ने विलियम शेक्सपियर की जीवनी पर भाषण देकर सभी को प्रभावित किया। सप्ताह भर चले आयोजन के अंतर्गत कविता वाचन, कहानी वाचन, कहानी लेखन व कविता लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कविता वाचन प्रतियोगिता में रोहन ने प्रथम, अध्यन शर्मा द्वितीय, युवराज तृतीय रहे। कहानी वाचन प्रतियोगिता में आग्नेय एस.पी. प्रथम, त्रिशा पांडेय द्वितीय, सान्वी शाक्य तृतीय, कहानी लेखन प्रतियोगिता में आराध्या कटियार प्रथम, अंशिका कटियार द्वितीय, भास्कर तृतीय स्थान, कविता लेखन प्रतियोगिता में करुनेस प्रकाश व विकसित सक्सेना संयुक्त रूप से प्रथम, लखविंदर सिंह द्वितीय व निहारिका सिंह तृतीय रहे।

समापन समारोह में विजेताओं को प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सीईओ विश्वास प्रधान, प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।





# जेंवा टोल पर कर्मियों ने चलाया अभियान, कई फर्जी कार्ड किए जब्त

जलालाबाद समृद्धि न्यूज़।

नेशनल हाईवे- 34 पर टोल कर्मियों ने अभियान चलाकर किसान यूनियन संगठन सहित पुलिस कर्मियों के कई फर्जी कार्ड जब्त किए। क्षेत्र के जेंवा टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों ने फर्जी कार्ड दिखाकर वाहन को टोल पास करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया।

और कई फर्जी कार्ड जब्त किए। टोल प्रबंधक राजकमल कश्यप ने बताया कि एनएचएआई की गाइड लाइन के अनुसार टोल कर्मियों के द्वारा अभियान चलाकर किसान यूनियन संगठन सहित पुलिस कर्मियों के कई फर्जी कार्ड जब्त किए गए है। बताया कि अभी तक के अभियान में लगभग 35 फर्जी कार्ड जब्त किए जा चुके हैं। कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा और फर्जी कार्ड जब्त किए जाएंगे।



टोल कर्मियों के द्वारा जब्त किए गए फर्जी कार्ड

# बैंक में धोखाधड़ी कर महिला से ठगे हजारों रुपये

- एटीएम में रुपये जमा करने के दौरान की धोखाधड़ी



सीसीटीवी फुटेज देखती पुलिस व अन्य लोग।

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

युवक ने बैंक में आई महिला से धोखाधड़ी कर हजारों रुपये की नगदी पार कर दी। जब महिला ने खाता चेक कराया तो उसके होश उड़ गए। महिला ने बैंक प्रबंधक सहित पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम नंगापुरवा निवासी प्रीति सक्सेना पत्नी अरविंद सक्सेना ने बताया कि वह बुधवार को चौराहा स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा में 50 हजार रुपये जमा करने आई थी। जहां रुपये जमा करने के दौरान भीड़ अधिक होने के कारण एक अज्ञात युवक ने उसे एटीएम मशीन से रुपये जमा करने का भरोसा दिलाया। जिस पर महिला ने उसे 50 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद युवक ने धोखाधड़ी कर महिला को 4500 रुपये वापस कर दिया और कहा कि 45 हजार 500 रुपये खाते में जमा हो गए है। इसके बाद युवक बैंक से फरार हो गया। जब महिला ने खाता चेक कराया तो रकम खाते में नहीं पहुंची। 45 हजार 500 रुपये की हुई धोखाधड़ी की शिकायत महिला ने बैंक प्रबंधक सहित चौकी प्रभारी दीपक चौधरी से की। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने महिला से घटना की जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज से आरोपित युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# अधूरी सीसी रोड का निर्माण पूरा कराने की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सिकंदरपुर स्थित पुलिस चौकी के पास ऊंचे नीचे अधूरे सीसी रोड का निर्माण पूरा कराने की मांग करते हुए कस्बा वासियों ने पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक अर्चना पांडेय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत सिकन्दरपुर में पुराने जीटी रोड पर संजीव गुप्ता के आवास से पुलिस चौकी सिकन्दरपुर तक सीसी रोड का निर्माण पीडब्लूडी द्वारा कराया गया था। इसमें रैम्प बहुत ही गलत तरीके से बनाए गए हैं। सड़क पटरी से अधिक ऊँची होने के कारण आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। जबकि संस्था द्वारा पटरी पर मिट्टी डालने का टेण्डर साथ में हुआ था, जिसका कार्य अभी तक नहीं कराया गया है। लोगों ने विधायक अर्चना पांडेय को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द सम्बन्धित अधिकारी से बात कर निर्माण पूर्ण कराए जाने की मांग की है। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सिंटू दुबे, विवेक चतुर्वेदी, अभय, राज किशोर गुप्ता, सुशांत व सोनी सविता मौजूद रहे।



# सीएचसी बरौन में डीएम को मिला गंदगी का अम्बार, जतायी नाराजगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी अशुतोष कुमार द्विवेदी ने सी.एच.सी. बरौन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 49 मरीजों का पंजीकरण इलाज हेतु पाया गया। प्राभरी चिकित्साधिकारी का कक्ष अत्यन्त गंदा मिला। कुर्सी व मेज पर धूल जमी हुयी थी। शौचालय अत्यन्त ही गंदे व टूटे पाये गये। जगह-जगह तम्बाकू व पान की पीक पायी गयी, वार्ड में बेडशीट गंदी पायी गयी।

एएनएम मनोरमा शाक्य अनुपस्थित पायी गयी। खिड़कियों का कांच टूटा पाया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने नारजगी जताई। प्रा. चिकित्साधिकारी ने बताया कि सफाई कर्मी नवम्बर से नहीं आ रहा है। जिलाधिकारी ने तत्काल व्यवस्था कर पूरी सीएचसी की सफाई 02 दिन में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डीएम ने इस दौरान सी.एच.सी. के दवा स्टोर का निरीक्षण किया व दवाईयों को चेक करते हुए निर्देशित किया कि दवाईयां का समय से वितरण कराया जाये। डीएम ने निर्देशित किया गया कि सी.एच.सी. के स्टोर में जो भी दवाईयां तीन माह के भीतर एक्सपायर होनी है, उनको तत्काल चेंज कर नयी दवाईयां मंगवाई जाये। सभी मरीजों की उचित देखभाल की जाये, प्रतिदिन दवा वितरण का रिकार्ड रख जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने दवा वितरण रजिस्ट्रर, चिकित्साधिकारी व कर्माचारियों का उपस्थिति रजिस्ट्रर चेक किये गये।

## करोड़ों की चर्च की सम्पत्ति को भू-माफिया बेंचने की फिराक में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन-प्रशासन को गुमराह कर भू-माफिया चर्च की बेशकीमती भूमि को बेंचने की फिराक में है। जबकि सीएनआई चर्च डायोसिस ऑफ आगरा ने बताया कि चर्च से संबंधित भूमि को बिक्री करने का किसी को अधिकार नहीं है। फर्रुखाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग नगला दीना स्थित एक बेशकीमती भूमि खाली पड़ी है। जो चर्च की सम्पत्ति बतायी जा रही है। इसी बजह से वह वर्षों से खाली पड़ी है। तभी कुछ भू-माफियाओं की इस पर नजर पड़ी तो सक्रिय हो गये। क्योंकि मामला इसाई समुदाय की सम्पत्ति से जुड़ा होने के चलते लोगों ने प्रयास किया, लेकिन सीधे कोई भी भूमि पर पैर रखने नहीं गया। कुछ लोगों को मिलाकर उसने एक व्यक्ति समाज का शामिल कर शासन को शिकायती पत्र भेजा कि नगला दीना स्थित संस्था यूनाइटेड चर्च ऑफ नॉर्दर्न इंडिया की भूमि खाली पड़ी है। जिस पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते है। कबाड़े से मुक्त कराकर संस्था को कब्जा दिलाया जा सकें। साथ ही शिकायतकर्ता ने अपना नाम विकास कुमार सोलोमन बताया और अपने आप को प्रशासनिक सदस्य कमिश्नर यूनाईटेड चर्च ऑफ नॉर्दर्न इंडिया दर्शाया। साथ ही यह भी दर्शाया कि इस भूमि का रजिस्टर्ड बैनामा तहसील सदर स्थित रजिस्टरी कार्यालय में दर्ज है। शिकायत शासन में की गई थी। इसलिए स्थानीय पुलिस भी कुछ नहीं समझ पायी और भूमि पर कब्जा कराने के लिए पुलिस साथ गयी। पहले चारों तरफ से कटीले तार लगाये गये और फिर खरीददारों को लाने का दौर शुरु हुआ तो चर्चा शुरु हो गयी कि चर्च की भूमि कोई कैसे बेंच सकता है। कुछ दिन बाद पुलिस को साथ ले जाकर उस बेशकीमती भूमि पर ईंटे भी रखवा दी गई। जब इसकी जानकारी सीएनआई डायोसिस आगरा के जनरल सिक्रेटरी अभिताभ हेराल्ड ने हमारे संवादाता को बताया कि चर्च की सम्मति बिक्री करने का किसी को अधिकारी नहीं है। चर्च की सम्पत्ति पर विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी पवन कुमार के समय भी कुछ लोगों ने चर्च से संबंधित एक संस्था का अपने आपको सर्वेसर्वा बताकर प्रयास किया था। मेरी शिकायत पर तत्कालीन जिलाधिकारी पवन कुमार ने रोंक लगायी थी। उन्होंने बताया कि इस समय सीएनआई डायोसिस के अलावा अन्य कोई इसाई समुदाय का संगठन नहीं है और न ही किसी अन्य संस्था की कोई भूमि यहां पर स्थित है।

# डीएम के निरीक्षण में गायब मिले चार डॉक्टर व नौ ब्लाक कर्मचारी

- डीएम ने सीएचसी तिर्वा व उमर्दा क्षेत्र पंचायत कार्यालय का किया औचक निरीक्षण
- सीएचसी में तीन महिला चिकित्सक समेत चार डॉक्टर मिले गायब
- उमर्दा ब्लाक में चार एडीओ समेत नौ कर्मचारी थे नदारत

तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से बुधवार को सीएचसी तिर्वा व उमर्दा ब्लाक कार्यालय में हंगामा मचा रहा। डीएम के सीएचसी में निरीक्षण के दौरान तीन महिला चिकित्सक ड्यूटी से नदारत मिली।

इसके अलावा एक पुरूष चिकित्सक वर्ष 2024 से लगातार अनुपस्थित मिला। इसी तरह से उमर्दा ब्लाक के औचक निरीक्षण में चार एडीओ समेत नौ कर्मचारी ड्यूटी से नदारत मिले। डीएम ने सभी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। बर्ष 2024 से गायब डॉक्टर के मामले में संबंधित चिकित्सक व सीएचसी प्रभारी को भी नोटिस देकर जबाव मांगा है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार का काफिला बुधवार की दोपहर सीएचसी तिर्वा पहुंचा। यहां पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजन शर्मा मौजूद मिले। डीएम ने उनको साथ लेकर पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। कई जगह गंदगी मिलने पर सफाई कर्मचारियों को लगाकर अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने का निर्देश दिया। महिला वार्ड व बलगम कक्ष में भी जाकर व्यवस्थाएं देखी।

इस दौरान उन्होने जब उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया, तो डॉक्टर स्वातिका शालिनी, डॉ.शालिनी सचान व डॉ.रीना चैधरी से ड्यूटी से नदारत मिली। इस पर तीनों महिला चिकित्सकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि सीएचसी तिर्वा में तैनात डॉ.मो.असलम अगस्त 2024 से लगातार गैरहाजिर चल रहे है। इस पर डीएम ने उन्हे नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया है। सीएचसी के निरीक्षण के बाद डीएम का काफिला उमर्दा क्षेत्र पंचायत कार्यालय में पहुंचा। यहां जब डीएम ने उपस्थिति पंजिका को लेकर निरीक्षण शुरू किया, तो क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंशिता श्रीवास्तव, एडीओ समाज कल्याण अभिषेक यादव व एडीओ कृषि आलोक कुमार, एडीओ कॉपरेटिव चंद्रिका प्रसाद, वरिष्ठ सहायक गुंजन झा, कम्प्यूटर ऑपरेटर विकास यादव, तकनीकी सहायक सुरेन्द्र कुमार व कम्प्यूटर ऑपरेटर सत्यम कुमार गायब मिले।

इस पर डीएम ने सभी का एक-एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उमर्दा की खण्ड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव भी मौजूद रही।

# आतंकियों का पुतला फूंककर हिन्दूवादी नेताओं ने किया विरोध



**पुतला फूंककर विरोध करते हिन्दूवादी नेता**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम को सौंपा। साथ ही पाकिस्तान का पुतला फूंककर हिन्दूवादी नेताओं ने विरोध जताया। जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में मानवता के हत्यारे क्रू आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों व आम जनता पर गोलियों से हमला कर घटना कारित की गई है व अक्षम्य व निंदनीय है।शोकाकुल पीड़ितों के परिजनों की आंशुओं की भीगी आंखे आतंकवादियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा कर रही है। भारत में शोक की लहर है। सम्पूर्ण भारत आम जन मानस के मन में आतंकवादियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की भावना है। अखिल भारत हिन्दू महासभा मांग करती है भारत सरकार आतंकवादियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनका खात्मा करें। इस लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर हिन्दूवादी नेताओं ने आतंकियों का पुतला फूंकर पाकिस्तान का विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, क्रांति पाठक, सौरव मिश्रा, शिवम त्रिपाठी, विनीत मिश्रा, लकी पाल, बबलू राजपूत, भानू प्रताप, अशोक मिश्रा, राजेश कुमार दीक्षित, दीपक दुबे, अमन दुबे, रोहित राठौर, सचिन शर्मा, नितिन, अखिलेश मिश्रा, विकास राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

## रोजगार मेला आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर गुरुवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें चार कम्पनियां भाग लेंगी। 350 रिक्तियों हेतु साक्षात्कार होगा। सभी इच्छुक अभ्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ विद्यालय परिसर पहुंचे। यह जानकारी प्रधानाचार्य डॉ. राजवीर सिंह ने दी है।

## आवश्यक सूचना

यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज से जारी मेरा इंटरमीडिएट का अंक पत्र व प्रमाण पत्र बर्ष 2014 अनुक्रमांक 0976056 वास्तव में खो गया है।

**प्रीती सिंह पुत्री, वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गुखरू पो. मियागंज, जनपद-कन्नौज।**

# नगर मजिस्ट्रेट को छापे में कई डॉक्टर मिले अनुपस्थित



लोहिया के चिकित्सकों की मीटिंग लेते नगर मजिस्ट्रेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आये दिन चर्चा में रहने वाले वाले लोहिया अस्पताल में आज नगर मजिस्ट्रेट ने छापा मारा। इस दौरान कई डाक्टर अनुपस्थित मिले। सीएमएस ने तुरंत अनुपस्थित चिकित्सकों को फोन कर अस्पताल में उपस्थित होने के निर्देश दिये। तब कहीं जाकर चिकित्सक लोहिया अस्पताल पहुंचे। नगर मजिस्ट्रेट ने चिकित्सकों को हिदायत दी कि वह अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर लें, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। वहीं नगर मजिस्ट्रेट ने सीएमएस को आड़े हाथों लिया।

जानकारी के अनुसार जब से

**▸ सीएमएस ने फोन करके आवास पर पड़े चिकित्सकों को बुलाया**

सीएमएस अशोक प्रियदर्शी ने लोहिया अस्पताल का चार्ज संभाला है, तब से लोहिया अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थायें पंगु हो गयी हैं। लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीनें खराब पड़ी हैं। इलाज की आस में आने वाले ग्रामीण बैरंग लौट रहे हैं।

इसकी शिकायत जब आलाधिकारियों को हुई, तो बीते दिनों जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने छापा मारा था तथा सीएमएस को जमकर फटकार लगायी थी, लेकिन बेशर्म सीएमएस पर जिलाधिकारी की फटकार का कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद आकांक्षा समिति की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने भी लोहिया का निरीक्षण किया था। जिसमें उन्हें काफी अव्यवस्थायें मिली थीं। आज जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट संजय बंशल ने छापा मारा। इस दौरान कई चिकित्सक अनुपस्थित मिले। डॉट फटकार से बचने के लिए सीएमएस ने तुरंत चिकित्सकों को फोन किया। जिसके बाद चिकित्सक मौके पर पहुंचे। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट ने वार्डों में जाकर निरीक्षण किया तथा मरीजों के हालचाल पूछे। इस पर मरीजों ने बताया कि उन्हें मीनू के अनुसार खाना नहीं दिया जाता है। कैंटीन ठेकेदार सीएमएस के इशारे पर काम करता है और जो सीएमएस बोलते हैं वही करता है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय भी मौजूद रहीं।

**सीएमएस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल**

सीएमएस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठ रहे हैं। इसके बाद भी सीएमएस अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं कर रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि सीएमएस को सीएमओ का संरक्षण प्राप्त है, तभी वह अपनी मनमानी पर उतारु हैं। प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी सीएमएस अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में उनका तबादला करना ही उचित होगा। फिलहाल जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को लोहिया अस्पताल पर अपनी नजर बनाये रखने के निर्देश दिये हैं।

# भू-माफियाओं पर प्रशासन ने फिर कसा शिकंजा, अवैध प्लाटिंग को किए गए ध्वस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन का भू-माफियाओं पर शिकंजा कसता ही जा रहा है। आज कई अवैध कालोनियों पर बुलडोजर गरजा। जिससे भू-माफियाओं की हवाइयां उड़ी हुई हैं। प्रशासन का कहना है कि भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही बदस्तूर जारी रहेगी। जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल के नेतृत्व में अवैध कालोनियों पर बुलडोजर गरजा। जिसमें मसेनी के आगे रमन कटियार की प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके बाद ढिलावल में चल रही अवैध प्लाटिंगों पर बुलडोजर गरजा और प्लाटों की बाउंड्रीबाल को ध्वस्त कर दिया। वहीं रमन कटियार की प्लाटिंग के पास स्थित भाजपा नेता उमेश राठौर की गोदाम अवैध रुप से बनायी गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने उमेश राठौर को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपना अतिक्रमण शीघ्र हटा ले, नहीं तो प्रशासन खुद हटवा देगा। बताते चलें कि नगर में लगभग 170 अवैध प्लाटिंगों को प्रशासन ने चिंहित किया है। जिस पर भी शीघ्र बुलडोजर चलेगा। फिलहाल प्रशासन की इस कार्यवाही से भू-माफियाओं के चेहरों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। वह इधर उधर सिफारिश कराते नजर आये। वहीं जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी का साफ कहना है कि अवैध अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो भी अवैध अतिक्रमण मिलेगा, उसे प्रशासन हटवायेगा।



अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी

# गैंगेस्टर में आरोपित को 5 वर्ष का कारावास व जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर रितिका त्यागी ने आरोपित किशनलाल उर्फ रामकिशन पुत्र नन्हें निवासी चमरौली सिंघीरामपुर को थाना कमालगंज को 5 वर्ष का कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

बीते 25 वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ सिंह ने 14 सितंबर 2000 को जुबानी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि घनश्याम सिंह पुत्र हीरालाल निवासी दरौर थाना कमालगंज जिला फर्रुखाबाद का एक संगठित गिरोह है। जिसका सरगना घनश्याम सिंह स्वयं है यह स्वयं तथा अपने साथी किशन लाल उर्फ रामकृष्ण पुत्र नन्हें निवासी ग्राम चमरौली सिंघीरामपुर व अन्य के साथ संगठित गिरोह बनाकर अनुचित एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से विधि विरुद्ध साधनों द्वारा समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त है। इनके कृत्यों से क्षेत्र तथा आसपास की जनता अत्यंत आतंकित है। जनता का कोई व्यक्ति इनके आतंक से भयभीत होकर उनके विरुद्ध आसानी से गवाही देने के लिए या रिपोर्ट लिखने के लिए तैयार नहीं है। साक्ष्य गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोप पत्र दाखिल किया। शासकीय अधिवक्ता शैलेश परमार व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश रितिका त्यागी ने आरोपित किशनलाल उर्फ रामकिशन पुत्र नन्हें निवासी चमरौली सिंघीरामपुर थाना कमालगंज को 5 वर्ष का करावास व 5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# पुलिस अधेरे में चला रही तीर, लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**▸ किसी अनहोनी घटना को लेकर आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लापता युवक के मामले में पुलिस अधेरे में तीर चला रही है। जबकि घटना को हुए चार का समय बीत चुका है। परिजनों ने किसी अनहोनी घटना की आशंका जाहिर की है। पुलिस की कार्यप्रणाली से आक्रोशित परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस लाइन गेट पर धरना प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की।

जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के पाली कुआंडांडी निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें कहा कि थाना राजेपुर राठौरी में 35 बीघा गेंहू की फसल बोयी थी। जिसको काटने के लिए सुनील अपने पुत्र दीपक कुमार के साथ आया था। गेहूं को बोरे में भरकर ट्रैक्टर पर लादकर खड़ा कर दिया। मौसम खराब होने के चलते दीपक अपनी बुआ के घर तिरपाल लेने चला गया। उधर से दीपक को बुआ का लड़का श्यामवीर दीपक की भरखा तिराहे पा खड़ी ट्रैक्टर ट्राली पर छोड़कर चला गया। जिसके बाद से दीपक लापता है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद एक नजदीकी युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली। लापता दीपक के पिता सुनील कुमार ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शक के आधार पर श्यामवीर को हिरासत में ले लिया था। परिजनों ने उचित कार्यवाही ना करने का आरोप लगाकर बड़ी संख्या में परिजन पुलिस लाइन पहुंचे और पुलिस लाइनगेट पर धरना प्रदर्शन कर आरोपी श्यामवीर व उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।



जाम लगाकर विरोध जताते लोग

**अपर पुलिस अधीक्षक ने खुलासे के लिए गठित की टीम**

परिजनों को शांत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा, एसओजी टीम की संयुक्त कमेटी गठित कर घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिये। वहीं सीओ ने बताया कि एक रिश्तेदार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा।

# व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने अन्तिम संस्कार हेतु अन्तिम यात्रा को गंगा घाट की ओर जाने वाले मार्गों पर पिण्ड दान देने के लिए प्लेटफार्म निर्माण के सम्बंध में एक मांग पत्र तहसील कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह को सौंपा। प्रतिनिधि मण्डल ने कुण्डा घाट मार्ग पर नखासे के पास तथा गंगा घाट फर्रुखाबाद की ओर बस स्टैंड पुलगालिब के पास 6 बाई 8 फुट की जगह उपलब्ध कराने के लिए उपजिलाधिकारी से आग्रह किया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, जिला अध्यक्ष मनोज कौशल, प्रदेश संयुक्त महामंत्री एवं नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश मंत्री एवं नगर महामंत्री अमित सेठ, युवा प्रदेश मंत्री अतुल गुप्ता, जिला महामंत्री कायमगंज क्षेत्र शिव कुमार शाक्य, नगर उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री संजीव अग्रवाल, वरिष्ठ नगर मंत्री सुधीर गुप्ता, रामकुमार सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गैर इरादतन हत्या में तीन वर्ष का कारावास व जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास में आरोपित ओम प्रकाश पुत्र लालाराम निवासी पुनपालपुर थाना मेरापुर को 3 वर्ष का कारावास व 4000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। बीते 9 वर्ष पूर्व ग्राम पुनपालपुर थाना मेरापुर के रहने वाले अजेंद्र कुमार ने 2 अप्रैल 2016 को मुकदमा दर्ज कराया की दिनांक 1 अप्रैल 2016 की रात्रि 10.00 बजे करीब मेरे लड़के प्रदीप का तिलक चढ़ रहा था। जिसमें मेरे रिश्तेदार आसपास के लोग इकट्ठे थे। मेरे बड़े लड़के अनिरुद्ध सिंह का साला विशाल पुत्र शिवनारायण उम्र 14 वर्ष निवासी हुसैनगंज थाना कमालगंज भी आया था। मेरे गांव के ओमप्रकाश पुत्र लालाराम ने आकर तिलक समारोह में जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली मेरे लड़के के साले विशाल के सिर में जा लगी। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। साक्ष्य गवाहों के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। शासकीय अधिवक्ता व बचाव पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने आरोपित ओम प्रकाश को 3 वर्ष का कारावास व 4000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता संगीता पुत्री रामप्रकाश निवासी टड़ौआ थाना कमालगंज ने दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 15.02.2023 को प्रदीप कुमार पुत्र नेहरू बाबू निवासी हमीरापुर पिपरगांव थाना नवाबगंज के साथ हुई थी। जिसमें पीड़िता के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार 07 लाख रूपए नकद व 03 लाख रूपए का दान दहेज दिया था, लेकिन दिये गये दान दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में अपाचे मोटरसाइकिल, एक सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी की मांग करने लगे। जिस पर पीड़िता के पिता ने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थतता जतायी। जिसके बाद ससुरालीजन मारपीट करने लगे। इस दौरान पीड़िता ने एक पुत्री को जन्म दिया। जिससे ससुरालीजन और खफा हो गये। कई बार मायके पक्ष के लोगों ने आकर समझाया, लेकिन ससुरालीजन नहीं माने। दिनांक 19.03.2025 को ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। दिनांक 22.03.2025 को पीड़िता के पति प्रदीप, ससुर नेहरु बाबू, सास दुर्भाषा, देवर अनवीश पीड़िता के घर गाड़ी से आये। जिस पर उनका आदर सम्मान किया गया और और माता-पिता ने विदा करने के लिए कहा। तब उन्होंने कहा कि विदा नहीं करानी है। जब तक अतिरिक्त दहेज नहीं दोगे, तो पीड़िता के माता-पिता ने अतिरिक्त दहेज देने से मना कर दिया, तो उक्त सभी लोगों ने एक राय होकर माता-पिता से मारपीट की। पीड़िता थाने गयी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

### नशे में धुत्त कांस्टेबिल स्कूली बस से टकराया, घायल



इमरजेंसी में धुत्त बैठा सिपाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नशे में धुत बाइक सवार कांस्टेबिल को स्कूली बस ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी बांह में फ्रैक्चर हो गया। उसने लोहिया अस्पताल में अपना उपचार कराया। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबिल अभय कुमार बाजपेयी बुधवार को छुट्टी लेकर अपने घर कानपुर बाइक से जा रहा था। वह शराब के नशे में था। किसी तरह बाइक अनियंत्रित हो गयी और स्कूली बस से टकरा गया। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब हमारे संवाददाता ने उससे पूछा, तो उसने बताया कि उसे मारने का प्रयास किया गया। जबकि हकीकत यह है कि वह शराब के नशे में धुत था। इसलिए बाइक अनियंत्रित हो जाने से वह स्कूली बस से जा टकराया। बताते चलें कि जब जनता की रक्षक खाकी ही शराब का सेवन करके वाहन चलायेगी, तो अन्य वाहन चालकों को वह कैसे शराब पीने से रोक पायेगी।

# अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल जलकर राख



**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग ने संपूर्ण फसल को जलाकर नष्ट कर दिया। पीड़ित ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी रियासत खान के दो बीघा खेत में गेहूं की फसल खड़ी थी। बुधवार दोपहर रियासत अपने घर पर था। उसी समय अज्ञात कारणों से उनके खेत में खड़ी फसल में आग लग गई। आग की लपटें देख खेतों में जानवर चरा रहे ग्रामीणों ने मामले की जानकारी रियासत को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मिट्टी, पानी, पंपसेट चलाकर आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया, लेकिन तब तक आग से फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना हल्का लेखपाल को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि हो सकता है कि किसी ग्रामीण ने बीड़ी पीकर फेंक दी हो। जिससे फसल जलकर राख हो गयी हो।

# एसपी आलोक प्रियदर्शी का तबादला आरती सिंह बनीं जनपद की नई एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी का तबादला बीती रात शासन ने कर दिया। उनके स्थान पर आरती सिंह को जनपद का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। जानकारी के अनुसार बीते 19 जून को आलोक प्रियदर्शी ने जनपद के एसपी के पद पर चार्ज लिया था। जिसके बाद बीते दिनों आलोक प्रियदर्शी की डीआईजी के पद पर पदोन्नति हो गयी थी। जिसके बाद से लगातार उनके तबादले की अटकलें लगायी जा रही थीं। बीती रात आलोक प्रियदर्शी को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था कमिश्नरेट गाजियाबाद भेजा गया है। आलोक प्रियदर्शी की जगह पर जनपद का नया पुलिस अधीक्षक पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर आरती सिंह को बनाया गया है। आरती सिंह 2017 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। आलोक प्रियदर्शी ने अपने कार्यकाल में जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया।



नवागंतुक पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

उन्होंने जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भाकियू लोकशक्ति ने सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के मंडल उपाध्यक्ष रागिब हुसैन ने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ तहसील परिसर पहुँचकर किसानों की जनसमस्याओं को लेकर जिला अधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह को सौंपा। जिसमें कहा कि आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान एवं रास्ते में चलते समय सड़क पर अकस्मात आने पर एक्सीडेंट की संभावना रहती है। पुलिया से मछली मंडी से आगे तक जाम की समस्या के चलते लोगों को आने जाने में परेशानी होती है, स्कूलों में मनमानी फीस के चलते एवं महंगी किताबों, यूनिफॉर्म पर अंकुश लगाया जाये, क्योंकि इससे गरीबों पर भारी बोझ पड़ रहा है। कई सालों से दलित किसान की जमीन पर भूमाफिया अवैध कब्जा किए हुए हैं।

भारी रकम लेने के बाद भी लेखपाल ने कब्जा नहीं छुड़वाया, इसके अलावा किसान की जमीन पर पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता का कब्जा है, जिसे मुक्त कराया जाये, खुड़नाखार में बंजर पड़ी जमीन को सांठ-गांठ के चलते कब्रिस्तान में दर्ज करवाना आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अंकुर वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मुनेश श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष सुरजीत पाल, जिला संरक्षक अल्पसंख्यक अतीक अहमद, अल्पसंख्यक तहसील अध्यक्ष नजमुद्दीन, तहसील महासचिव इजहारुद्दीन, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष फाजिल खान, तहसील उपाध्यक्ष आकाश पाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर गिरी, सलमान खान, तहसील सचिव कायमगंज इकरार खान, ब्लॉक अध्यक्ष शमशाबाद सोहान, ब्लॉक अध्यक्ष कायमगंज मोनिस खान, रामभजन राठौर, शिवम् राठौर, मनोज दिवाकर, प्रदीप श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र चतुर्वेदी, बारिश खां, अली अहमद, वीरेंद्र चतुर्वेदी, शिवम् चतुर्वेदी, राकेश गौतम, चंद्रपाल कठेरिया आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता

# पहलगाम में हुए हिंदुओं पर हमले को लेकर भाजपाइयों ने निकाला कैंडिल मार्च

**कमालगंज समृद्धि न्यूज।**

नगर में शाम को भाजपाइयों ने पहलगाम हमले में मारे गये हिन्दुओं की आत्मा की शांति के लिए कैंडिल मार्च निकाला और दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थनना की।

जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर के तपस्वी मंदिर से कैंडिल मार्च हनुमानगढ़ी मंदिर तक निकाला गया। जिसमें आतंकवादियों के द्वारा मारे गए सभी मृत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर भाजपा के गोपाल पालीवाल, जिला कार्य समिति सदस्य ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री को अब इन लोगों को सबक सिखाना चाहिए, ताकि यह गतिविधि दोबारा ना हो सके। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने कहा यह जो जाति पूछकर हमला कर रहे हैं, हिंदुओं को मार रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ मेरी मांग है की कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो तथा ऐसे लोगों को बक्सा नहीं जाना चाहिए। वहीं भाजपा नेत्री हिना दुबे ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री से कहना चाहती हूं कि अब बैठकें और मोमबत्तियां जलाने का समय हुआ समाप्त अब तो इन लोगों को घर में घुसकर मारना चाहिए। इस मौके पर जिला मंत्री रिंका ने कहा कि इन लोगों को गोली मार देनी चाहिए। वहीं दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि मेरी प्रधानमंत्री से मांग है कि इन जैसे लोगों को बीच चौराहे पर लाकर फांसी देनी चाहिए। इस मौके पर शिवम राजपूत, प्रसनजीत कटियार, सतीश माहौर, नित्य प्रकाश वर्मा, मनोज हलवाई समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



कैंडिल मार्च निकालते भाजपा नेता

# बृषभ कंध उर बाहु बिसाला। चारु जनेउ माल मृगछाला॥



**परशुराम जयंती पर विशेष**

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम विवाह के दौरान धनुष टूटने पर परशुराम को देखकर सब राजा सकुचा गए, मानो बाज के झपटने पर बटेर लुक छिप गए हों। गोरे शरीर पर विभूति भस्म बड़ी फब रही है और विशाल ललाट पर त्रिपुंड विशेष शोभा दे रहा है। सिर पर जटा है, सुंदर मुखचंद्र क्रोध के कारण कुछ लाल हो आया है। भौंहें टेढ़ी और आंखें क्रोध से लाल हैं।



**धीरज पाण्डेय**

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश सचिव धीरज पाण्डेय ने बताया कि भगवान परशुराम हम सबके आराध्य है। देश के अनेक स्थानों पर भगवान जमदग्नि के तपस्या स्थल एवं आश्रम है। माता रेणुका के अनेक क्षण है। हम उनके जन्मोत्सव को लेकर उत्साहित है। 30 अप्रैल को बद्री विशाल महाविद्यालय पहुंचकर हवन पूजन के साथ शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।



**डा0 वैभव पाठक**

चिकित्सक एवं रेडियोलॉजिस्ट सूरज डायग्नोस्टिक्स के डायरेक्टर डा0 वैभव पाठक ने बताया कि भगवान परशुराम पुरुषों के लिए आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। साथ ही नारी जाति के उत्थान के लिए सचेत रहते हुए लोपा मुद्रा व अकृटवट के सहयोग से नारी जागृत अभियान का संचालन किया। भगवान परशुराम साक्षात वीरता के उदाहरण है।



**सुभ्रा पाठक**

एसपीजी आर इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुभ्रा पाठक ने बताया कि महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र परशुराम भगवान विष्णु के छठवे अवतार के रुप में जाने जाते है। भगवान परशुराम अपने पिता के अज्ञाकारी पुत्र थे। उन्होंने पिता के कहने पर अपनी माता की गर्दन धड़ से अलग कर दी थी। वह आज्ञाकारी थे। हम सबकों भगवान परशुराम से सीख लेनी चाहिए।

# देवांशी का आईएएस बनने का सपना हुआ पूरा, परिवार जश्न में डूबा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव नरैनामऊ के मूल निवासी प्राथमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक कौशल किशोर सक्सेना के पुत्र अखिलेश चंद्र सक्सेना की पुत्री देवांशी ने यूपीएससी परीक्षा में 124वीं रैंक हासिल कर अपना आईएएस बनने का ख्वाब पूरा किया। आईपीएस अखिलेश चंद्र सक्सेना जो कि वर्तमान में बरेली में तैनात हैं की पुत्री देवांशी शुरू से ही पढ़ाई में काफी होशियार थी। उसने बचपन में ही आईएएस बनने का जो ख्वाब देखा उसे उसने हासिल कर लिया। देवांशी ने कहा कि उसका मकसद आईएएस बनकर देश सेवा करना है। उन्होंने कहा कि वे अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार को देती हैं। जिनकी प्रेरणा और प्रोत्साहन से यह कामयाबी हासिल हुई है।

अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद देवांशी ने श्रीराम लेडी कॉलेज दिल्ली से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद आईआईटी अहमदाबाद से उन्होंने परास्नातक किया। देवांशी की इस उपलब्धि मां सुजाता और बीटेक कर जॉब कर रहे भाई अक्षत सक्सेना भी खुशी से झूम उठे। उनके पैतृक गांव नरैनामऊ में जैसे ही यह खबर उनके बाबा कौशल किशोर को मिली उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा। उन्होंने गांव में मिठाई बताकर अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने बताया कि उनके चार पुत्र है। जिनमें से सबसे बड़े बेटे विष्णु कांत सक्सेना का निधन हो चुका है वह भी सरकारी कॉलेज में प्रधानाचार्य रह चुके थे। इनके अलावा धर्मेंद्र चंद सक्सेना चीफ कैमिस्ट पद पर तीसरे नंबर के अखिलेश चंद आईपीएस है और चौथे नंबर की अरुणेश चंद्र सक्सेना हरियाणा सरकार में चीनी मिल में चीफ कैमिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि अब वह अकेले की ही अपने पैतृक घर में रह रहे। उन्होंने कहा कि देवांशी ने पूरे घर का सपना साकार कर दिया है।



देवांशी को मिठाई खिलाते परिजन

# आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने की। कार्यक्रम में शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. अंजना दीक्षित ने कहा ऐसी घटनाएं समाज को झकझोर देती हैं, लेकिन यह भी याद दिलाती हैं कि हमारी एकजुटता और संवेदनशीलता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कॉलेज प्रबंधन की ओर से श्रद्धांजलि संदेश प्रेषित किया गया। जिसमें कहा गया हम इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हैं और शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। यह समय एकजुटता और मानवता के मूल्यों को सहेजने का है। शोक सभा पर डॉ. अंजना दीक्षित, डॉ. नितु श्री, डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ. निरंजन एस, डॉ. रतीश वी.वी., डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र गौड़, डॉ. सीबा प्रसाद मिश्रा, डॉ. विघ्नेश्वर मिश्रा, डॉ. शिव ओम दीक्षित, डॉ. संकल्प सिहं, डॉ.अविधा सिंह, डॉ. मनीष उपाध्यय, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. विकास, डॉ. रेशमा, डॉ. समर्पिता, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. आनन्द बाजपेई, डॉ. अरीब, डॉ. पीयूष, डॉ. कविता, डॉ. सुहेबा, डॉ. रसना, डॉ. मधु रंजन आदि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।


शहीदों को श्रद्धांजलि देते प्रशिक्षु चिकित्सक व कॉलेज स्टाफ

# अर्पिता व प्रबल भारद्वाज का सब जूनियर स्टेट प्रतियोगिता में हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुड़गांव देवी निकट गायत्री इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 10वीं छात्रा अर्पिता भारद्वाज व कक्षा 5 के छात्र प्रबल भारद्वाज का चयन चौक स्टेडियम लखनऊ में 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक होने वाली राज्य स्तरीय सब जूनियर व कैडेट्स जूनियर स्टेट कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दो खिलाड़ी अपनी टीम के साथ रवाना हो गये। स्कूल चेयरमैन मनोज अग्रवाल, डायरेक्टर देवांश अग्रवाल, प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बधाई दी। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि यह सब बच्चों के कोच की मेहनत है। कोच पारस भारद्वाज ने कहा यह सब स्कूल के सपोर्ट करने के कारण हो पाता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। जिससे मानसिक स्थिति व शारीरिक स्थिति दोनों मजबूत होती है। पारस भारद्वाज ने बताया कि अर्पिता व प्रबल के साथ पाखी सक्सेना, उमंग, अभय, शौर्य, ऋतिक, सुनदम, देव, रिद्धि, वेष्णवी वर्मा, वैष्णवी चतुर्वेदी, तनिष्का, श्रेष्ठ, चेतन, वेदांत, सक्षम, आरव रस्तोगी भी प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं। एसोसिएशन के सचिव पारस भारद्वाज ने टीम को बधाई दी है।



अर्पिता भारद्वाज व प्रबल भारद्वाज


## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम BEER BATI व जन्मतिथि 07.08.1977 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम VEERVATI व जन्मतिथि 01.01.1983 है। VEERVATI W/o of Army/JC No-JC482438N, रैंक-सूबेदार, नाम-हरमुख सिंह, यूनिट 16 राजपूत, निवासी ग्राम-गुहाना, जिला-भरतपुर, राज्य-राजस्थान-321203, द्वारा शपथ पत्र नंबर-46AA063435, दिनांक-23.04.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।


# विश्व पृथ्वी दिवस पर औषधीय पौधों का हुआ रोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में द्रव्यगुण विभाग द्वारा औषधीय पौधों का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 2024 बैच के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वृक्षारोपण के दौरान तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, नीम आदि जैसे अनेक औषधीय पौधे लगाए गए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने इस अवसर पर कहा पृथ्वी हमारे जीवन का मूल आधार है। हमें इसके संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। आयुर्वेदिक पौधों का रोपण न केवल स्वास्थ्य बल्कि पर्यावरण के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उप प्राचार्या द्रव्यगुण विभाग की प्रोफेसर डॉ. नीतूश्री ने कहा आज की पीढ़ी को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाना अति आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में सेवा, संरक्षण और संवेदनशीलता की भावना विकसित होती है। द्रव्यगुण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शीलू गुप्ता ने बताया यह कार्यक्रम छात्रों को आयुर्वेदिक औषधियों की महता समझाने और उन्हें धरातल पर उतारने का प्रयास है। ये पौधे न केवल चिकित्सकीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा आयुर्वेद की परंपरा को सशक्त रूप से आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर डॉ. अंजना दीक्षित, डॉ. नीतूश्री, डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ. निरंजन एस, डॉ. रतीश वी.वी., डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र गौड़, डॉ. सीबा प्रसाद मिश्रा, डॉ. विघ्नेश्वर मिश्रा, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. अविधा सिंह, डॉ. मनीष उपाध्यय, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रेशमा, डॉ. समर्पिता, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. आनन्द बाजपेई, डॉ. अरीब, डॉ. पीयूष, डॉ. कविता, डॉ. सुहेबा, डॉ. रसना, डॉ. मधु रंजन आदि शिक्षक एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।


वृक्षारोपण करते छात्र/छात्रायें तथा चिकित्सक

# संविलियन विद्यालय कमालगंज में सड़क सुरक्षा जागरुकता की दिलायी गई शपथ



शपथ दिलाते स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संविलियन विद्यालय कमालगंज के प्रांगण में कक्षा 6, 7 और 8 की विद्यार्थियों के मध्य सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता के संबंध में विभिन्न टिप्स दिए तथा बताया कि सभी बच्चे अपने अभिभावकों को मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए अवश्य कहेंगे तथा सड़क पार करते समय यातायात के नियमों का पालन करें। दिव्यांगजन आईकॉन हुकुम सिंह ने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। हुकुम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों में अभिभावकों से बाइक चलाते समय हेलमेट पहने जाने की अपील करने को कहा और विद्यार्थियों को सड़क पर चलते समय हमेशा बाएं तरफ फुटपाथ पर चलने जागरुक किया। चार पहिया वाहन चलाने वालों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने की जानकारी दी। इस अवसर पर कदीर अहमद, तिलत अफरोज, जमीर अहमद सिद्दीकी, सुभाष चंद्र, सोनी आदि उपस्थित रहे।


## मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल बेवर रोड बघार जनपद फर्रुखाबाद द्वारा मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल गर्ल्स/बॉय हास्टल/मेस के लिए निविदा 24/04/2025 को समय 3 बजे आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/04/2025 से 27/04/2025 को 4:00 बजे अपरान्ह मेजर एस.डी. सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल खोली जाएगी। अनुभवी व जिनके पास कुशल कारीगर हो, वह सम्पर्क करें। डिप्लोमा धारक को वरीयता दी जायेगी। हॉस्टल से संबंधित नियम व शर्तों की जानकारी के लिए विद्यालय में स्थित कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ले सकते है।

**आज्ञा से**
**विद्यालय प्रबंधक/सचिव**
**सम्पर्क सूत्रः 9554964680**


# आवाजपुर तिराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने की मांग


एडीएम को ज्ञापन सौंपते क्षत्रिय करणी सेना के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षत्रिय करणी सेना ने जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा रोडवेज परिसर में लगाने का प्रस्ताव था, वह गलत है। उसके स्थान पर गुड़गांव देवी मंदिर के निकट आवाज तिराहे पर लगवाने की मांग की है। पिछले काफी वर्षों से क्षत्रिय करणी सेना द्वारा आवाजपुर तिराहा पर क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाये जाने की मांग की जा रही थी। जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकृति भी प्रदान की है। नगर में महाराणा की प्रतिमा लगाये जाने के आदेश जनपद के अधिकारियों को दिये थे, लेकिन कुछ अधिकारियों ने बस अड्डे के अन्दर प्रतिमा लगाये जाने का प्रस्ताव दिया, जो कि पूरी तरीके से गलत है। क्योकि बस स्टैण्ड के अन्दर दिनभर जाम लगा रहता है, गन्दगी रहती है और अगर प्रतिमा बस अड्डे के अन्दर लगती है तो प्रतिमा के दर्शन आम जनता नहीं कर पायेगी।

कुछ अधिकारी खाना पूर्ति करके बस अड्डे के अन्दर प्रतिमा लगाना चाहते है जो कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनादर माना जायेगा। प्रदेश में जहां-जहां महाराणा प्रताप की प्रतिमायें लगी है वो सभी शहरों में तिराहे व चौराहे पर लगी है। ऐसे में आवाजपुर तिराहे पर ही महाराणा प्रताप की मूर्ति लगायी जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोहन सिंह, सुरेश सिंह, अंकित परिहार, गौरव, उदय सोलंकी, दिव्या राघव, अमित चौहान, शैलेन्द्र सिंह, अमित प्रताप सिंह, अंशुल राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता के आधार पर मिले इंटर के छात्रों को छात्रवृत्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित छात्रवृत्ति की विसंगति के लिए समाज कल्याण मंत्री को प्रधानाचार्य परिषद ने पत्र प्रेषित कर जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया गया कि विसंगति यह है कि स्कूल एडेड विद्यालय में छात्रों को छात्रवृत्ति मिलती है, लेकिन इंटर वित्तविहीन में प्रवेश लेने पर छात्रवृत्ति रोक दी जाती है। प्रधानाचार्य परिषद की मांग है जो हाई स्कूल तक एडेड हैं इंटर वित्तविहीन में प्रवेश लेने पर छात्रों को छात्रवृत्ति जारी रखनी चाहिए, इसके लिए प्रधानाचार्य परिषद मांग कर रहा है और समाज कल्याण मंत्री को भी पत्र भेजकर मांग उठायी है।

# नाली पर जाल न पड़ने से कनोडिया स्कूल की छात्रायें गिरकर हो रही है चोटिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद द्वारा जगह-जगह कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में स्कूलों व मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर नाली के ऊपर जाल डलवाये जाये, तो राहगीरों व आने जाने वाले व मंदिर के बाहर भक्तों एवं स्कूल के बाहर छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी और अनहोनी से बचा जा सकता है। खतराना स्थित मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज के बाहर आवारा गायों एवं सांड का कब्जा बना रहता है। साथ ही पास में रखे कूड़ेदान से गंदगी रहती थी, जिसे हटवाया गया। स्कूल के बाहर बनी नालियों में कई जाल टूटे व गायब है। जिससे छात्राओं को निकलने में असुविधा होती है। साइकिल का पहिया नाली में चला जाता है। कई छात्राओं के पैर जाने नाली में जाने के लिए चुटहिल भी हो गयी है। कई छात्राओं ने बताया कि साइकिल खड़ी करने के दौरान आपस में गाय व सांड लड़ जाते है। जिससे छात्राओं की साइकिल नाली में गिर जाती है व आने जाने के दौरान भी छात्राओं के पैर भी नाली में चले जाते है और गिरकर चुटहिल हो जाते है। ऐसे में नगर पालिका संज्ञान में लें और कनोडिया स्कूल के बाहर नाली के ऊपर जाल डलवाये। जिससे छात्राओं को कोई क्षति न हो। इस संबंध में विद्यालय के प्रबंधक व शिक्षिकाओं ने बताया कि जाल डलवाने के लिए नगर पालिका को कहा है, लेकिन कोई वहां से कोई जबाव नहीं मिला है और न ही अभी तक जाल डलवाने की प्रक्रिया शुरु हुई है। ऐसे में नाली के ऊपर जाल न पड़ना अपने आप में प्रश्न चिन्ह है।


## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल छिबरामऊ, जनपद कन्नौज

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल छिबरामऊ, जनपद कन्नौज द्वारा जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल छिबरामऊ में मेस के लिए निविदा 24/04/2025 को समय 3 बजे आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/04/2025 से 27/04/2025 को 4:00 बजे अपरान्ह जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल छिबरामऊ खोली जाएगी। अनुभवी व जिनके पास कुशल कारीगर हो, वह सम्पर्क करें। डिप्लोमा धारक को वरीयता दी जायेगी। मेस से संबंधित नियम व शर्तों की जानकारी के लिए विद्यालय में स्थित कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ले सकते है।

**आज्ञा से**
**विद्यालय प्रबंधक/सचिव**
**सम्पर्क सूत्रः 8874593193**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रोशनाबाद विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः01/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 23/04/2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रोशनाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24/04/2025 से 30/04/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 30/04/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गब्बर के घर से रामप्रकाश के घर तक रिटेनिंग दीवाल व सीसी निर्माण कार्य | 4.38 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | लड़ैते की जगह से राधे के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 3.14 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | प्रेमचन्द्र की दुकान से अजीत की दुकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 2.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | संजीव के वाड़े से मैन रोड तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 1.42 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान (पुष्पांजली) ग्रा0पं0 रोशनाबाद, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)**


# गर्मी को देखते हुए विद्यालय का समय हुआ परिवर्तित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अत्यधिक गर्मी के कारण प्रधानाचार्य परिषद ने प्रातः 7:30 से 12:30 तक विद्यालय संचालन करने का अनुरोध जिला विद्यालय निरीक्षक से किया था।

> इंटर कालेजों में भी समय में होगा शीघ्र परिवर्तन

जिसको देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय का समय परिवर्तन करने की संभावना बतायी है। जिसका अनुपालन एक दिन बाद हो सकता है। वहीं कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक, सरकारी व गैर सरकारी एवं इंग्लिश मीडिया स्कूलों में आदेश जारी कर दिया गया है। जिसका अनुपालन 24 अप्रैल से मान्य हो गया है।

# उमर अब्दुल्ला का फूंका पुतला, मृतक पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

> पाकिस्तान को घर में घुसकर मारने की प्रधानमंत्री से की गई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पहलगांव में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की जान चली गई। जिसको लेकर पूरे देश में उबाल है। देश के हर कोने में विरोध प्रदर्शन जारी है। बुधवार शाम को शहर के लाल दरवाजे पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध संगठन नियंत्रण के प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडेय के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का पुतला दहन किया गया। साथ ही इस कृत्य की कड़ी निंदा की गई। धीरज पांडे ने कहा कि यह जो घटना हुई है बहुत ही निंदनीय घटना है। मृतक परिवार को कम से कम 25-25 लाख रुपए दिए जाएं और तत्काल प्रभाव से वहां राष्ट्रपति शासन लगा कर पाकिस्तान पर बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की जाए। जिसमें कमसे कम 500 पाकिस्तानी आतंकवादी मारे जाएं, तभी प्रतिशोध पूरा होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को मारा जाये, जिससे मृतकों की आत्मा की शांति मिल सकें। हिन्दू महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कहा कि हम सबको एक रहने की जरुरत है। हिन्दू अगर बटेगा तो इसी तरह कटते रहेंगे। एक होकर आतंकवादियों के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मजबूत करें। मेरी मांग है कि शीघ्र आतंकवादियों का खात्मा किया जाये। अखिलेश अग्निहोत्री व भईयन मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किये। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष टिंकल यादव, व्यापार मण्डल की महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा, अम्बरीश महाराज, कोमल पाण्डेय, सौरव गुप्ता, गोपाल सक्सेना, नारायण दत्त द्विवेदी, संजय कटियार, राजेश यादव, राजीव चतुर्वेदी, दिनेश यादव, अतुल मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, विमलेश मिश्रा, अभिषेक बाजपेई, प्रियांशु शाक्य, मनीष यादव, चंदन मिश्रा, दिनेश यादव, अंकित गुप्ता, राहुल जैन, बिटाना चौहान, अंकित तिवारी, नारायण द्विवेदी, अमन दुबे, सौरव शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।


मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते लोग

# सीओ व एसओजी टीम ने छापा मार एक दर्जन सटोरी पकड़े

> कईयों को मोटी रकम लेकर थाने से छोड़ा
> फैजबाग चौकी प्रभारी के संरक्षण में फल फूल रहे हैं सटोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद में लंबे समय से चल रहे सट्टे के अवैध कारोबार को रोकने हेतु एसओजी व सीओ अमृतपुर की संयुक्त टीम ने रात्रि के समय नगर में सट्टा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक दर्जन सट्टा लगवाने वाले सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें कुछ बाल अपचारी भी थे। थाना पुलिस को इस कार्यवाही की भनक तक नहीं लग पाई। पूरी कार्यवाही बहुत ही गोपनीय तरीके से रही। नगर में स्थित मोहल्ला दारुद गिरा से रामबाबू राठौर व कश्मीर सिंह यादव, मोहल्ला मीरा दरवाजा से सलमान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया है कि आधा दर्जन से अधिक सट्टा माफियाओं को एक मोटी रकम लेकर थाने से छोड़ दिया गया है। सटोरियों का मुख्य सरगना सुनील कुमार उर्फ मुनीम निवासी बेवर फरार हो गया। जिसे पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के हाथ बड़ी नगदी लगने की चर्चा है। उच्चाधिकारियों को पुलिस गुमराह कर लगातार सट्टा माफियाओं को संरक्षण देकर सट्टे का काला कारोबार को बढ़ावा दे रही है। पकड़े गये सटोरियों की माने तो शमशाबाद थाने में महीना पहुंचाया जाता है।

यही हाल चौकी फैजबाग क्षेत्र में भी सट्टे का कारोबार चौकी प्रभारी के संरक्षण में खूब फल फूल रहा है। मामला पुलिस से संबंधित है इसलिए कोई भी व्यक्ति जानते हुए भी मुह खोलने को तैयार नहीं है। कार्यवाही के दौरान सीओ अमृतपुर अजय वर्मा, एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी, सर्विलांस प्रभारी दीपक राजपूत, कमालगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार, रजत चौधरी, विश्लेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।


पुलिस हिरासत में आरोपी


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद्- कायमगंज, कायमगंज-फर्रु0।

पत्रांकः- 57/न0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2025-26 — दिनांक 11/04/2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश सं0 8/4290/320(3)/15वां वि0आ0/ 2023-24 लखनऊ दिनांक 21 फरवरी 2024 द्वारा मु0रु0 4977199/- एवं शासनादेश सं0 8/4470/320 (3)/15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 16 मार्च 2024 द्वारा मु0रू0 4977199/- द्वारा प्राप्त धनराशि से कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के पत्र संख्या-1157/ इक्कीस-वि0/एल0बी0सी0/2024-25 दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 द्वारा निम्न निर्माण कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके लिए ई-निविदा नगर पालिका परिषद् कायमगंज में वर्ष 2024-25 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 23.04.2025 समय प्रातः 10: 00 बजे से दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पालिका परिषद् कायमगंज द्वारा संचालित खाता संख्या-11233380100, IFS Code SBIN0000661 भारतीय स्टेट बैंक कायमगंज में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमा कर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे** तक कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 30.04.2025 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पा0परि0का0/2024-25 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 23.04.2025 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 30.04.2025 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bods | 30.04.2025 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Palika Parishad Kaimganj, Farrukhabad |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज**
**जनपद फर्रुखाबाद।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में अर्जन सिंह स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा

# दुनिया देखेगी आतंकियों को भारत का जवाब

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकियों को सीधे ललकारते हुए कहा कि नापाक साजिश रचने वालों को ऐसा जवाब दिया जाएगा कि दुनिया देखेगी। भारत ऐसे हमलों से कतई नहीं डरेगा और हम पर्दे के पीछे छिपे लोगों को भी मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के चलते भारत इस हमले की साजिश की तह तक जाएगा और हम जोरदार तरीके से जवाब देंगे।

### ▶ आतंक के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी : रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री बुधवार शाम को नई दिल्ली में अर्जन सिंह स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल पहलगाम में धर्म को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों के कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस घोर अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे शोक और दर्द में डुबो दिया है। उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वो कदम उठाएगी, जो जरूरी और उपयुक्त होगा। हम सिर्फ उन्हीं लोगों तक नहीं पहुंचेंगे, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। हम उन तक भी पहुंचेंगे, जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर हिंदुस्तान की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं। भारत पुरानी सभ्यता वाला इतना बड़ा देश है, जिसे ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता। ऐसी हरकतों का जवाब इसके जिम्मेदार लोगों को आने वाले कुछ ही समय में जोरदार तरीके से नजर आएगा कि दुनिया देखेगी।

### भारतीय वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह का का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारत की वायुसेना देश की सुरक्षा में तत्पर है, उसे देखकर हर भारतवासी निश्चिन्त रहता है। हमें इस बात का संतोष रहता है कि आपकी छाया में देश पूरी तरह सुरक्षित है। भारतीय वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह अपने दौर के एक दूरदर्शी सैन्य नेता थे, उनका दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है। आज भी वह भारतीय वायुसेना के लिए और हमारे युवाओं के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उनकी जीवनी आपके लिए बहुत प्रेरक है, जो आने वाली कई उपलब्धियों को प्रेरित करेगी। इतिहास में ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो इतिहास का हिस्सा भी होते हैं और इतिहास का निर्माण भी करते हैं। अर्जन सिंह जी उनमें से ही एक थे। उन्होंने कहा कि 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में उनकी भूमिका से हम सब परिचित हैं। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व का ही नतीजा था कि महज एक घंटे के अंदर भारतीय वायुसेना ने दुश्मन के खिलाफ जवाबी हमला शुरू कर दिया था। इस महत्वपूर्ण युद्ध में उनके अविश्वसनीय नेतृत्व और विशिष्ट सेवा के लिए अर्जन सिंह को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। बाद में 1966 में चीफ ऑफ एयर स्टाफ को प्रमोशन देकर उन्हें एयर चीफ मार्शल बनाया गया और अर्जन सिंह भारतीय वायुसेना के इतिहास में इस प्रतिष्ठित पद पर प्रमोशन होने वाले पहले अधिकारी बने। राजनाथ सिंह ने भरोसा जताया कि हमारी वायुसेना अपनी दुर्जेय विरासत को हमेशा बनाए रखेगी। अर्जन सिंह जी जैसे हमारे पूर्वजों का सपना पूरा करते हुए आने वाले समय में दुनिया की सबसे सशक्त वायुसेना के रूप में उभरेगी। हमारी सरकार भी भारतीय वायुसेना के परिवर्तन को लेकर प्रतिबद्ध है।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का निधन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का हृदयघात से निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। उन्होंने वर्ष 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। स्टैकपोल ने ऑस्ट्रेलिया के 43 टेस्ट मैच खेले और सात शतक के साथ 2087 रन बनाये। इसके साथ ही उन्होंने लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में 15 विकेट भी लिये। उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 207 रन 1970 में गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ बनाये। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 55.21 की औसत से तीन शतक बनाये। इयान चैपल की कप्तान में 1972 की एशेज में उन्होंने 53.88 की औसत से 485 रन बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टैकपोल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कुल मिलाकर 10,100 रन बनाए और 148 विकेट लिए। वे एक प्रमुख टीवी और रेडियो कमेंटेटर भी रहे।

## पहलगाम हमला देश की एकता-अखंडता पर प्रहार का दुस्साहस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे अत्यंत संतापजनक और देश की एकता-अखंडता पर प्रहार का दुस्साहस बताया है।

होसबाले ने एक बयान में कहा, हम घटना में मृत हुए सभी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। यह हमला देश की एकता एवं अखंडता पर प्रहार करने का दुःसाहस है।÷ उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और संस्थाओं से अपील की कि वे सारे मतभेदों को भुलाकर इस हमले की भर्त्सना करें।

होसबाले ने सरकार से अनुरोध किया कि वह सभी पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए आवश्यक व्यवस्था करें। साथ ही, उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने के लिए शीघ्र उचित कदम उठाए। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हो गए हैं।

## सेफएक्सप्रेस ने गौतम बुद्धनगर में अल्ट्रा-मॉडर्न लॉजिस्टिक्स पार्क किया लॉन्च

समृद्धि न्यूज



**ग्रेटर नोएडा।** भारत की अग्रणी सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स कंपनी सेफएक्सप्रेस ने गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में अपने अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क का शुभारम्भ किया है। एनएच-334सी, जीटी रोड, बैरंगपुर, दादरी के महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित यह लॉजिस्टिक पार्क इस क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लॉन्च के अवसर पर सेफएक्सप्रेस के वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गौतम बुद्ध नगर में 2.5 लाख वर्ग फीट में फैला, इस अत्याधुनिक लॉजिस्टिक केंद्र में ट्रांसशिपमेंट और थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) की उन्नत क्षमताएं मौजूद हैं। इसे क्षेत्र में व्यवसायों की वेयरहाउसिंग और वितरण से जुड़ी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे तेज़ और अधिक कुशल सप्लाई चेन कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। क्रॉस-डॉक सेटअप 200 से अधिक वाहनों की एक साथ लोडिंग और अनलोडिंग कर सकता है। 80 फीट से अधिक की प्रभावशाली कॉलम-फ्री जगह लॉजिस्टिक्स पार्क के भीतर माल की बाधारहित आवाजाही सुनिश्चित करता है, जबकि 16-फीट चौड़े कैंटिलीवर शेड सभी मौसम में लोडिंग और अनलोडिंग की सुविधा प्रदान करते हैं। गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, जो अपने मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के लिए, विशेष रूप से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मशहूर है। परिधान कारखानों और निर्यातकों के अपने व्यापक नेटवर्क के कारण अक्सर इसे परिधानों का शहर कहा जाता है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दो दिवसीय असम दौरा स्थगित

**गुवाहाटी।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रस्तावित दो दिवसीय असम दौरा स्थगित हो गया है। यह जानकारी बुधवार को राजभवन सचिवालय ने दी है। राष्ट्रपति को 24 अप्रैल से असम के दौरे पर आना था। उन्हें शुक्रवार को यहां गुवाहाटी विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में शामिल होना था। राष्ट्रपति का कार्यक्रम स्थगित होने के बावजूद दीक्षांत समारोह समय पर आयोजित किया जाएगा। बुधवार को राज्यपाल सचिवालय ने बताया कि राष्ट्रपति भवन से एक संदेश मिला है, जिसमें कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में हुए हमले के कारण राष्ट्रपति का दौरा स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति को 24 अप्रैल की शाम दो सरकारी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए गुवाहाटी आना था। शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रसिद्ध नृत्यांगना सोनल मानसिंह को श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार सौंपने का कार्यक्रम था।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार किशोर हुआ घायल

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग रतेह चौराहा के पास बुधवार की शाम अनियंत्रित पिकअप चालक ने बाइक सवार को धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार किशोर व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के ईएमटी रोहित व पायलट दिलीप राजा ने बाइक सवार किशोर व युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने किशोर के बाएं पैर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी 17 वर्षीय संदीप कुमार पटेल व कुशियरा गांव निवासी 37 वर्षीय प्रमोद कुमार बाइक से किसी कार्य के लिए प्रयागराज जनपद के कोरांव बाजार गए थे और वापस घर लौट रहे थे की जैसे ही ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग रतेह चौराहा पर पहुँचे की पिकअप चालक अनियंत्रित होकर बाइक में धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार किशोर व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के कर्मी रोहित व दिलीप राजा ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने किशोर के बाएं पैर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी एसएसबी व पुलिस सतर्क

**महराजगंज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 27 से अधिक लोगों की मौत और कई के घायल होने की घटना के बाद पूरे देश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। हमले के बाद पहलगाम समेत पूरे क्षेत्र में सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में महराजगंज जिले की भारत-नेपाल 84 किमी खुली सीमा पर भी सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। एसएसबी और स्थानीय पुलिस के जवान सीमा पर आने-जाने वालों की सघन तलाशी ले रहे हैं। नेपाल से आने वाले लोगों के आईकार्ड चेक किए जा रहे हैं और उनके सामानों की जांच की जा रही है। डॉग स्क्वायड की मदद से वाहनों और बैगों की भी जांच हो रही है। सीसीटीवी कैमरों से भी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने वार्ता करने पर बताये सुरक्षा बलों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### भारतीय कंपनियां एआई के जरिए कारोबार में ला रहीं बदलाव




**मुंबई, समृद्धि न्यूज।** मुंबई में एसएपी नाऊ एआई टूर के तहत हुए कार्यक्रम में एसएपी इंडिया ने बताया कि अब भारत की कंपनियाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाकर अपने काम को और बेहतर बना रही हैं। एआई के प्रचार से वास्तविक दुनिया की ओर बढ़ते हुए, भारत की कंपनियाँ अब एआई को अपने कामकाज में शामिल कर रही हैं। एआई अब सीधे तौर पर कंपनियों की स्ट्रेटेजी और रोज़मर्रा के कामकाज का हिस्सा बन चुका है। इस वजह से 2025 को एआई के शानदार नतीजों वाला साल माना जा रहा है। एंटरप्राइज़ एप्लिकेशन्स और बिज़नेस एआई के क्षेत्र में प्रमुख कंपनी– एसएपी, मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से इस वर्ष यूरोप की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। भारत में यह 1996 से काम कर रही है और तब से लेकर अब तक इसने कई क्षेत्रों की कंपनियों के नवाचार और विकास को बढ़ावा दिया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, विप्रो, इंफोसिस, वहदम टीज़, ओला, वेकफिट, देहात और जैक्वार जैसे कई जाने–माने ब्रांड्स के साथ काम करते हुए एसएपी ने देश में आर्थिक रूप से बेहतर प्रभाव डाला है।

### पहलगाम आतंकी हमला के दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में टूरिस्टों पर हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इस घटना को कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय करार देते हुए कहा कि सरकार इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में टूरिस्टों पर जो आतंकवादी हमला हुआ है, वह बेहद कायरतापूर्ण घटना है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाना न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि यह देश की एकता और शांति को चुनौती देने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह स्वयं जम्मू–कश्मीर पहुंच गए हैं और हालात की निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी विदेश यात्रा बीच में छोड़ दी है और वापस लौट आए हैं। मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर कायम है और सरकार ने सुरक्षाबलों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं और हमले में शामिल आतंकियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए निर्देश दिए गए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने देशवासियों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### हिन्दू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं नें आंतकवाद का फूंका पुतला

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम मेंमंगलवार को जाति पूछ कर 26 पर्यटकों को गोलियां बरसा कर मौत की नींदसुलानेसेआक्रोशित हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं बुधवार को नगर के चिनिहवा चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान हुई सभा मेंवक्ताओं नेकहा, जाति पूछ कर निर्दोष पर्यटकों का बेरहमी सेकत्ल जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंनेकहा प्रधानमंत्री सेएक और सर्जिकल स्ट्राइक करानेकी मांग की। इस दौरान अमित सिंह नेत्र, सुनील सिंह, मंजूसाहू, पवनमालवीय, बालाजी, सुधीर गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा, संतोष शर्मा, हेमंत सिंह आदि रहे।

### पुलिस के प्रयास से बिछड़े दंपति हुए एक

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज ।** परिवार परामर्श केंद्र, महिला थाना महराजगंज के प्रयासों से दो विवादित दंपत्तियों के बीच आपसी मतभेदों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में यह मध्यस्थता की गई। परिवार परामर्श केंद्र में थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के नटवा निवासी तथा थाना पनेरा क्षेत्र के बहरामपुर निवासी दंपत्तियों के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए काउंसलिंग की गई। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और आपसी सहमति से सुलह समझौता कर लिया। दोनों दंपत्तियों ने एक–दूसरे पर भरोसा जताते हुए साथ मिलकर नवजीवन की नई शुरुआत करने का निर्णय लिया। परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आगे एक साथ रहने हेतु प्रेरित किया।

### एक किलो 50 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को उ.नि. राजेश कुमार द्वारा तलाश वांछित व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामहेत सरोज पुत्र गजराज निवासी ग्राम गुन्नौर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को कादूनाला पार्क के सामने पुरानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### तीन वर्ष से लगातार कार्यरत इकाईयों को किया जायेगा पुरस्कृत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़ ।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अथवा विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं के स्रोतों से न्यूनतम 3 वर्ष पुरानी स्थापित निरन्तर कार्यरत इकाईयों को मण्डल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि मण्डल स्तरीय प्रथम पुरस्कार धनराशि 15000.00, द्वितीय पुरस्कार धनराशि 12000.00 एवं तृतीय पुरस्कार धनराशि 10000.00 तथा राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार धनराशि 40000.00, द्वितीय पुरस्कार धनराशि 30000.00 एवं तृतीय पुरस्कार धनराशि 20000.00 शासन द्वारा निर्धारित है, जिसके लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदन करने हेतु आवेदन पत्र 5 मई तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सैंठा रोड, गौरीगंज, अमेठी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने–अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये तथा संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये।

## शास्त्रीय संगीत संस्कृति की धरोहर : विभा सिंह

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्रालय के प्रमुख आयाम उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के तत्वावधान में नगर के घंटाघर स्थित श्री माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज के सभागार में बुद्धवार को अपराह्न शास्त्रीय संगीत की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों द्वारा परफॉर्मेंस किया गया। जिसे नवांकुर संगीत समारोह के नाम से प्रदेश के सभी मण्डल मुख्यालयों में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह ने कहा कि संगीत कला मानवीय भावों की हृदयस्पर्शी अभिव्यक्ति है। यह हमारी अमूल्य धरोहर है, जो हमें विरासत के रूप में अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई है। भारत आदिकाल से ही अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता एवं परंपराओं के कारण विश्व पटल पर विशेष पहचान बनाए हुए है। देश में संस्कृति की मुख्य धरोहर शास्त्रीय संगीत ही है। अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा कि शास्त्रीय संगीत से भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। संगीत और संस्कृति का संरक्षण आज की जरूरत है। अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की विशेषता है। भारत में विविध धर्म, भाषाएं, बोलियां, रीति-रिवाज तथा भौगोलिक विभिन्नताएं हैं। कार्यक्रम में रेनू श्रीवास्तव, पूजा केशरी, प्रेम चंद यादव, नित्यानंद प्रसाद, हरिहर सिंह, सुरेश केशरी, नारासिंह राम, रमेश द्विवेदी, सुनील कुमार यादव, कुमारी सपना, गुंजा गुप्ता, हिमांशु, अंकित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक संजय सिंह ने किया।

### पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

**अमेठी।** जनपद के थाना क्षेत्र जामो अंतर्गत 2 दिन पूर्व हुई दलित शिवम कोरी की हत्या का जनपद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया है कि आशनाई के चक्कर में शिवम कोरी की हत्या की गई है। विदि हो कि दो दिन पूर्व हुई शिवम कोरी की हत्या में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त मान सिंह ने घटना को कबूल करते हुए पुलिस को बताया की कुछ दिन पूर्व शिवम द्वारा उनकी बेटी के साथ गलत नीयत से हरकतें की गई थी जिसके चलते पुलिस ने शिवम पर मुकदमा भी पंजीकृत किया था। परन्तु शिवम की आदतों में सुधार नहीं हुआ था। जिसके चलते हमारी बदनामी हो रही थी घटना के दिन अपने एक और साथी विकास यादव के साथ घटना को अंजाम देने के लिए साजिश के तहत विकास के द्वारा शिवम को मुर्गी फार्म पर शराब पिलाकर बेहोश किया। मौका पाकर बांके से शिवम के गले व शरीर पर कई जगह जान से मारने की नीयत से वार किया।

## पशु चिकित्सा शिविर में 153 पशुओं का किया गया उपचार



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** भारत-नेपाल बॉर्डर से लगे गांव सितलापुर में सशस्त्र सीमा बल की 22वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के निर्देशन में समवाय झुलनीपुर क्षेत्र में आयोजित हुआ।

शिविर का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी (पशु चिकित्सा) डॉ.सुशांत शाहाजी पारेकर ने किया। शिविर में कुल 153 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई और निःशुल्क दवाओं का वितरण हुआ, साथ ही पशुपालकों को पशु देखभाल और रोगों से बचाव की उपयोगी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट सी. विवेक, मुख्य आरक्षी विकास व विपिन कुमार फरतीयल सहित कई एसएसबी जवान और ग्रामीण मौजूद रहे। कमांडेंट ठाकुर ने बताया कि एसएसबी सामाजिक कल्याण हेतु सदैव तत्पर है और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### विंध्याचल : भूमिगत बिजली केबिल के चेंबर में लगी आग से हड़कंप

**विंध्याचल (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विंध्य कॉरिडोर योजना के अंतर्गत बनेभूमिगत बिजली चैंबर मेंबुधवार दोपहर मेंनई वीआईपी केमुख्य प्रवेश द्वार के पास अचानक सेआग धधकनेलगा। इससेकुछ देर के लिए अफरा–तफरी मच गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दिया। सूचना मिलते ही धाम फीडर की आपूर्ति तत्काल बंद किया गया। मौके परक्षेत्रधिकारी और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया। नई वीआईपी प्रवेश द्वार पर अंडरग्राउंड बिजली केबिल का चेंबर बनाकर पत्थर के पटिया सेढंका गया है। दोपहर में अचानक चेंबर सेधुंआ उठने लगा। हालांकि चेंबर मेंआग कैसेलगी अभी इसका पता लगाया जा रहा है।

## परिवार के सपने को किया साकार उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ सेलेक्शन

समृद्धि न्यूज



**अहरौरा (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के मंझवा गांव की रहने वाली विभा पुत्री राधा रमन पाण्डेय का उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद पर सेलेक्शन हुआ है।विभा के सिलेक्शन से परिवार में खुशियों का माहौल।

विभा ने इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा करने बाद महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से बी. एड करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस कॉस्टेबल का फार्म अपने बड़े भाई अधिवक्ता डी. राज पाण्डेय (राहुल) के कहने पर भरा और सेल्फ स्टडी करते हुए उसमें सफ्लता हासिल किया। 22 अप्रैल को विभा ने उत्तर प्रदेश पुलिस की मेडिकल परीक्षा पास कर लिया और विभा का पुलिस विभाग में सिलेक्शन होने पर परिवार खुशियों का माहौल छा गया। विभा के बड़े भाई ने बताया कि विभा ने वर्दी पहन कर परिवार का सपना पूरा किया है। उन्होंने बताया कि विभा बचपन से ही पढ़ाई में होनहार थी विभा ने उत्तर प्रदेश पुलिस में 2022 में निकले रेडियो हेड ऑपरेटर सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का भी लिखित परीक्षा पास कर चुकी हैं। विभा के चयन पर विश्व ब्राह्मण परिसंघ के जिलाध्यक्ष ए के त्रिपाठी ने बधाई दी है।

### आग में जलकर गृहस्थी राख

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के एक गांव में अज्ञात कारण से एक कच्चे मकान में लगी आग से घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आस पास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत रैकवार का पुरवा सारीपुर गांव निवासी डब्लू सरोज के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे घर में रखा हुआ गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया, आग की चपेट में आने से घर में रखा हुआ गैस सिलेंडर भी आज की लपेट में आ गया। जिससे सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आग की सूचना पर भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने निजी साधनों से आग को बुझाने का प्रयास करते हुए अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारियों ने घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### भ्रष्टाचार मामले में वरिष्ठ सहायक गोकुल प्रसाद पर एफआईआर दर्ज

**अमेठी।** मंगलवार को समाज कल्याण विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात गोकुल प्रसाद जायसवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार उन्मूलन अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। विदित हो कि जनपद के समाज कल्याण कार्यालय में गोकुल प्रसाद जायसवाल वर्ष 2010 से तैनात है। उसके विषय में समय-समय पर आम जनता से पैसे लेकर काम करने तथा अनुचित तरीके से सुविधा शुल्क लेकर अपात्रों को लाभ पहुंचाने की विभिन्न शिकायतें आम जनमानस तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त होती रही हैं। इनके द्वारा बरती गई अनियमितता की जांच हेतु तत्कालीन जिलाधिकारी अरुण कुमार ने निदेशक समाज कल्याण को वर्ष 2020 में कार्यवाही हेतु पत्र लिखा था और इस प्रकरण की जांच हेतु उपनिदेशक प्रयागराज मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया था तथा वर्ष 2024 में अखिलेश सिंह नामक शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में अवगत कराया है कि वर्ष 2017 में गोकुल प्रसाद जायसवाल ने बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका के पद पर कार्यरत अपनी पत्नी माधुरी जायसवाल के खाते में 30000 की धनराशि पारिवारिक लाभ योजना अंतर्गत अनुचित तरीके से अंतरित की थी।

## ए.डी. कन्या इंटरमीडिएट कॉलेज में कक्षा 9-12 की छात्राओं के बीच परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज



**फरेंदा, महाराजगंज।** फ़िटल मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ.संध्या ने ए.डी. कन्या इंटरमीडिएट कालेज फरेंदा में कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के बीच परिचर्चा कार्यक्रम की गई।

जनपद के केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के स्त्री रोग विभाग के अन्तर्गत आने वाले फ़िटल मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.संध्या ने जनपद के फरेंदा क्षेत्र के ए.डी. कन्या इंटरमीडिएट कालेज के कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के बीच जाकर उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी तथा आने वाली प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और नव्या इण्डिया फाउंडेशन द्वारा एक मुहिम संचालित की जा रही है, जिसके अन्तर्गत क्षेत्र के सभी कालेजों मे जाकर छात्राओं को उनके माहवरी, उम्र के साथ होने वाले बदलाव तथा विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी सुलभ हो सके और वह समय से बीमारियों की पहचान कर सके। फरेंदा के ए डी कन्या इंटरमीडिएट कालेज के कक्षा 9 से 12 की छात्राओं को फ़िटल मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.संध्या ने कहा कि इस समय मे विभिन्न प्रकार की जो समस्यायें होती हैं वह उम्र के साथ समान्य है, लेकिन मातृत्व के लिए यह एक अनमोल समय है।

चेयरमैन विनय श्रीवास्तव द्वारा इस मुहिम की शुरूआत की गयी है जो बालिकाओं के बेहतर भविष्य के लिए अति आवश्यक है। वह प्रति दिन अपने ओपीडी मे महिलाओं के बीच अनेक प्रकार की समस्यायें देख रही है, जो कि जानकारी के आभाव मे बेहद गंभीर विमारी को दावत दे रही है। इस उम्र मे बेहत देखभाल के साथ सही खान पान की जरूरत होती है। नव्या इण्डिया फाउंडेशन पहले ही क्षेत्र के अनेक गांवों मे माहवरी स्वच्छता जारूकता कार्यक्रम संचालित करती आ रही है। उक्त कार्यक्रम के दौरान कन्याओं ने डॉ. संध्या से विभिन्न् विषयों पर जानकारी प्राप्त की और अपने सवाल पूछें। संवाद के दौरान डॉ. संध्या द्वारा बालिकाओं को सही पोषण, माहवरी प्रबंधन,माहवरी के दौरान देखभाल पैड के प्रयोग सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय की प्रिंसिपल साक्षी द्विवेदी स्टाफ रुकसार खान,हिना खातून, शिवानी, तोशी, विमला सहित नव्या इण्डिया फाउंडेशन की रंजिता शर्मा, सुशीला कनौजिया आदि ने सहयोग किया।

### अदलपुर शीतला धाम गंगा घाट पर दो युवक गंगा मे डूबे

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** चुनार थानान्तर्गत अदलपुरा शीतला धाम घाट पर स्नान करते वक्त वाराणसी जिले के राजातालाब थाना क्षेत्र के गंगापुर बड़ी बारी निवासी16 वर्षीय राज व 13 वर्षीय विशाल अपने गांव के ही 5६6 साथियों के साथ शीतला धाम घाट पर गंगा में स्नान कर रहे थे की अचानक गहरे पानी में चले गए और दोनों लापता हो गए।

### सूचना

पंजाब नेशनल बैंक लाइफ इंश्योरेंस में मेरा नाम प्रवित कुमार सिंह छपा है जो पूरी तरह से गलत है। जो 9 जनवरी वर्ष 2020 का है। गलत नाम छपने से मुझे बहुत परेशानी हो रही है। मेरा वास्तविक नाम प्रवीण कुमार सिंह पुत्र सत्येन्द्र कुमार सिंह निवासी धनसीरिया राजगढ़ मिर्जापुर है।